ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 25 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 232 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

स्क्रीन पर दिखेगा कंगना रनौत का हॉरर ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### गोड्डा में मछली मारने गए दो युवकों की नदी में डूबने से मौत

**गोड्डा।** जिले के बसंतराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहरा टोला गांव के पंजाबी राय (35) और मुन्ना राय (32) गांव के ही शीतली नदी में शनिवार शाम मछली पकड़ने गए थे। इसी बीच एक मृत मवेशी आ कर फंस गया। दोनों उसे हटाने के लिए नदी में कूद गए। इसके बाद काफी देर तक निकल नहीं पाए। नदी से काफी देर तक बाहर नहीं आने पर पंजाबी राय का बेटा चिल्लाने। आसपास व ग्रामीण जुट गए। देर शाम होने के कारण रविवार सुबह दोनों का शव पुलिस की मौजूदगी में निकाला गया।

### गुमला में सड़क हादसे में दो की मौत, 4 घायल

**गुमला।** जिला अंतर्गत भरनो प्रखंड के चट्टी रोड महुवाटोली के पास रविवार शाम पांच बजे ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर हुई। इससे ऑटो पलट गया। दुर्घटना में बाइक सवार करंजटोली गांव निवासी मोहन उरांव (28) और ऑटो में सवार सिलाफारी गांव निवासी भोदो साहू (65) की मौत हो गयी, जबकि ऑटो में सवार तीन महिलाएं व बाइक में सवार एक अन्य युवक घायल हैं। सभी घायलों को भरनो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इनका इलाज चल रहा है।

### टाटा स्काई के नाम पर एक लाख की साइबर ठगी

**रांची।** जिले के बरवादाग निवासी रौशन लोहरा से शनिवार को एक लाख रुपये की साइबर ठगी की गयी। रौशन लोहरा वर्तमान में हेसल में रहता है। इस मामले में रविवार को रौशन लोहरा ने अनगड़ा थाने व साइबर थाना रांची में इसकी शिकायत की है। बताया जाता है कि शनिवार को भीष्मा लोहरा ने अपने बंद टाटा स्काई चैनल को चालू कराने के लिए कस्टमर केयर में बात की।

### झारखंड में कैश वैन की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी

**रांची।** बैंक, एटीएम सहित अन्य एजेंसियों के लिए नकदी लाने और ले जाने वाली कैश वैन की सुरक्षा को लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसमें कहा गया है कि प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी एक्ट 2005 के तहत रजिस्टर्ड सिक्योरिटी एजेंसी को ही बैंकों का कैश लाने-ले जाने के लिए नियुक्त किया जाना चाहिए, जो एजेंसी इस कानून के तहत पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें इसका कॉन्ट्रेक्ट नहीं मिलना चाहिए। कहा गया है कि कैश वैन में सुरक्षा के सभी इंतजाम होने चाहिए। प्रत्येक कैश वैन में एक चालक, दो हथियारबंद सुरक्षा गार्ड और दो एटीएम अधिकारी होने अनिवार्य हैं। कैश वैन पर तैनात कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन, केवाईसी तथा उनका पुराना रिकॉर्ड चेक किया जाना चाहिए। कैश वैन में जीपीएस होना अति आवश्यक है।

# पीएम मोदी ने रांची-हावड़ा एक्सप्रेस सहित 9 वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखा कर 9 वंदे भारत ट्रेन सेवा की शुरुआत की है। इनमें रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरई-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-रेनिगुंटा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन जल्द ही देश के हर हिस्से को कनेक्ट करेगी। देश में 25 वंदे भारत ट्रेनें पहले से ही चल रही हैं। अब उनमें नौ और ट्रेनें जोड़ी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात के लोगों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा मिलेगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 9 वर्षों में रेलवे सिस्टम में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। वंदे भारत ट्रेन के जरिये रांची-हावड़ा, पटना-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय इन गंतव्यों के बीच वर्तमान में उपलब्ध सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग एक घंटे कम हो जाएगा।

रांची से हावड़ा के बीच चलने वाली रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ,अन्य कम किराया वाली एक्सप्रेस ट्रेन से लगने वाले यात्रा समय से 1 घंटे कम समय में यात्रा पूरा करेगी। तरह ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### वंदे भारत का चलने व पहुंचने का समय

उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 7.50 बजे उदयपुर से रवाना होकर दोपहर 2.50 बजे जयपुर पहुंचेगी। राउरकेला-भुवनेश्वर पुरी वंदे भारत राउरकेला से सुबह 5 बजे चलकर उसी दिन दोपहर में 12.45 बजे राउरकेला पहुंच जाएगी। जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत जामनगर से सुबह साढ़े 5 बजे चलकर उसी दिन सुबह 10.10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। तिरुनेलवेली -मदुरई-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 6 बजे तिरुनेलवेली से निकलकर दोपहर 1.50 बजे चेन्नई पहुंचेगी। कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत ट्रेन कासरगोड से सुबह 7 बजे निकलकर दोपहर 3.05 बजे तिरुवनंतपुरम पहुंचेगी।

## वंदे भारत नवाचार, दक्षता और उत्कृष्टता का प्रतीक : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची-हावड़ा वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ के अवसर पर रविवार को रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री की एक ही सोच है, और वह है विकास। उनका लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी कड़ी में आज उनके द्वारा झारखंड से एक और वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ किया गया। राज्यपाल ने कहा कि "वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भारत की प्रगति और उसके रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह ट्रेन भारतीय रेलवे में नवाचार, दक्षता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 27 जून को भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया था। इसके बाद रांची सहित अन्य रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण की घोषणा की गई और अब "रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन" का सौगात दिया गया है। उन्होंने "वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन" को मूर्त रूप प्रदान करने में योगदान देने वाले सभी को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ सहित रेलवे के अधिकारी मौजूद थे।



### सप्ताह में छह दिन चलेगी वंदे भारत ट्रेन

सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि ट्रेन का सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा। ट्रेन मंगलवार को छोड़ कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन संख्या 20898 रांची से सुबह 5.15 बजे खुलेगी व मुरी, कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटा व खड़गपुर होते हुए हावड़ा पहुंचेगी। हावड़ा से ट्रेन संख्या 20897 दोपहर 3.45 बजे खुलेगी और रात 10.50 बजे रांची पहुंचेगी। ट्रेन में बुकिंग शुरू है।

## बरकाकाना-मुगलसराय रेल खंड पर अपराधियों का तांडव

# संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस में डकैती

### ट्रेन यात्रियों से नकदी, जेवर व मोबाइल समेत करीब दस लाख की लूट

### यात्रियों को बट से मारकर किया घायल

### बरककाना रेल थाना में हुई प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

बरकाकाना -मुगलसराय रेल खंड पर लातेहार -बरवाडीह स्टेशन के बीच संबलपुर -जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में भीषण डकैती कि वारदात हुई है। करीब एक दर्जन से अधिक हथियार बंद अपराधियों ने ट्रेन के स्लीपर बोगी एस -9 में घुसकर यात्रियों से नकदी, जेवर, मोबाइल एवं अन्य सामान समेत करीब दस लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान अपराधियों ने दहशत पैदा करने के लिए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### क्या कहते हैं रेल डीएसपी संजीव

रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा ने कहा की मामला दर्ज कर लिया गया है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापामारी की जा रही है। ट्रेन के पायलट के अनुसार लातेहार से खुली ट्रेन सीधे बरवाडीह में रुकी थी। बरवाडीह में मात्र दो मिनट ट्रेन रुकी। इस दौरान केचकी रेलवे स्टेशन पर सिग्नल हॉल्ट के लिए ट्रेन थोड़ी रुकी थी। बताया कि इस बीच कही चेन पुलिंग नहीं हुई है। डालटनगंज स्टेशन पहुंचने के बाद लूट कि जानकारी मिली।

### लोहरदगा में सो रहे परिवार पर गिरा मकान, पांच दबे, दो गंभीर

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के जीमा पंचायत के टिको बंडा टोली गांव में रविवार अहले सुबह करीब दो बजे जब गहरी नींद में सो रहे एक परिवार पर खपरैल मकान का छप्पर तथा दीवार गिर गया। इससे सभी छह ग्रामीण छप्पर तथा दीवार में दब गए। बताया जाता है कि दीवार के नीचे दबे एक युवक के द्वारा शोर मचाने के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे तथा सभी को बाहर निकालते हुए इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दो को रांची रिम्स तथा तीन को लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया जबकि एक का इलाज के बाद छुट्टी दे दिया गया है। घटना में घायल दो की हालत नाजुक बनी हुई है। टिको बंडा टोली निवासी बोधना मुंडा पत्नी बंधईन मुंडाइन पुत्र छोटू मुंडा, पुत्री छोटी कुमारी तथा उमेश मुंडा तथा पंचम मुंडा कच्चे खपरैल मकान में सो रहे थे। इसी बीच खपरैल मकान की छप्पर तथा दो तरफ की दीवार सो रहे परिवार के उपर गिर गया इस घटना में सभी लोग मकान में दब गए।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 99 रनों से हराया



### अश्विन-जडेजा के आगे कंगारूओं ने टेके घुटने

**एजेंसी। इंदौर**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 400 रन का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 9 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 56 रन बना लिए थे, लेकिन तभी बारिश ने मैच में खलल डाल दिया। करीब 1 घंटे बारिश के कारण खेल रुका रहा, जिसके बाद डकवर्थ लुईस नियम के तहत मैच को 33 ओवर का कर दिया गया है और ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य भी 400 से घटाकर 317 कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## महिला से एक करोड़ 12 लाख की ठगी मामले में चार गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस ने एक करोड़ 12 लाख की ठगी मामले में चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में नवादा बिहार निवासी ज्योतिष कुमार, मोहन कुमार, अजीत कुमार और सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली निवासी नीरज कुमार शामिल है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 85 एटीएम कार्ड, 23 स्मार्ट फोन, 18 बैंक पासबुक, एक मॉडम, करीब एक लाख रुपया नगद, दो कार, तीन बाइक, एक लाख 39 हजार नगद बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपराध शाखा एनार्कुलम केरल में 26 जुलाई को शोभा मेनन ने एफआईआर दर्ज कराया था। दर्ज एफआईआर में बताया गया था कि डेढ़ करोड़ की लॉटरी लगने के नाम पर कॉल कर महिला से एक करोड़ 12 लाख की ठगी की गई है।

अपराध शाखा एनार्कुलम केरल के पदाधिकारी और सुखदेव नगर थाना पुलिस एवं तकनीकी शाखा की संयुक्त टीम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## करम पर्व आज



करमा पूजा की पूर्व संध्या पर रांची में रविवार को कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### झारखंड की पंचायतों में 56 फीसदी पदों पर चुन गई हैं महिलाएं

# पहचान की लड़ाई लड़ रही है आधी आबादी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की ग्राम पंचायतों के लिए चुनी गईं महिला जनप्रतिनिधि कितनी सक्रिय हैं, यह परखने के लिए कुछ महीने पहले झारखंड के एक मीडिया हाउस ने दिलचस्प प्रयोग किया। मीडिया हाउस के प्रतिनिधियों ने राज्य के धनबाद जिले में 95 महिला मुखिया (प्रधान) के मोबाइल नंबरों पर कॉल किया। चौंकाने वाला नतीजा यह सामने आया कि इनमें से 84 महिला मुखिया का कॉल उनके पति, देवर, पुत्र या किसी अन्य रिश्तेदार ने उठाया। अधिकतर ने कहा...मैं मुखिया जी का पति। अन्य ने कहा...मैं मुखिया जी का देवर, मैं मुखिया जी का बेटा...बोलिए, क्या काम है? 95 में से सिर्फ 11 महिला मुखिया ऐसी थीं, जिन्होंने अपने मोबाइल पर कॉल खुद रिसीव किया। इनमें भी दो-तीन ने अपनी पंचायत में चल रही विकास योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इस बारे में उनके पति या उनके रिश्तेदार बेहतर बता पाएंगे, क्योंकि फील्ड का काम वही देखते हैं।









दरअसल, झारखंड के ज्यादातर ग्राम पंचायतों के कार्यों और विकास योजनाओं में महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी की कड़वी हकीकत यही है। राज्य में त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए कुल 50 फीसदी आरक्षण है।

पिछले साल अप्रैल-मई में राज्य में हुए चुनाव में पंचायती राज संस्थाओं के कुछ 63701 पदों में से करीब 40 हजार पदों पर महिलाएं चुनी गई हैं। पंचायत स्तर की राजनीति में महिलाओं की संख्यात्मक भागीदारी के हिसाब से यह आंकड़ा बेहद उम्मीद जगाने वाला माना जाना चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। महिला जनप्रतिनिधियों के नाम पर उनके पतियों या उनके घर के किसी प्रभावशाली पुरुष ही उनका कामकाज देखते हैं। झारखंड में महिला मुखिया (प्रधान) के पति को आम तौर पर एमपी यानी मुखिया पति या मुखिया प्रतिनिधि के रूप में पुकारा-पहचाना जाता है। ज्यादातर पंचायतों की बैठकों में महिला मुखिया की जगह उनके पति ही भाग लेते हैं। पंचायतों के फैसलों की कमान भी उन्हीं के हाथ में होती है।

यहां तक कि ब्लॉक, अनुमंडल और जिला स्तर पर प्रशासनिक पदाधिकारियों से मुलाकात करते हुए ये लोग अपना परिचय मुखिया के पति या प्रतिनिधि के रूप में देते हैं। झारखंड में पंचायत और प्रखंड स्तर पर शांति-व्यवस्था के लिए शांति समितियां भी होती हैं। वहां भी महिला जनप्रतिनिधियों के नाम पर उनके पति या परिवार का प्रभावशाली पुरुष सदस्य सक्रिय भूमिका में रहते हैं। हालांकि राज्य सरकार ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री के पत्र की समीक्षा करेगी ईडी

### साक्ष्य नहीं मिलने पर पीएमएलए के तहत हो सकती है कार्रवाई

### चार बार समन के बाद उपस्थित नहीं हुए हैं सीएम हेमंत

### डिविजनल बेंच में जाएगा मामला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर करने व ईडी को भेजे पत्र के बाद की स्थिति पर सोमवार को समीक्षा होगी। ईडी अधिकारी यह तय करेंगे कि आगे एजेंसी का क्या रूख होगा। एजेंसी के अधिकारियों को जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीएमएलए की धारा 50 व 63 की वैधता को चुनौती दी है। इन धाराओं को भारतीय संविधान के प्रतिकूल बता याचिका दी गई है। ऐसे में इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के डिविजनल बेंच में होगी। वहीं इन धाराओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में भी सुनवाई में अपना रूख स्पष्ट करते हुए वैधता स्वीकार की थी। ऐसे में ईडी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एकल संच ने मनाया द्वितीय राष्ट्रीय बिटिया दिवस, बच्चियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
एकल अभियान बेड़ो संच के तत्वावधान में रविवार को द्वितीय राष्ट्रीय बिटिया दिवस का आयोजन महादानी मन्दिर परिसर में किया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता एवं जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बेटी है तो कल है, इस सन्देश को समाज व देश में पहुंचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। बेटियों को अपने हक और अधिकार को बताकर उन्हें प्रोत्साहित करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चियों पर पुष्प बरसाया गया। साथ ही कार्यक्रम के अन्त में शामिल सभी बिटिया रानी को सम्मानित कर उन्हें फल एवं मिठाई दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संच प्रमुख वर्तमान सिंह, रूपरानी देवी, रीता देवी, मुनी लकड़ा, भोला महतो एवं एकल विद्यालय के आचार्य एवं बच्चियों का सराहनीय भूमिका रहा। मौके पर अर्जून सिंह, रांची जिला मुकेश कुमार राय संस्कार प्रमुख समेत कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक आम चुनाव संपन्न

# ज्योति कुमारी को मिले 1845 वोट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक आम चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। मतदान सुबह नौ बजे शुरू हुआ। चुनाव में कुल 45591 वोट पड़े। वहीं बैलेट पेपर से 2171 वोट पड़े, जहां ज्योति कुमारी को 1845 वोट पड़े। आदित्य मल्होत्रा को 1796 वोट पड़े. इसी तरह को राम बागंड़ को 1746 वोट, अमित शर्मा को 1744 वोट, किशोर मंत्री को 1723, प्रवीण लोहिया को 1687, राहुल साबू को 15389 समेत अन्य सदस्यों को वोट मिले। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और पवन शर्मा की देखरेख चुनाव संपन्न। परिणाम के बाद बैठक कर नयी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। आने वाले एक दो दिनों में चेंबर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस बार चुनाव का आयोजन मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। चेंबर चुनाव में इस बार 39 प्रत्याशी चुनाव में शामिल थे। चेंबर कार्यकारिणी में 21 सदस्य चुने जाते है, जो नयी कार्यकारिणी का कार्यभार संभालेंगे। कार्यकारिणी के साथ ही छह प्रमंडल में से चार में उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए हैं। इस बार दक्षिणी और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव होगा। दोनों प्रमंडल के लिये दो-दो सदस्यों ने नामाकंन किया था जिसके लिए चुनाव हुआ। वर्तमान में चेंबर की सदस्यता संख्या लगभग चार हजार है जिसमें कुल 3534 आजीवन सदस्य, 169 जेनरल मेंबर, 83 सम्बद्ध संस्था, 2 पैट्रोन और 10 कॉरपोरेट सदस्य हैं। सम्बद्ध संस्थाओं को 2 वोट का अधिकार भी प्राप्त है।

## शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**बेड़ो।** नेशनल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को महेंद्र शिशु विद्या मंदिर रिंग रोड, सुकुरहुटू, रांची में आयोजित छठे विद्यालय सह शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीण क्षेत्र में कम शुल्क पर बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर सामाजिक उत्थान में भूमिका निभाने वाले विद्यालय और उसके शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद आदित्य प्रकाश साहू ने कहा कि विद्यालय और शिक्षकों का सही मार्गदर्शन ही छात्रों का उज्जवल भविष्य तय कर सकता है। इसीलिए शिक्षकों को हमेशा ही सभी छात्रों को एक बराबर देख कर उन्हें अच्छी शिक्षा दें, जिससे वे छात्र अपने गांव समेत अपने शिक्षकों का नाम रोशन कर पाए। वही कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद आदित्य प्रकाश साहू ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहत शिक्षा प्रदान कर सामाजिक उत्थान में भूमिका निभाने वाले बेड़ो और मुरतो के विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो के सभी शिक्षकों को मोमेंटो एवं संचालक ललन कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव का निधन



**रांची।** राजद युवा के राष्ट्रीय महासचिव और ओडिशा प्रभारी विशु विशाल यादव का रविवार को रिम्स में निधन हो गया। तबीयत खराब होने के बाद उन्हें रिम्स लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।
राजद प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि विशु विशाल यादव के असामयिक निधन से शोक की लहर है। पूरा राजद परिवार मर्माहत और दुखी है। हम सब ने एक तेज तर्रार और युवा नेता खो दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख के विकट क्षण में ईश्वर उनके समस्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। उनके निधन पर राजद के झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह उपाध्यक्ष कल्पना देवी, श्यामदास सिंह, अनीता यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, रामकुमार यादव, हरदेव साहू,घनश्याम चौधरी, चंद्रशेखर भगत, साहिल साहनी,बिनोद भोक्ता सहित समस्त राजद परिवार ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोगो ने एक युवा नेता खो दिया जिसकी भरपाई संभव नहीं।

## सार्वजनिक दुगार्पूजा समितिः काल्पनिक पंडाल में विराजेगी मां दुर्गा, भव्य पंडाल का हो रहा निर्माण



**रांची।** रांची के जगन्नाथनगर सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति राजेंद्र भवन, सेक्टर-2 इस वर्ष काल्पनिक पंडाल बना रही है। समिति की ओर से इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष स्वराज मुखर्जी ने रविवार को बताया कि इस बार काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, चौडाई 120 फीट और लंबाई 20 फीट है। कुल लागत 6-7 लाख की है। 20 अक्टूबर को पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। 15 फीट की मूर्ति मूर्तिकार जगदीश पाल के जरिये बनाई जा रही है। पूजा में ढाकी पुरुलिया से आते हैं। साज-सज्जा और पंडाल साई डेकोरेटर्स, डोरंडा की ओर से किया जा रहा है। बंगाली परंपरा से यहां पूजा की जाती है।

# मूरी से रांची हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
मुरी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर रांची सांसद संजय सेठ एवं सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो जिला परिषद अध्यक्ष वीना चौधरी रेलवे के यार्ड मास्टर एस एस खान ने आदि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन से झारखंड की जनता को बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। इससे राज्य की आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद संजय सेठ ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन से लोगों खासकर टाटा, घाटशिला और हावड़ा जाने में काफी सहूलियत होगी। इससे समय की बचत के साथ खासकर विद्यार्थी, एंटरप्रेन्योर व व्यापारी वर्गों के लिए सफर काफी सुगम होगा। चीप यार्ड मास्टर एस एस खान ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन हफ्ते के 6 दिन चलेगी, बस मंगलवार को इसका परिचालन नहीं होगा। कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रलोजित कर एवं फुल बुके देकर स्वागत किया गया। संचालन राजेश कुमार रजक ने किया। विधायक सुदेश कुमार महतो के मुरी स्टेशन पहुंचने पर रेलवे अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया वहीं स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत की। दोपहर लगभग 1:40 पर जैसे प्लेटफार्म नंबर दो पर बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची। लोगों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद विधायक सुदेश कुमार महतो जिंदाबाद जमकर नारेबाजी करने लगे। इससे पूर्व झारखंड की राजधानी रांची के रांची स्टेशन से रांची हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर रविवार को रवाना किया। इस मौके पर मंडल चिकित्सा प्रभारी जे कछप, सहायक मंडल अभियंता एके तिवारी सहायक मंडल विद्युत अभियंता प्रभाकर राउत, स्टेशन मैनेजर पीके साहू वरिष्ठ अनुभाग अभियंता आर विश्वकर्मा, दीपक कुमार, वरिष्ठ कार्य अभियंता सुबोध पासवान, मुख्य मंडल परिचालन निरीक्षक आर सोरेन, सहायक सुरक्षा आयुक्त अजय शंकर आदि उपस्थित थे

### पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत का सेमिनार 26 को

## देश में पिछड़े मुसलमान राजनीति के शिकार हैं : मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि काउंसिल ने सेमिनार की तैयारी पूरी कर ली है। यह सेमिनार मंगलवार 26 सितंबर 2023 को दोपहर 12 बजे प्रेस क्लब में तय किया गया है। इस अवसर पर झारखंड राज्य के विभिन्न हिस्सों से पिछड़े मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और धार्मिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। समिति ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी प्रतिभागियों को निमंत्रण पत्र, फोन के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। पिछड़े मुसलमानों की समस्याओं से परिचित सभी समर्थकों ने कहा कि यूनाइटेड काउंसिल भारत की ओर से यह कार्यक्रम पिछड़े समाज की आवाज है। हम सभी इस सेमिनार में भाग लेना अपना सौभाग्य मानते हैं। इस अवसर पर अब्दुल्ला अजहर कासमी ने सभी संस्थानों, संगठनों, पंचायतों, राजनेताओं और धार्मिक नेताओं से अनुरोध किया है कि वे काउंसिल की आवाज का जवाब दें और अपनी अच्छी सलाह से प्रोत्साहित करें। और यह एक मानवीय जिम्मेदारी है कि आप भारत में रहने वाले सभी पिछड़े समुदायों को उनका वाजिब हक दिलाने में अहम भूमिका निभाएं।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार



**रांची।** रांची के कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की बाइक और स्कूटी के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मो आतिक उर्फ बुलेट बताया गया है। वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कोनका रोड का रहने वाला है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि जलजोगा रेस्टोरेंट के कर्मी सनातन सिंह सरदार ने कोतवाली थाने में बाइक चोरी होने की प्राथमिक दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि चोरी की बाइक को बिक्री करने शहीद चौक होकर रतन पीपी की ओर ले जाया जा रहा है।

### सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

# संगठन की मजबूती में युवाओं की अहम भूमिका : डा. राकेश किरण



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस पदाधिकारिगण एवं कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तरीय एक बैठक सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि संगठन में युवाओ को जोड़ा जाए। सभी प्रखंड पदाधिकारी गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना के संबंध जानकारी दें। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो उपस्थित थे। इस बैठक में निशाकर महतो, मनीराम दास, बलराम महतो, निताई महतो,प्रकाश मुंडा, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, सदानंद सोनार, त्रिलोचन महतो, युवा कांग्रेस विस उपाध्यक्ष महावीर महतो, उपेन्द्र गोंझू, सत्येन्द्र महतो, सचिव राकेश कुमार माझी, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, सोनाहातु प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, राहे प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा अहीर, प्रेम महतो, शिशुपाल पातर मुंडा, मनोज स्वांसी, गणेश स्वांसी, देवाशीष दत्ता, सावन चांद स्वांसी, सुनील कुमार महतो, श्रीप्रसाद बड़ाइक, आदि उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार,असुरक्षा व असावधानी आपके जीवन के लिए खतरनाक : थाना प्रभारी

**मांडर।** वरीय पुलिस अधिकारियों के निदेर्शानुसार मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के पहले थाना गेट के सामने एन. एच. 75 पर एन्टी क्राइम चेकिंग कराया गया जिसमे जो बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चालक थे, उन सभी को एवं थाना में उपलब्ध पुलिस बल के द्वारा थाना में उपलब्ध बैनर के साथ मांडर थाना परिसर से मिशन चर्च से वापस होते मांडर बाजार टांड़ होते पुनः पैदल चलते और लोंगो को जागरुक करते वापस थाना परिसर आया गया।थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने सभी बाईक चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि तेज रफ्तार,असुरक्षा एवं असावधानी आपके जीवन के लिए खतरनाकहो सकता है आप अपने जानमाल की सुरक्षा हेतू बाइक चलाने में हेलमेट हर हाल में पहने,उन्होंने नशापान करने के बाद किसी भी वाहन को नहीं चलाने की सख्त हिदायत दी गई।

# कार फ्री डे के उपलक्ष्य में साइकिल रैली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली।**
सन्डे समर्पण और स्वीच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सिल्ली राधिका मैदान में वर्ल्ड कार फ्री डे के उपलक्ष्य में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य था वायु प्रदुषण को कम करने के लिए साइकिल को बढ़ावा देना।सिल्ली रेफरल अस्पताल के डॉ बिनीता कुमारी एएनएम सुनंदा जायसवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रैली राज्यकीय कृत मध्य विद्यालय सिल्ली से प्रारंभ होकर राधिका मैदान में समाप्त हुई । मौके पर सन्डे समर्पण संस्था के कौशिक सरकार, चंदन विश्वकर्मा और स्वीच ऑन फाउंडेशन के महेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ ने किया भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ ने धूमधाम से भूमि पूजन किया गया। हर साल की भांति इस साल भी श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संग नीचे बजार गुदरी मां भवानी की पूजा अर्चना करने जा रही है। रविवार को भूमि पूजन बड़े धुमधाम से किया गया। इस मौके पर मौजूद समिति के अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार सिन्हा, सचिव गोपाल गुप्ता, मुख्य संरक्षक श्री राजू महतो, मुख्य सयोजक श्री नंद किशोर सिंह चंदेल, संरक्षक राजेश महतो, सुमन साहू, मृत्युंजय सिंह, सिवा भाटिया, रामअवतार प्रसाद, दयानंद प्रसाद, विनय कुमार सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष मनप्रीत सिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष रूपेश साहू, उपाध्यक्ष चंदन साहू, रोहित साहू, सहसचिव अनमोल सिंह, मीडिया प्रभारी रितेश गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ-साथ मुख्य रूप से लोअर बाजार थाना के प्रभारी दयानंद प्रसाद, मुनचुन राय, राहुल सिंह और भी मुख्य रूप से सैकड़ों कार्यकर्ता गन एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### अष्टमी महोत्सव नृत्य नाटिका का भव्य कार्यक्रम आयोजित

# भजन गायक ने अपने गायन से लोगों का मनमोहा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के सदस्यों ने रविवार को संस्था के द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे एवं श्री राधा अष्टमी महोत्सव और नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था ने पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हाल में बहुत ही धूमधाम मनाया। पूरे मंदिर परिसर को फूलों एवं गुब्बरों से सजाया गया था। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में दोपहर 12:30 बजे से श्री राधा अष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से 108 वां सप्ताहिक निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण रविवार 24 सितंबर 2023 को किया गया। भंडारे में लगभग 1500 श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आज संस्था ने भंडारे में पुडी, केसरीया खीर, जलेबी, भेजिटेबल पुलाव, आलु कद्दू टमाटर मिश्रित सब्जी एवम चिप्स के प्रसाद का वितरण किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के 37 वें सयुंक्त कार्यक्रम मे 37 वीं बार श्री राधा अष्टमी का सयुंक्त कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को उड़ीसा से आई हुई भजन गायक स्वर्ण रेखा महंता एव ग्रूप ने कलकता की रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया किया गया। कोलकाता से आये हुए रास मंडली के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत में राधा रानी का जन्म उत्सव राधा अष्टमी की छठी लीला कार्यक्रम का वर्णन नृत्य नाटिका सचित्र एवं भजनों के माध्यम से बहुत ही सुन्दर रूप से वर्णन किया। कोलकाता से आयी हुई रास मंडली के साथ भजनों का मधुर गायन संस्था के मनीष सोनी और ग्रूप एवं महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया, सिता शर्मा इनके अलावा और भी भजन गायक रास मंडली का भजन गायन में साथ दिया। आज श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के कार्यक्रम में रांची शहर की सभी समाजिक एवं धार्मिक संस्था के पदाधिकारी ने संस्था द्वारा सेवा प्रकरण ने जो कार्य हो रहे है उसकी बहुत ही तारीफ की। उन्होंने सेवा कार्य करने के कार्य हेतु संस्था के सभी सदस्यों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के सह-संरक्षक विजय जालान उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, ओमप्रकाश सरावगी, मनीष जालान, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, सुशील गाड़ोदिया, पवन अग्रवाल, कैलाश सिंघानिया, नवल अग्रवाल महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, बिमला जालान, शोभा जालान, सरीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल रेखा पोद्दार एव संस्था के ओर भी बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

## दल में छेद वाले बच्चों को रोटरी देगा गिफ्ट ऑफ लाइफ

**रांची।** रोटरी रांची और रोटरी रांची मिड टाउन, रांची नार्थ एवं रांची साउथ संयुक्त रूप से रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत दिल में छेद वाले बच्चों का ऑपरेशन कराएगा। एक माह से 18 वर्ष उम्र तक के वैसे बच्चे जिनके दिल मे जन्मजात छेद है या वॉल्व में सिकुड़न है, उनका इलाज कोच्ची (केरल) के प्रसिद्ध अमृता अस्पताल में निःशुल्क होगा। इसके लिए रांची के राज हॉस्पिटल में 3-4 अक्टूबर को ऐसे बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग एम्स कोच्ची के प्रसिद्ध डॉ ब्रजेश पी कोटाईल एवं उनकी टीम की ओर से की जाएगी। स्क्रीनिंग के लिए संबंधित बच्चे के अभिभावकों को पूर्व के इलाज के सारे कागजात, जांच रिपोर्ट, इकोकार्डियोग्राफ, ईसीजी और चेस्ट एक्सरे रिपोर्ट लेकर आना होगा। इस संबंध में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में रोटरी रांची के प्रवक्ता प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि रोटरी की ओर से बच्चों की ओपन हार्ट सर्जरी निःशुल्क कराई जा रही है।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची ने मनाया राधा कृष्ण जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के द्वारा राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राधा कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया राष्ट्रीय संपादिका अलका सरावगी , राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष अनसूइया नेवटिया, राष्ट्रीय सह सचिव रेखा अग्रवाल के द्वारा गणेश जी की आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा के सदस्यों द्वारा गए भजनों में मैया यशोदा तेरा कन्हैया- प्रीशि सरावगी, माधवी नारसरिया राधे कृष्ण की ज्योति अलौकिक- ललिता नर्सरिया मंजू लोहिया एक राधा एक मीरा-- रीता केडिया, बबीता नारसरिया, सीमा टांटिया, किरण अग्रवाल, अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम-- प्रीति अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, प्रीति केडिया, नेहा तुलस्यान, आज हरी आये विदुर घर पावना- रीता केड़िया, बबीता नारसरिया, प्रीति केडिया। अपने सुमधुर भजनों से अन्नू पोद्दार ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी एवं सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रमों की कोरियोग्राफी जिज्ञासा नारसरिया ने की जया विजावत द्वारा तैयार राधा एवं कृष्ण के जीवन से जुड़ी प्रश्नोत्तरी में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मंच संचालन का कार्यभार अलका सरावगी ने संभाला।बबीता नारसरिया, सीमा टांटिया , सुषमा पोद्दार ने सुंदर सजावट की। कार्यक्रम में सहयोग राशि विनीता टांटिया, शशि डागा, पूनम टेकरीवाल , जिज्ञासा नारसरिया की ओर से दी गई। राधा कृष्ण, लड्डू गोपाल को केक और मिठाई का भोग लगाकर आरती की गई सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद उठाया। बबीता गोयल के द्वारा आगामी राधाकृष्णन जन्मोत्सव की बुकिंग करवाने से उत्सव का आनंद और बढ़ गया।

### 56 वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव चतुर्थ दिवस का हुआ आयोजन

# ज्योति खन्ना ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मण्डल रांची के 56 वें वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव के चतुर्थ दिवस 24 सितम्बर 2023 रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम प्रभु का प्रातः में मंगल आरती के पश्चात नवीन वस्त्र व अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से 501 महिला एवं पुरुष द्वारा सुन्दर काण्ड का सस्वर पाठ किया गया तथ पश्चात 11 बजे से स्थानीय भजन मण्डलीयां श्री हनुमान मण्डल, रांची - श्री शिव भक्त मण्डल, रांची श्री श्याम संघ रांची ने एक से बढ़ कर एक भजनों की गंगा श्री श्याम प्रभु के चरणों में अर्पित किया जिससे मन्दिर में आए हुए भक्तगण भाव विभोर होने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को भक्तों द्वारा 501 सवामणी का भोग अर्पित किया गया साथ ही दो हजार भक्तों के सवामणी का पूर्ण प्रसाद ग्रहण किया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक ज्योति खन्ना ने पलकों का घर तैयार सांवरे, कीर्तन की है रात बाबा आज, कीर्तन करूं ऐसा की इतिहास बना, गर जोर मेरो चाले हीरा मोती, दरबार अनोखा सरकार अनोखी इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया साथ ही सम्पूर्ण दिवस मन्दिर में आए हुए भक्तगण के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। कार्यक्रम के अंत में श्याम मण्डल के मंत्री धीरज बंका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा रात्रि 10 बजे श्री श्याम प्रभु का महाआरती कर 56 वें श्री श्याम मोहत्सव का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद बगड़िया, प्रदीप अग्रवाल, लल्लू सारस्वत, सुदर्शन चितलांगिया, ज्ञान प्रकाश बागला, महेश सारस्वत, अमित जलान, गौरव शर्मा, नितेश लाखोटिया, लड्डू सारस्वत का विशेष सहयोग रहा।

### विहिप-बजरंग दल की बैठक में शौर्य जागरण यात्रा को सफल बनाने का संकल्प



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की रविवार को स्थानीय लोबिन बागान स्थित कार्यालय में हुई बैठक में विहिप और बजरंग द्वारा 28 सितंबर को आहूत शौर्य जागरणा रथ यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के विभाग सह सचिव कृष्ण कुमार झा ने की। बैठक में शैर्य जगरण रथ यात्रा की सफलता को लेकर रूपरेखा तय की गई। विहिप के खूंटी जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला मंत्री विशाल चंद्रा, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण जायसवाल, बजरंग दल संयोजक रोहित कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संतोष , सत्संग प्रमुख उमेश मांझी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### करम परब पूर्व संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम 'करम अखरा' का हुआ आयोजन

# करम परब की महत्ता व पौराणिकता के संबंध में लोगों को दी गयी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

करम परब पूर्व संध्या सांस्कृतिक संगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम 'करम अखरा' का दो दिवसीय आयोजन सांस्कृतिक कार्य निदेर्शालय (पर्यटन,कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग) झारखंड रांची के द्वारा अरगोड़ा मैदान, अरगोड़ा चौक, रांची में किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतिम दिन रविवार को संगोष्ठी के द्वारा पद्मश्री मुकुंद नायक, डॉ वंदना राय एवं डॉ शकुंतला मिश्रा ने अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। करम परब की महत्ता एवं पौराणिकता के बारे में सभी वक्ताओं के द्वारा विस्तृत रूप में बतलाया गया। इसके बाद लक्ष्मी नाथ महतो एवं दल रांची के द्वारा नागपुरी गीत एवं जानकी देवी एवं दल के द्वारा नागपुरी कर्म नृत्य, झिरगा भगत एवं दल, रांची के द्वारा उरांव करम नृत्य गीत, सत्यव्रत ठाकुर एवं दल सिमडेगा के द्वारा राटा नृत्य एवं करम नृत्य, विनय प्रकाश मुंडा एवं दाल रांची के द्वारा मुंडारी करम गीत नृत्य, सुषमा नाग एवं दल गुमला के द्वारा कडसा करम नृत्य, बसंत खरवार एवं दल, लातेहार के द्वारा करम नृत्य, रामदास बिरहोर एवं दल लातेहार के द्वारा बिरहोर करम गीत नृत्य, प्रेमिका असुर एवं दल गुमला के द्वारा असुर करम गीत नृत्य एवं दीपक लोहार एवं दल रांची के द्वारा नागपुरी नृत्य, नाटिका सुंदर प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन शैलजा बाला तथा कोरनीलुइस मिंज के द्वारा किया गया। कार्यकर्म में विशेष रूप से पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, महावीर नायक उपस्थित थे। अरगोड़ा के आसपास के दर्शक के साथ अनेकों गांव से आए कलाकार इस कार्यकर्म का आनंद लिया।

# 'राज्य के विकास में योगदान करने वालों की हत्या हो रही'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को हेमंत सरकार पर फिर गरजे। वे मझगांव में संकल्प यात्रा के तहत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी बेलगाम हैं। राज्य के विकास में योगदान देने वाले 23 कारोबारियों की पिछले छह महीनों में हुई हत्या पर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार नौ ऐसे व्यवसायियों की हत्या हुई है, जिन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की थी।



उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन इसकी सीबीआई से जांच कराएं कि आखिर किसकी लापरवाही से सुरक्षा नहीं मिली। यदि हेमंत सरकार जांच नहीं कराती तो 2024 में भाजपा सरकार में इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपराधियों को संरक्षण देती है। दलालों, लुटेरों को एके 47 धारी सुरक्षा गार्ड मिलते हैं। सीएम सिक्युरिटी में लगे जवान का एके 47 दलाल के घर बरामद होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों के संरक्षक मुख्यमंत्री के लिए होटवार जेल पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। ब्लॉक थाना,जिला कही भी जाएं बिना पैसे का मृत्यु प्रमाणपत्र, म्यूटेशन, राशनकार्ड नहीं बन सकता। पदाधिकारी खुलकर बोलते हैं रिचार्ज कराना पड़ता है। कोयला पत्थर बालू की लूट मची है। गरीब को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा लेकिन बालू माफिया झारखंड का बालू बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता भेज रहे और हेमंत सोरेन की तिजोरी भर रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर जब जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं तो वे सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट दौड़ रहे। बोलते हैं आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की हितैषी केवल भाजपा है। नरेन्द्र मोदी मंत्रिमंडल में 8 आदिवासी मंत्री हैं। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में पहली आदिवासी महिला देश का मार्गदर्शन कर रही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव गरीब किसान मजदूर महिला सभी वर्गों के विकास को समर्पित है। जब भाजपा कि देश और प्रदेश में सरकार बनती है तो विकास होता है और कांग्रेस झामुमो राजद की सरकार में लूट और भ्रष्टाचार होता है।

### सोमवार को पलामू में मुकेश सहनी की संकल्प यात्रा

**रांची।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) सुप्रीमो मुकेश सहनी बिहार, उत्तर प्रदेश के बाद अब झारखंड में निषाद आरक्षण की मांग को लेकर संकल्प यात्रा पर पलामू पहुंचेंगे। पटना से औरंगाबाद और इसके बाद पलामू में 12:30 बजे मुकेश का आगमन होगा। जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार में जनसभा को संबोधित करेंगे। हुसैनाबाद में सभा को संबोधित कर वो पटना लौट जाएंगे। बता दें कि मुकेश सहनी इस निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा में हाईटेक रथ पर सवार होकर बिहार, यूपी के बाद झारखंड में एंट्री करेंगे। उनकी सभाओं में मल्लाह समाज के लोग बड़ी संख्या में मुकेश के भाषण को सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान सहनी लोगों के बेहतर भविष्य, अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने को लेकर हाथों में गंगाजल लेकर संकल्प भी करवा रहे हैं।

# महानगर जगरनाथ नगरिये दुर्गा पूजा समिति का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। धुर्वा मेफेयर बैंकवेट हॉल में रविवार को महानगर जगरनाथनगरिये दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। धुर्वा थाना एवं जगरनाथपुर थाना के अंतर्गत 20 पूजा समितियों ने मिल कर नए समिति का गठन किया। रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों ने चुनाव कराते हुए नए समिति का गठन किया। समिति ने इंदरजीत सिंह को अध्यक्ष एवं रंजन यादव को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व केंद्र मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजित सहाय, महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव, राजन वर्मा,



नंदकिशोर चंदेल, प्रदीप वर्मा, रविंदर वर्मा, संजय सिन्हा गोप, संजय मिनोचा, राणा रणधीर, अमरनाथ साहू एव मुन्ना यादव मौजूद थे। मंच संचालन शिवेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रणव सिंह ने किया। मुख्य टीम : मुख्य संयोजक - कृष्णमोहन सिंह, मुख्य संरक्षक- राणा संग्राम सिंह, कुणाल अजमानी, संरक्षक- बिजय बहादुर सिंह, नंदन यादव, राकेश सिंह, धुनमून सिंह,भोला झा, कुणाल शाहदेव, हरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

### 26 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन में आयोजित

# समाज के सभी वर्ग के लोगों को सामूहिक विवाह में हिस्सा लेने की जरूरत : अजय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची द्वारा आयोजित वृहद् मारवाड़ी समाज एवं संपूर्ण अग्रवालों का 26वां सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन महाराजा श्री अग्रसेन भवन में हुआ। सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने सम्मेलन में आए सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर की। मुख्य अतिथि अजय मारू ने अग्रवाल सभा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को सामूहिक विवाह सम्मेलन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है तथा समाज आर्थिक सामाजिक विषमताओं के इस दौर में दिखावे और फिजूल खर्ची तथा दिखावे की अंधाधुनिकरण की दौड़ से समाज को बचाने के लिए नई दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में सामूहिक विवाह आयोजन समिति के मुख्य संयोजक भागचंद पोद्दार ने कहा कि सामूहिक विवाह का 23 नवंबर को तुलसी विवाह के दिन अग्रसेन भवन में होगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल सभा ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन सर्वप्रथम वर्ष 1993 में किया था तब से लेकर वर्ष 2018 तक में 2867 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं 285 जोड़ों का विवाह तय हुआ।

### योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का झामुमो ने दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने रविवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। बैठक में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला के सभी सदस्य मौजूद थे। सभी सदस्यों के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला समिति के जरिये क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में सदस्यों की ओर से दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा के बाद केन्द्रीय महासचिव ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष सह विधायक सविता महतो, केंद्रीय महासचिव सह विधायक दीपक बिरुवा, केन्द्रीय सचिव सह मंत्री, झारखंड सरकार जोबा मांझी, केन्द्रीय सचिव सह विधायक समीर मोहंती आदि उपस्थित थे।

### जमीयतुल एराकीन ने इस्लामिक क्विज कंपटीशन का किया आयोजन

# जीवन में कुछ अलग करने के लिए शिक्षा जरूरी : मुफ्ती कासमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीयतुल एराकीन रांची और प्रोग्रेसिव एकेडमी स्कूल रांची के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कर्बला चौक स्थित जमीयतुल एराकीन बिल्डिंग में इस्लामिक क्वीज कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जमीयतुल एराकीन रांची के अध्यक्ष हसीब अख्तर ने की और संचालन जमीयत के महासचिव सैफुल हक ने किया। इस इस्लामिक क्वीज कंपटीशन में विभिन्न स्कूलों के बच्चियों ने भाग लिया। यह कंपटीशन गर्ल्स स्कूल के बच्चियों के लिए था। जिसमें फर्स्ट पोजीशन एराकिया उर्दू गर्ल्स स्कूल? रहा। दूसरा पोजीशन राइन उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल और तीसरा कुरेश एकेडमी स्कूल, चौथा एलजी हाई स्कूल रहा। फरहीन परवीन एराकिया




उर्दू गर्लस स्कूल सही जवाब देने वाली बनी। उसके बाद राइन स्कूल के आईका अशफाक और कुरेश स्कूल के सायिका यूनुस अव्वल पोजीशन पर रही। जज के भूमिका में मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, जमीयत के अध्यक्ष हसीब अख्तर, जमीयत रांची के महासचिव सैफुल हक और जमीयत रांची के संरक्षक सुल्तान जुबेर रहे। अपने अध्यक्षयी भाषण में हसीब अख्तर ने कहा के बेहतर शिक्षा सभी के लिए जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत आवश्यक है। वहीं मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा के जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा सभी के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करता है। वहीं जमीयतुल एराकीन रांची के महासचिव सैफुल हक ने कहा के आज के समाज में शिक्षा का महत्व काफी बढ़ चुका है। शिक्षा के उपयोग तो अनेक हैं परंतु उसे नई दिशा देने की आवश्यकता है। शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिए कि एक व्यक्ति अपने परिवेश से परिचित हो सके। वहीं अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान ने कहा के शिक्षा स्त्री और पुरुषों दोनों के लिए समान रुप से आवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य और शिक्षित समाज का निर्माण दोनो द्वारा मिलकर ही किया जाता हैं। वहीं प्रोगेसिव स्कूल के मास्टर मुजम्मिल ने कहा कि शिक्षा लोगों के मस्तिष्क को उच्च स्तर पर विकसित करने का कार्य करती है और समाज में लोगों के बीच सभी भेदभावों को हटाने में मदद करती है।



NEWS इन ब्रीफ

## घर में पेंट का काम कर रहे मिस्त्री की करंट लगने मौत

**धनबाद।** धनबाद के भिस्तीपाड़ा काली मंदिर के समीप 24 सितंबर रविवार को एक घर में पेंट का काम कर रहे मिस्त्री राजेश की करंट लगने से मौत हो गई. घर का मालिक उसे गंभीर स्थिति में एसएनएमएमसीएच ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. राजेश झरिया का रहने वाला था. वह भिस्तीपाड़ा स्थित एक घर में मजदूरी पर पेंट का काम रहा था. शनिवार को उसने तीन कमरों को पेंट कर दिया था और रविवार की सुबह एक कमरे की सफाई के बाद पेंट कर रहा था. इसी दौरान वह बिजली के तार के संपर्क में आ गया. करंट लगने के बाद स्थानीय लोगों ने घर में बिजली का फ्यूज हटा दिया, जिससे राजेश जमीन पर गिर गया. इधर, धनबाद थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. उक्त घर जनार्दन साव का है.

## निर्माण के दौरान घर का छज्जा गिरने से सेंटरिंग मिस्त्री की मौत

**बोकारो।** कसमार थानाक्षेत्र के कुरको गांव में घर निर्माण कार्य के दौरान छज्जा की ढलाई गिरने से उसमें दबकर सेटरिंग मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई. घटना 24 सितंबर की सुबह सात बजे की है. कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के कमारहीर टोला निवासी स्व मुरली महतो का 37 वर्षीय पुत्र मुकेश महतो इसी पंचायत के कुरको गांव में रामविलास महतो के घर बनाने में सेटरिंग का कार्य कर रहा था. सेटरिंग खोलने के दौरान अचानक छज्जा की ढलाई टूटकर नीचे जमीन पर गिर गई. इसमें मुकेश दब गया. छज्जा इतना वजनदार था कि घटना के बाद उसे मलबा से निकालने में आधा घंटा का समय लग गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. इधर घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई.

## बोकारो : चास में युवक ने कीटनाशक खाकर दे दी जान

बोकारो। चास के गुरुद्वारा के पीछे कॉलोनी निवासी शंकु झा (38) ने 22 सितंबर की रात 9 बजे कीटनाशक खा ली थी. इसकी रांची रिम्स में इलाज के दौरान 23 सितंबर की शाम को मौत हो गई. रविवार को परिजन शव लेकर चास आवास पर पहुचे. घटना के बाद मृतक के कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें वह किसी को अपने मौत का जिम्मेवार नहीं बताया है. परिजन के अनुसार हाल के दिनों में वह काफी तनाव में था. लेकिन अपनी बात किसी से शेयर नहीं करता था. घटना के दिन सुबह से उसने भोजन नहीं किया था और रात में कीटनाशक खा ली. जब उसकी हालत गंभीर हो गई, तो परिजन उसे चास के अस्पताल में ले गए जहां से उसे रांची भेजा गया. मौत के बाद परिजनों ने बरियातु थाना को बयान दिया है. अब चास पुलिस को उस बयान का इंतजार है, उसके बाद मामला दर्ज करेगी.

## बेरमो: ट्रक की चपेट में आने से ऑटो सवार महिला की मौत

बोकारो। पेटरवार थाना क्षेत्र के मंझलीसिरी मोड़ के समीप हाइवा ट्रक की चपेट में आने से 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई. पेटरवार थाना क्षेत्र के अरजुवा गांव निवासी बिरसाय बास्के की 22 वर्षीया पुत्री नेहा देवी अपनी छोटी बहन प्रीति कुमारी के साथ आटो पर पेटरवार बाजार टांड़ से करमा पर्व की खरीददारी कर वापस लौट रही थी. राष्ट्रीय राजमार्ग के मंझलीसिरी मोड़ के निकट पीछे से आ रहे एक हाइवा ने आटो को ठोकर मार दिया। इस हादसे में नेहा देवी सड़क पर गिर गई और ट्रक के चपेट में आ गई. दुर्घटना के तुरंत बाद लोग उसे पेटरवार अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद हाइवा ट्रक का चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया. घटना की सूचना पर दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मृतक आश्रित को सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. नेहा देवी करमा पर्व मनाने के लिए अपने मायके आई हुई थी. शनिवार को साप्ताहिक हाट में पर्व की खरीदारी करने के लिए पेटरवार बाजारटांड़ पहुंची थी. उसका पति मजदूरी करने बैंगलोर गया है, जबकि माता-पिता औरंगाबाद में मजदूरी कर रहे हैं. दुर्घटना में आटो पर सवार मृतका की बहन प्रीति को कुछ नहीं हुआ है.

# किरीबुरु : झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले व दुकानदारों को विस्थापित होने नहीं दिया जायेगा : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु टाउनशिप क्षेत्र में अवैध तरीके से दशकों से बसे दुकानदारों व ग्रामीणों को विस्थापित होने नहीं दिया जायेगा. यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सेल की मेघालया गेस्ट हाउस में मेघाहातुबुरु के सीजीएम आरपी सेलबम एवं किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय से बातचीत के बाद लगातार न्यूज से कही. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सेल खदान की स्थापना काल से यहां हजारों लोग बसे अथवा बसाये गये थे. कारण यह कि खदान में काम करने वाले मजदूरों व सेलकर्मियों के खाने के लिये होटल, सब्जी, राशन, चाय आदि की दुकानों के साथ-साथ सैलून आदि सभी कुछ जरूरी था. यह सभी आवश्यक सेवाएं होती हैं. इससे कोई वंचित नहीं कर सकता है. सेल प्रबंधन ने कहा कि झारखंड सरकार के दबाव की वजह से वे इन्क्रोचमेंट हटाने को बाध्य हैं. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इसके लिये वे सरकार व वन विभाग से बात करेंगे. अगर बात नहीं सुनती है तो वर्ष 2024 में भाजपा की सरकार निश्चित आ रही है. हमारी सरकार आते ही इन सारे झुग्गी-झोपड़ियों व दुकानदारों को व्यवस्थित तरीके से बसाने का कार्य करेंगे. लोगों के लिये नई कॉलोनी बसाकर सारी सुविधाओं से लैस करेंगे, ताकि उनके घर भी बाहरी पर्यटक आकर दो-चार दिन ठहर सकें. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खदान क्षेत्र के लोगों का विकास हेतु डीएमएफटी फंड का गठन किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंडा क्षेत्र के विभिन्न खदानों से प्रतिवर्ष 400 करोड़ रुपये डीएमएफटी फंड में आती है. इन पैसों से खदान से प्रभावित गांव क्षेत्र को विकास मामले में चमकाया जा सकता था, लेकिन आज तक प्रभावित गांवों के विकास हेतु कोई कार्य नहीं कर डीएमएफटी के पैसों की बंदरबांट सरकार में शामिल लोग एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कर रहे हैं. हमारी सरकार आते ही डीएमएफटी फंड का सही इस्तेमाल कर प्रभावित गांवों का विकास एवं लोगों की स्थिति सुधारी जायेगी. उन्होंने कहा कि सारंडा एशिया का सबसे बड़ा एवं खूबसूरत जंगल है. यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं. हमारी सरकार बनते ही सारंडा को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जायेगा. पर्यटकों के रहने व भ्रमण हेतु सारे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किये जायेंगे. इन सारे कार्यों के लिये सरकार का एक भी पैसा इस्तेमाल नहीं होगा, बल्कि डीएमएफटी फंड के पैसों से ही पूरे क्षेत्र को चमका दिया जायेगा. इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा ने सेल अस्पताल में चिकित्सकों व संसाधनों की भारी कमी का मुद्दा उठाया.

# धनबाद : तोपचांची से तीन अपराधी गिरफ्तार, हथियार व गोली बरामद

**एसएसपी ने किया खुलासा, एनसीपीएल कंपनी से मांग रहे थे रंगदारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला पुलिस ने तोपचांची की रामाकुंडा रेलवे साइडिंग में काम करने वाली एनसीपीएल कंपनी से रंगदारी मांगने के आरोप में 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से एक पिस्टल, 3 सिक्सर, 1 कट्टा, 22 जिंदा गोली और 4 मोबाइल फोन बरामद किया है. एक पल्स बाइक भी जब्त की है. यह जानकारी एसएसपी संजीव कुमार ने रविवार 24 सितंबर की सुबह अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता में दी. बताया कि पकड़े गए बदमाशों में मोहम्मद अकील हाशमी उर्फ राजा और मोहम्मद इमरान खान शमशेर नगर के रहने वाले हैं, जबकि मिट्ठू सिंह उर्फ अमरिंदर सिंह धनसार का निवासी है. एसएसपी ने बताया कि तीनों बदमाशों ने अपना अपराध स्वीकर किया है. तीनों संगठित गिरोह के लिए काम कर रहे थे. गिरोह के सदस्यों को हथियार भी मुहैया कराते थे. मोहम्मद अकील हाशमी और मोहम्मद इमरान खान का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है. एसएसपी ने दावा किया कि गिरोह के अन्य सदस्यों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. एसएसपी ने बताया कि धनबाद जिला ग्रामीण और सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित कर तीनों बदमाशों को दबोचा गया. टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों व जवानों को इस कामयाबी के लिए सम्मानित किया जाएगा. ज्ञात हो कि हाल के दिनों में अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है. नए सिटी एसपी अजीत कुमार ने आने के बाद से पुलिस का मनोबल बढ़ा है. एक दिन पहले शनिवार को जीटी रोड पर डीजल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को कार और पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया था.

## स्क्रैप व्यवसायी के आवास पर फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार, हथियार बरामद

जमशेदपुर। जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत मरारपाड़ा निवासी स्क्रैप व्यवसायी लालजी प्रसाद के आवास पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में अजय गौड़, जगरनाथ पुष्टि उर्फ सन्नी और रितेश कुमार सिंह उर्फ झब्बू शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि 16 अगस्त को सीएच एरिया में बदमाशों ने लालजी प्रसाद से लूट का प्रयास किया था. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था. मामले में अजय गौड़ और अन्य का नाम सामने आया था. अजय के साथी रितेश ने 8 सितंबर को लालजी प्रसाद को केस में नाम न देने की धमकी भी दी थी. इसी को लेकर अजय गौड़ और जगरनाथ ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था. फिलहाल सभी को जेल भेज दिया गया है.

## बोकारो : साइबर ठगों ने बीओआई के बैंक खाते से उड़ाए 84 हजार रुपये, एसपी को आवेदन

**बोकारो।** साइबर ठगों ने बोकारो निवासी शिक्षक संजय कुमार पटनायक के बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 84 हजार रुपए उड़ा लिया. घटना को लेकर उन्होंने थाना के साथ जिले के एसपी को आवेदन दिया है. उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि के नाम से एक कॉल आया था. जिसमें खाताधारक को तत्काल केवाईसी के सत्यापन की बात कही गई. कुछ समय पश्चात यह समझ आया कि यह एक धोखाधड़ी वाला कॉल था. जिसमें पीड़ित को किसी एप्लीकेशन को खोलने के लिए कहा गया. साथ ही प्राप्त किए गए ओटीपी को साझा करने के लिए उकसाया गया. उससे करीब 20 मिनट तक बात चली. शिक्षक ने ओटीपी साझा नहीं किया, जबकि 24 सितंबर को बैंक ऑफ इंडिया के संत जेवियर ब्रांच से अनधिकृत रूप से 84 हजार रुपए गायब हो गए. शिक्षक ने बताया कि कॉल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के किसी प्रतिनिधि के रूप में आया था.

## जमशेदपुर : प्रसव के छह दिन बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**जमशेदपुर।** कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में बीते दिनों ही बच्ची की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर की पिटाई की थी जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ था. इधर, रविवार को एक बार फिर महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया. दरअसल, साकची नेहरू कॉलोनी निवासी ललन शर्मा की 23 वर्षीय पत्नी मालती देवी को प्रसव पीड़ा के बाद सोमवार को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया था. बच्चे के जन्म के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था. रविवार को अचानक मालती की मौत हो गई. जानकारी देते हुए पति ललन शर्मा ने बताया कि मई 2022 में उसकी शादी हुई थी. सोमवार को पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया. रविवार सुबह अस्पताल में नर्स ने उसे एक इंजेक्शन दिया जिसके बाद से पत्नी बेड से उठी ही नहीं. ललन ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हुई है.

## जमशेदपुर : साकची में क्वार्टर में चोरी करने घुसे तीन चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़ा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत स्ट्रेट माइल रोड स्थित क्वार्टर नंबर एच6/ 111 में रविवार सुबह चोरी करने घुसे एक चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया. हालांकि, इस दौरान चोर का साथी मौके से फरार हो गया. पकड़ाए चोर की निशानदेही पर लोगों ने दो और चोर को पकड़ा. स्थानीय लोगों ने पहले तो चोर की जमकर पिटाई की और फिर उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया. जानकारी के अनुसार कई दिनों से उक्त क्वार्टर में छोटे-मोटे सामान की चोरी हो रही थी. आज भी चोर क्वार्टर में चोरी करने घुसे थे. इसी दौरान क्वार्टर में मौजूद लोगों ने चोर को देख लिया और उसे खदेड़कर पकड़ा. हालांकि, चोर का एक साथी मौके से भागने में सफल रहा. थोड़ी देर बाद दो और चोरों को भी पकड़ लिया गया. फिलहाल पुलिस चोर से पूछताछ कर रही है.

## किरीबुरू : झारखंड के तीन मजदूरों की तमिलनाडु में पिटाई, मदद की लगाई गुहार

**चाईबासा।** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से रोजगार के लिए तमिलनाडु गए युवकों को वहां कुछ लोगों ने रविवार को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया. मारपीट की इस घटना में रांची के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं. घटना में घायल हुए युवकों ने बताया कि चाईबासा के कल्याण गुरुकुल समेत झारखंड के अन्य क्षेत्रों से बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तमिलनाडु स्थित एटलस कंपनी में भेजा गया है. झारखंड के लगभग 300 युवक-युवतियां यहां काम करते है. रविवार सुबह कुछ लोगों ने बेवजह झारखंड के युवकों पर हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया. घटना के बाद उन्हें पुलिस से भी मदद नहीं मिली.मजदूरों ने न्याय दिलाने का आग्रह किया है. घटना की सूचना देने वाले मजदूर ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की बात कही, अन्यथा कंपनी उन्हें काम से हटाकर गलत कार्यवाही कर सकती है. मजदूरों ने इस मामले को लेकर झारखंड सरकार द्वारा कदम उठाने की अपील की है.

## गिरिडीह : खतियान संघर्ष समिति के करम अखाड़ा में उमड़ी भीड़

**गिरिडीह।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से केबी उच्च विद्यालय के मैदान में करम जोहार का आयोजन किया गया. मौके पर झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर आयोजित करम जोहार कार्यक्रम में उपस्थित लोगों, समिति के सदस्यों व मुख्य अतिथि टाईगर जयराम महतो ने बिनोद बाबू के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया. मौके पर कहा गया कि वर्ष 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव होना है, इसका रिमोट हम लोगों के पास रहेगा. हम लोग चुनाव में धनबाद, गिरिडीह व बोकारो की कई सीटें जीत सकते हैं.

## जगन्नाथ देव मंदिर मनईटांड़ में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के मनईटांड़ स्थित माझेरपाड़ा में बने जगन्नाथ देव मंदिर में दो दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 24 सितंबर को शुरू हुआ. रविवार की सुबह माझेरपाड़ा दुर्गा मंदिर से भव्य कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए. कलश यात्रा रेलवे सिनेमा रोड होते हुए पुराना बाजार रत्नेश्वर मंदिर पहुंची. वहां पूजा-अर्चना के बाद कलश में कुएं से जल भरकर महिलाएं टेंपल रोड, मनाईटांड़ होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचीं. इसके बाद सूर्य पूजा, अग्नि स्थापन, मंदिर स्नान के बाद नगर परिक्रमा हुई. प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान जगन्नाथ मंदिर धनसार के सचिव महेश्वर रावत की देखरेख में किया जा रहा है. दूसरे दिन 25 सितंबर को सूर्य पूजा, गौपूजा, वास्तु पूजा प्राण प्रतिष्ठा, हवन के बाद नए मंदिर में प्रवेश होगा और श्रद्धालु भगवान के दर्शन-पूजन करेंगे. आयोजन को सफल बनाने में केएस बनर्जी, बुरो विश्वास, राणा चट्टराज, टनी बनर्जी कानू विश्वास, छको दा, टुबाई बनर्जी, जयदेब दास, जय दास, बादल सरकार, अमिताभ बनर्जी, अभीक घोष, भुट्टा दा, सुकुमार मुखर्जी, गौरव मंडल आदि जुटे हुए हैं.

## अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त, पुलिस कर रही कार्रवाई

**जमशेदपुर।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों द्वारा पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए कारोबार कर रहे हैं. वहीं पुलिस भी अपना अभियान तेज कर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है. इसी अभियान के तहत रविवार को तड़के चौका थाना की पुलिस ने अवैध रूप से बालू का परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को पकड़ा है. पुलिस जब्त किए गए ट्रैक्टरों को थाना ले गई है. वैद्य कागजात नहीं रहने के कारण पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए अपने वरीय अधिकारियों के साथ बालू की जांच के लिए जिला खनन पदाधिकारी को चिट्ठी लिखा है. अब जिला खनन पदाधिकारी के जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. मिली जानकारी के अनुसार चौका-कांड्रा सड़क के खूंटी मोड़ से मुसरीबेड़ी की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित शत्रुध्नादित्यदेव बालिका उच्च विद्यालय के समीप से पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर को एक साथ पकड़ा है. बालू लदे टैक्टर पकड़ाने के बाद बालू कारोबारियों में हड़कंप मचा है.

## झारखंड में ग्रीन कार्ड धारकों को नहीं मिल रहा चावल




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभ से वंचित लोगों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में शुरू की गई ग्रीन कार्ड योजना विफल सिद्ध हो रहा है. लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि अधिकारी अपना रोना रो रहे हैं. इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर व गरीब परिवारों को कम दाम पर सूखा अनाज मिलेगा. योजना के अनुसार 1 रूपए की दर से ग्रीन कार्ड धारक को 5 किलो अनाज उपलब्ध करवाया जाएगा. बीपीएल कार्डधारक को इस योजना का लाभ मिलेगा. यह योजना केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई है, लेकिन इसपर पूर्णतः अमल राज्य सरकार करेगी. इधर, आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों का कहना है कि एफसीआई से चावल नहीं दे रहा है. इस कारण वे ग्रीन कार्डधारियों को चावल नहीं दे पा रहा है. यह स्थिति पिछले अगस्त महीने से ही बनी हुई है, हालांकि नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी माह का राशन वितरण कुछ माह पूर्व किया गया था. जिन्हें पिछले 8 महीने से चावल नसीब नहीं हुआ है. प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप राम ने बताया कि कुछ माह पूर्व नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी माह का राशन वितरण किया गया था. सितम्बर माह में फरवरी माह का राशन बांटा जाएगा.

**मनसा पूजा** | बरकट्ठा के पैसरा में बही अध्यात्म, विधायक समेत ग्रामीण हुए शामिल

# 551 महिलाएं और कुंवारी कन्याओं ने उठाया कलश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पैसरा में रविवार को अध्यात्म की बयार बह उठी. यहां मां मनसा देवी पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई. गांव की 551 महिलाएं और कुंवारी कन्याएं कलश यात्रा में शामिल हुईं. कलश यात्रा के साथ मां मनसा देवी पूजन का शुभारंभ हो गया. यह पूजा 29 सितंबर तक होगी. 27 सितंबर की सुबह प्राण-प्रतिष्ठा, ग्राम देवता पूजन और झांकी का कार्यक्रम होगा. 28 सितंबर को कन्या पूजन भंडारा व भक्ति जागरण और 29 सितंबर की सुबह हवन, आहुति यज्ञ व शाम में मेला का आयोजन और भक्ति जागरण के बाद रात्रि में मूर्ति विसर्जन होगा. मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, उप प्रमुख सुरजी देवी, बरकट्ठा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, मुखिया चिंता देवी, युवा नेता गौतम कुमार, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, वरिष्ठ कांग्रेसी मनीलाल चौधरी, समाजसेवी संजय साव, दुर्गा चौधरी, मनोहर चौधरी, युगल राम, अर्जुन रविदास, रवि पासवान, रीतलाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष तुकलाल नायक, रीतलाल मंडल, शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, यमुना साव, छोटीलाल मेहता महेंद्र प्रसाद जागेश्वर प्रसाद, नंदलाल मंडल समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे.



## गावां के झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष का निधन क्षेत्र में शोक

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गावां प्रखंड उपाध्यक्ष की अचानक हुई मौत से पार्टी कार्यकताओं में गम का माहौल है. बताया जाता है कि गावां प्रखण्ड क्षेत्र के कुरची निवासी कैलाश सिंह स्वस्थ्य थे, पर अचानक 24 सितंबर की सुबह उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे पत्नी व बच्चे छोड़ गए हैं. जिनके निधन से परिजनों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता भी हतप्रभ हैं. इस संबंध में पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि कैलाश सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ ही धनवार विधानसभा क्षेत्र में झामुमो पार्टी की रीढ़ थे. जिन्होंने 25 वर्षों तक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को मजबूत किया. ये शिबू सोरेन के साथ कई आंदोलनों में भाग ले चुके थे. झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे साथी कैलाश सिंह के मौत से झामुमो परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है.

### दारू व इरगा कलस्टर में वार्षिक आमसभा का आयोजन

# 'सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले'




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** दारू आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वावधान में रविवार को वार्षिक आमसभा हरली व इरगा पंचायत भवन में की गई. दोनों पंचायत भवनों में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2022- 23 के चार्टर अकाउंटेंट की ओर से ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई. वहीं एक वर्ष के आय-व्यय और लाभ-हानि का पूरा ब्योरा संगठन के सभी उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया. इस कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का चयन, संकुल संगठन के नाम में बदलाव, बैंक खाता में बदलाव, नए सदस्यों का प्रवेश शेयर धारक के रूप में सदस्यता, बाह्य लेखा परीक्षक की नियुक्ति, पोषण, सामाजिक हिंसा को कम करने एवं सरकारी योजनाओं को जरूरतमंद लाभुकों तक पहुंचाने, जेंडर जस्टिस सेंटर का गठन, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मादक पदार्थों के सेवन से रोकथाम की जानकारी दी गई. वहीं जेएसएलपीएस के बीपीएम की ओर से चल रही सभी योजनाओं के बारे में बताया गया. साथ ही उसका लाभ अधिक से अधिक लेने के लिए प्रेरित किया गया. बताया गया कि प्रखंड के सभी तीन सीएलएफ का रजिस्ट्रेशन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के अंतर्गत हो चुका है. इसका संचालन प्रमाणित बायलॉज के आधार पर किया जाएगा. प्रत्येक सीएलएफ में अधिकतम 6000 शेयर को जोड़ा जा सकता है. इसका सदस्यता शुल्क दस रुपए एवं एक शेयर का मूल्य 100 रुपए के अनुसार कुल शेयर का मूल्य छह लाख रुपए हैं. एक दीदी अधिकतम 10 में एक अर्थात 600 शेयर ही ले सकती हैं. शेयर धारक कलस्टर के अंतर्गत आनेवाली तीन पंचायतों के स्वयं सहायता समूह के सदस्य ही हो सकते हैं. अतिथियों की ओर से स्वयं सहायता समूह की सभी दीदी के कार्यों की सराहना करते हुए प्रखंड के विकास में और अधिक योगदान देने और अपने समाज को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया. इस कार्यक्रम में मौजूद दारू और इरगा कलस्टर की दीदी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

# शौर्य जागरण यात्रा को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** करियातपुर पंचायत भवन में विहत और बजरंग दल कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई. जिसमें एक अक्टूबर के प्रस्तावित शौर्य जागरण रथ यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा हुआ. बैठक में करियातपुर, दुलमहा, धनवार, कोरियाडीह आदि सहित कुल सोलह गांव के सनातनी उपस्थित हुए थे. जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल रहे. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार और संचालन प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी एवं संतोष प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया. बतौर मुख्य अतिथि विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता शामिल हुए. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यात्रा प्रातः 6 बजे से 9 बजे के बीच निकाला जायेगा. यात्रा में 4000 से अधिक सनातनियों के शामिल होने की संभावना व्यक्त की गई. मुख्य अतिथि विहिप जिला सह मंत्री ने कहा कि करियातपुर में रामलला का शौर्य जागरण रथ यात्रा का आयोजन सौभाग्य की बात है. उन्होंने लोगो से 8 अक्तूबर को रांची के धुर्वा जगरनाथ मैदान में होने वाले हिंदू महा सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की भी अपील किया. बैठक में प्रखंड सह मंत्री पिंटू चंद्रवशी, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी उपस्थित रहे, सुरेश प्रसाद, प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख चंदन केशरी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी , संतोष प्रजापति, सागर चंद्रवंशी, कमलेश कुशवाहा, धर्मेंद्र प्रजापति, मनोज सिंह, प्रदीप कुशवाहा, झमन साव, नंदलाल प्रसाद, तोखन प्रजापति, संजीत सोनी, अभय सोनी आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ में श्री दशलक्षण महापर्व के छठे दिन हुई उत्तम सयंम धर्म की पूजा



**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के छठे दीन 24 सितम्बर को उत्तम सयंम धर्म की विधिपूर्वक पूजा संपन्न हुई । छठे दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य अमराव पाटनी, मानिक चंद जैन , अंकित जैन,राहुल जैन, अरुणा जैन , डॉ शरद जैन , रमेश सेठी,विकास सेठी,अमित सेठी, डॉ महेंद्र कुमार जैन को मिला । रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य अमराव देवी व पाटनी, मानिक पाटनी को मिला । श्री दिगम्बर जैन मंदिर में छठे दिन शांतिधारा का सौभाग्य प्रकाश चंद अजमेरा को मिला । रांची रोड में शांतिधारा का सौभाग्य अमराव देवी पाटनी,मानिक चंद जैन को प्राप्त हुआ । छठे दिन सुगंध दशमी के शुभ अवसर पर समाज अध्यक्ष मानिक जैन के साथ बच्चों ने धूप अर्पित करने का अनुष्ठान संपन्न किया । कहा गया की दिगंबर जैन समाज में पयुर्षण पर्व के अंतर्गत आने वाली दशमी को सुगंध दशमी का पर्व मनाया जाता है। यह व्रत भाद्रपद शुक?ल दशमी को किया जाता है। इसे सुगंध दशमी के अलावा धूप दशमी भी कहा जाता है। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, सह सचिव नरेंद्र जैन,मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया की 25 सितम्बर को उत्तम तप धर्म का पूजा होगी ।

### करम पर प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़।** 24 सितंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रांगण में झारखंड के महान प्रकृति पर्व करम पर प्रतियोगिता के माध्यम से विशेष जानकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्राथार्नाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप द्वारा डी गई. इस अवसर पर डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि झारखंड में 12 महीने में 13 पर्व होते हैं. इसकी विशेष जानकारी छात्र-छात्राओं को देने की आवश्यकता है. इसीलिए झारखंड के जितने पर्व त्योहार हैं सबों में गीत पर आधारित प्रकृति प्रदत्त प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए सभी गीतों में वर्णन मिलता है. साथ ही उत्पादित अनाज और वस्तुओं को प्रसाद के रूप में चढ़ावा करते हैं यही प्रसाद होता है करम,सरहुल, जितिया,सोहराय, मकर संक्रांति जिसको पुस पर्व कहते हैं. ऐसे अवसरों पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हमारी भाषा संस्कृति की विशेष जानकारी देनी चाहिए. जो झारखंड ही नहीं पूरा विश्व को प्रकृति को संतुलन बनाए रखने में इन पर्वों का बहुत बड़ा स्थान रहता है. कहा की आज सचमुच बच्चों ने आकर्षक चित्रांकन, गीत और कथा वाचन कर लोगों के दिल को मोह लिया. निर्णायक मंडली ने आश्चर्य व्यक्त किया. इनकी सुंदर कलाकृतियां गीतों को सुनकर चित्रांकन प्रतियोगिता में खुशी कुमारी प्रथम, द्वितीय सिमरन कुमारी,तृतीय ईशा कुमारी रहीं. जबकि झूमर गीत में प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय वर्षा रानी, तृतीय अनिशा कुमारी और कथा वाचन में पीयूष कुमार प्रथम, वर्षा कुमारी द्वितीय, आरूषी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया. उनके उत्साह को बढ़ाया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय शिक्षक शारदानंद शर्मा, जेठालाल मांझी, डीऐलएड के प्रशिक्षु रवि कुमार, प्रदीप कुमार ,अर्पणा कुमारी, विद्यालय के बाल संसद ने सदस्यों ने योगदान किया.

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुरहुरु महेंद्र शर्मा के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा की अध्यक्षता में हुई.बैठक की मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाने और कोष संग्रह कर सामाजिक उत्थान से संबंधित था. बैठक में डॉ शंभूनाथ मिश्रा, भृगुनंदन पांडेय और सरयू पांडेय ने प्रदेश संयोजक उमेश पांडेय के साथ सभी को शपथ ग्रहण कराया. संचालन सुरेश पांडेय ने किया. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पैसे की अभाव के कारण कोई ब्राह्मण इलाज से वंचित नहीं रहेगा. बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य सचिव महेंद्र शर्मा, धनेश्वर तिवारी, प्रदुमन पांडेय, रामरतन पांडेय, सुनील पांडेय, बसंत पांडेय, मदन पांडेय, उमेश पांडेय, मनोज पांडेय, पवन जिगर पांडेय, रामरतन पांडेय, शालीग्राम उपाध्याय, सत्यनारायण पांडेय, संदीप पांडेय, ज्योतिष पंडा आदि मौजूद थे.

# बरकट्ठा के गोरहर में मना करम महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर के ग्राम नावाडीह मैदान में रविवार को करम महोत्सव मनाया गया। महोत्सव का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया जिसमें चतरा, कोडरमा, हजारीबाग और गिरिडीह जिले के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी सीके पांडेय, महेन्द्र प्रसाद, संजय मेहता, बैजनाथ महतो ने झारखंड के वीर क्रांतिकारियों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन कर किया. मौके पर महिलाओ के द्वारा सामूहिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया. संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है. झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है. राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है. साथ ही यहाँ के नेताओं ने भी सिर्फ अपनी तिजोरी को भरा है. झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है. झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है. स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है. महेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में भी बिहार की तरह नियोजन नीति लागू हो.

### सोना सोबरन योजना के तहत विधायक ने वितरित किया वस्त्र

**बरही ।** रविवार को स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव खोड़ाहर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर धोती साड़ी और लुंगी का वितरण किया. यह वितरण राज्य सरकार के सोना सोबरन योजना के तहत आयोजित किया गया था. प्राप्त जानकारी के अनुसार खोडाहर, देवचंदा और विरहोर टोला केवाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार के योजनाओ को अपने विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता से क्रियान्वित करवाना उनका लक्ष्य रहा है. बिजली, पानी, आवास, राशन इत्यादि के बिना कोई नही रहे इस ओर उनका हमेशा ध्यान रहा है.

### ग्रामीणों ने पांडेयडीह नदी पर पुल बनाने की मांग की

# जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं स्कूली बच्चे और ग्रामीण




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर पंचायत स्थित पांडेयडीह नदी पर पुल नहीं रहने के कारण स्कूली बच्चे नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। गोरहर पंचायत के रंगीनियां टोला ,पारटाड, डूडीखाया टोला समेत आधा दर्जन से भी ज्यादा गांव के बच्चे-बच्चियां पांडेयडीह नदी पार कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरहर पढ़ने जाते हैं। जो बरसात के दिनों में भयावह रूप धारण कर तेज धार में बहती है ।बच्चे भरे पानी में अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार कर अपने भविष्य को खुशहाल बनाने के लिए स्कूल जाने को मजबूर हैं। इस स्थिति में परिजन को अपने बच्चों के प्रति डर बना रहता है। बरसात के मौसम में कभी कोई अनहोनी ना हो जाए इसीलिए परिजनों को बच्चों को नदी पार करवाने के लिए साथ जाना पड़ता है । स्थानीय ग्रामीण गरीब महतो, रवि महतो, संतोष कुमार, भेखलला महतो, बैजनाथ महतो कहते हैं कि चुनाव के समय वोट के लिए आने वाले नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं पर चुनाव गुजरने के बाद मंत्री विधायक इस पर ध्यान नहीं देते हैं। बच्चों के अभिभावक बच्चों को नदी पार कराकर स्कूल भेजते हैं फिर छुट्टी के वक्त वापस नदी पर कराकर घर वापस लाते हैं । पुल की समस्या से परेशान ग्रामीण ने जिले के उपायुक्त नैन्सी सहाय, जिला परिषद प्रेरणा प्रिया से गांव में आवागमन हेतु पांडेयडीह नदी पर पुल बनाने की मांग की है।

### होमगार्ड एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और सचिव का स्वागत

**हजारीबाग।** राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य सुविधा देने का रास्ता साफ हो गया है. सुप्रीम कोर्ट ने समान वेतन देने के झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है. उसके बाद झारखंड गृहरक्षा वाहिनी हजारीबाग कार्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला. होमगार्ड एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश सचिव राजीव तिवारी रविवार को हजारीबाग पहुंचे. होमगार्ड संगठन के पदाधिकारियों का झारखंड गृहरक्षा वाहिनी कार्यालय हजारीबाग में फूल मालाओं के साथ तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया. एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने बताया कि काफी खुशी का पल है. सालों से जिस बात कि लडाई लड़ी जा रही थी, उसमें सभी होमगार्ड के जवानों की जीत हुई है. जल्द सुप्रीम कोर्ट के फैसले को झारखंड सरकार लागू नहीं करती है, तो रांची समेत पूरे राज्य भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा. वहीं होमगार्ड में भर्ती हुए नए जवानों ने बताया कि लोग पहले इज्जत नहीं देते थे. इस फैसले के बाद अब काफी खुश हैं और उनलोगों को अब सम्मान की नजर से भी देखने लगे हैं.

# राशन कम मिलने की शिकायत, कार्डधारी बेहाल



राशन की कमी को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तुले पर रखे जाते है अतिरिक्त ईंट या बटखरा : कार्डधारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड के कई पीडीएस दुकानों में कार्डधारियों ने एक से डेढ़ किलोग्राम तक राशन कम मिलने की शिकायत किया है. बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत की तरन्नुम खातून ने बताया कि उसके कार्ड के पांच यूनिट है परंतु पीडीएस राशन दुकानदार ने साढ़े सात किलो राशन काट लिया है. वही बेंदगी की रधिया मसोमात के प्रति यूनिट एक किग्रा राशन कम देने की बात कही है. वही बरही के भी कई दुकानों पर राशन कम बांटे जाने की शिकायत मिली है. जानकारी के अनुसार विजैया प्रखंड के लालधारी यादव, बरसोत के रामचंद्र महतो, धनवार के फुलवारी महिला मंडल, कोनरा के मसोमात मीना देवी, चमेली महिला मंडल रानीचुआ, अर्जुन राम दुलमहा छह दुकानदारों का पिछले चार माह के समायोजन के चक्कर में इस माह का राशन आवंटित नहीं हुआ है. कुछ दुकानदारों को कम राशन आवंटित हुए हैं. जिन्हें राशन आवंटन कम हुआ है उसे राशन में थोड़ा कटौती का सलाह दिया गया है. परंतु जिन्हे राशन पूरा मिला है वह किसी भी प्रकार से राशन की कटौती नहीं करेंगे. वही दुकानदारों का कहना है कि गोदाम से ही प्रति बोरा पांच से दस किलो राशन कम मिलता है. ऐसे में समायोजन के लिए कटौती करना अनिवार्य हो जाता है. वही भंडार संचालक पुरुषोत्तम सिंह ने आरोप को बुनियाद बताया है. विदित हो कि राशन वितरण इलेक्ट्रॉनिक कांटा के माध्यम से किया जाना है. ऐसे में राशन कम होने पर स्लिप ही निर्गत नहीं होता है. कार्डधारियों ने बताया कि कम राशन को इलेक्ट्रॉनिक तुला पर बराबर करने के लिए राशन के साथ बटखरे या ईंट की मापी की जाती है.

### भाजपाईयों ने सुनी मन की बात




**रामगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नंबर 6 शक्ति केंद्र के दिव्या फर्नीचर प्रतिष्ठान पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रविवार को वार्ड अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह द्वारा किया गया ' मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग पर चर्चा की। वहीं, जी -20 के सफल आयोजन पर देशवासियों द्वारा भेजे गए पत्र का जिक्र किया । जी 20 में अफ्रीकी देश को शामिल किए जाने को बहुत बड़ा उपलब्धि माना ।उन्होंने जर्मन सिंगर कासमी की जो भारतीय संगीत की दीवानी है की गायकी का प्रशंसा की उन्होंने सभी से स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए कहा ।आने वाले पर्व पर स्वच्छता अभियान के साथ साथ वोकल पर लोकल पर निरन्तर आगे बढ़ते रहने को कहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला मीडिया व निवर्तमान नगर अध्यक्ष राजीव पामदत्त ने मन की बात कार्यक्रम को सभी के लिए उत्साहवर्धन और अनुकरणीय उदाहरण से सीखने का एक बड़ा मंच बताया।

### हजारीबागः बालू लदे 3 वाहन जब्त, दो चालक गिरफ्तार, दो वाहन मालिकों पर केस

**हजारीबाग।** जिला खनन टास्क फोर्स की ओर से जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक, एसीएफ हजारीबाग और बड़कागांव व सदर प्रक्षेत्र के वनकर्मियों का संयुक्त जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुकुंदगंज चौक के पास बड़कागांव की तरफ से आ रहे तीन हाईवा को जब्त कर लिया गया. तीनों हाईवा जेएच02एआर9629, जेएच02एपी2423 व जेएच02एएक्स1633 में अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था. इस क्रम में दो वाहन चालक दुलारचंद्र कुमार मेहता और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया. वहीं बालू कारोबारी यदु प्रसाद दांगी और अनिल कुमार पर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. मौके पर जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि अवैध खनिज परिवहन की जांच लगातार जारी रहेगी और इसमें संलिप्त अवैधकताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### हजारीबाग में उत्तम संयम धर्म के रूप में मना दशलक्षण पर्यूषण पर्व

**हजारीबाग।** दशलक्षण धर्म का महापर्व का छठा दिन रविवार को उत्तम संयम धर्म के रूप में बॉडम बाजार और बड़ा बाजार दिगंबर जैन मंदिरों में भक्तिभाव और उल्लास से मनाया गया. प्रातः दोनों दिगंबर जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और सामूहिक कलश सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया. महिलाओं ने केसरिया वस्त्र में विधान, भक्ति पूजन और पाठ उमंग और उल्लास के साथ किया. इस दौरान पंडित नयन जी शास्त्री के सानिध्य में दशलक्षण महामंडल विधान बड़ा बाजार मंदिर में धूमधाम से मनाया गया. उत्तम संयम धर्म पर प्रकाश डालते हुए पंडित नयन शास्त्री जी ने कहा कि संयम ही आत्मा की पवित्रता का साधन है. संयम मोक्ष का साक्षात कारण है. बिना संयम धारण किए आत्मा परमात्मा नहीं बन सकता. जीवन में खान-पान, रहन-सहन, प्राणियों की रक्षा आदि में संयम रखना चाहिए. संयम वह निधि है, जो मनुष्य को पूज्य बना देता है. संयम नहीं, तो मुक्ति नहीं अर्थात संयम के बिना सच्चा सुख प्राप्त नहीं होगा.

**मामला** — घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू, कहीं मोर्टार से तो नहीं हुई ब्लास्ट

# फैक्ट्री ब्लास्ट कांड में संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग से सटे कटकमदाग के डामोडीह स्थित कुमार मेटल वर्क्स नामक एल्युमीनियम फैक्ट्री में शुक्रवार की दोपहर ब्लास्ट के मामले में संचालक अवध कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. उन पर लापरवाही समेत कई अन्य आरोप लगे हैं. इस मामले को लेकर अब उच्च स्तरीय जांच भी शुरू कर दी गई है कि आखिर किस कारण इतना भयंकर विस्फोट हुआ कि फैक्ट्री की छत और दीवार मलवे में तब्दील हो गई. लगभग दो किलोमीटर दूर तक उस विस्फोट की आवाज सुनी गई थी. घटना के 24 घंटे के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं इसे लेकर फर्द बयान भी कराया गया है. इस बात की जानकारी हेडक्वार्टर डीएसपी राजीव कुमार ने दी. उन्होंने यह भी कहा है कि अब तक किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है. लेकिन हर एक बिंदु पर जांच की जा रही है. वरीय पदाधिकारी भी इस घटना पर नजर रखे हुए हैं. अब तक कोई भी पुलिस पदाधिकारी यह कहने की स्थिति में नहीं है कि आखिर इतना भयंकर विस्फोट कैसे हुआ. चूंकि इस विस्फोट में दो मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी. पूरा कारखाना मलवे में तब्दील हो गया था. सदर डीएसपी हेडक्वार्टर ने भी इस बिंदु पर कहा है कि यह बेहद गंभीर मामला है. जांच भी की जा रही है. ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ न कुछ गड़बड़ी अवश्य हुई होगी. उन्होंने यह भी कहा कि बादल फटने की जो बात कही जा रही है, वह सही प्रतीत नहीं होती है. यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि विस्फोट होने के पीछे मोर्टार कारण हो सकता है. हजारीबाग के मेरू में कभी कभार मोर्टार मिले हैं. बीएसएफ उस क्षेत्र में फायरिंग प्रैक्टिस करती है. ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि फैक्ट्री में कबाड़ी से जो एन्युमीनियम लिया जाता था, उसमें मोर्टार हो सकता है. उसके फटने से इस घटना की आशंका जताई जा रही है. हजारीबाग के शिवपुरी में भी एक बार फैक्ट्री में ऐसा ही विस्फोट हुआ था. इसमें भी मोर्टार होने की आशंका जताई गई थी. वहीं कुछ वर्ष पहले लालपुर में भी मोर्टार फटने से दो बच्चों की मौत हो गई थी. ऐसे में मोर्टार होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है.



### टैंसेर पल्ली में मना आदिवासी दिवस, नाच प्रतियोगिता का आयोजन

# आदिवासी संस्कृति को सहेजने की जरूरत : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** प्रखंड के टैंसेर पल्ली परिसर में आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर आदिवासी नाच प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। नाच प्रतियोगिता में 53 यूनिट की नृत्य मंडली भाग ली। जिसमें प्रथम स्थान नवाटोली बी, दूसरा सिरघाग टोली और तीसरा नोनगढ़ा मंडली को मिला। सबकी सफल नृत्य मंडली को विधायक सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा कि हमारे आदिवासी समाज को संस्कृति और परंपराएं विरासत में मिली है। हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना है। हम आदिवासियों को अपने कल्चर को संजो कर रखना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक समय में आदिवासियों की आबादी 70 प्रतिशत थी। मगर आज हम लोग 26 प्रतिशत पर सिमट गए हैं। इसका मुख्य कारण हमारे लोगों का पलायन है। जंगल, जमीन को नजरअंदाज कर सभी गांव छोड़कर पलायन कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि भाजपा सरकार के समय राज्य में आदिवासियों का बहुत ज्यादा शोषण हुआ। विधायक ने कहा कि आज भी सरकार द्वारा आदिवासियों के विकास के लिए भेजी गई राशि का सदुपयोग नहीं हो रहा है और इसका लाभ आदिवासियों को नहीं मिल रहा है। हमारे क्षेत्र में बिचौलिए हावी हैं। बाहरी लोग हमारे राज्य शासन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के विकास के लिए 1932 का खतियान लागू किया गया जो यहां के आदिवासियों मूल वासियों को काफी लाभ देगा।

### नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**सिमडेगा।** महिला थाना की पुलिस ने शहरी क्षेत्र के हरिजन टोली में नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में 21 वर्षीय विकास लोहरा नामक युवक को गिरफ्तार करते हुए रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए बताया गया की हरिजन टोली की नाबालिक किशोरी के साथ जबरन डरा धमकाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था ।बाद में पीड़िता ने अपने परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। तब जाकर परिवार वालों ने सिमडेगा महिला थाना आकर इसकी लिखित शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मंजूश्री कुंकल ने तत्काल कार्रवाई कर आरोपी विकास लोहराको गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा उसके विरुद्ध दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### हादसे में व्यक्ति घायल ,प्रखंड प्रमुख ने की मदद

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के जामपानी कुसुम टोली निवासी मॉरिस बिलुंग जो किसी काम से सलगापोस गए हुए थे लौटने के क्रम में तारावोगा गांव के पास मोड़ में अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की मदद से उसे रेफर अस्पताल ठेठईटांगर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया।हालत नाजुक होने के कारण तुरंत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने ही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं अन्य लोग अस्पताल पहुंचकर तुरंत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजने में मदद की।

## प्रखंड स्तरीय स्व. राजीव गांधी महिला एवं पुरुष पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित स्वर्गीय राजीव गांधी मेमोरियल महिला एवं पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ रविवार को विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी के द्वारा खिलाड़ियों के बीच परिचय प्राप्त करते हुए किया गया।विधायक ने कहा हम अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियों को मौका देने के लिए तैयार हैं।इसी निमित्त हम इस टूर्नामेंट का आयोजन किए हैं । प्रखंड स्तर के बाद विधानसभा स्तर में भी यह खेल हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। इस खेल में सभी महिला तथा पुरुष के टीम को एक-एक सेट जर्सी तथा फुटबॉल दिया जा रहा है ,सभी को अपने खेल का प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा । प्रखंड स्तर के विजेता टीम को 15000 नगर तथा उपविजेता को 10000 नगर दिया जाएगा उसके बाद विधानसभा स्तरीय टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया है।आज कोलेबिरा प्रखंड में 11 पंचायत के 22 पुरुष की टीम तथा 11 महिला की टीम प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन मैच अघरमा ऐ तथा कोलेबिरा ए के बीच खेला गया अघरमा की टीम 1-0 से विजेता बनी शाहपुर बनाम बंदरचुवा महिला के बीच मैच खेला गया जिसमें शाहपुर की टीम 2.0 से विजई हुई। टुट्टीकेल ऐ बनाम डोमटोली ऐ मैच में टुट्टीकेल की टीम 1-0 से जीत दर्ज की। बरसलोया बनाम टुट्टीकेल महिला के मैच मे पेनल्टी शूट द्वारा बरसलोया की टीम 3-0 से जीत दर्ज की। रैसिया ए बनाम ऐडेगा ऐ के मैच में रैसिया ऐ की टीम 2.0 से जीत दर्ज की । मौके पर विधायक प्रतिनिधि शमी आलम , रावेल लकडा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्शन डुंगडुंग राकेश कोनगाडी, जोसेफ केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

### महा अधिवेशन को लेकर में आजसू पार्टी की बैठक

**ठेठईटांगर।** राजधानी रांची में 29 से 1 अक्टूबर तक होने वाले आजसू पार्टी की महा अधिवेशन को लेकर रविवार को आजसु पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष पंकज पाण्डेय कि अध्यक्षता में हुई। बैठक मे जिलाध्यक्ष धूपेन्द्र पांडे उपस्थित थे उन्होंने होने वाले केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी पर समीक्षा बैठक किया बताया गया कि रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में महाधिवेशन में शामिल होने के लिए ठेठईटांगर प्रखण्ड के सभी पंचायतों व ग्रामों से हजारों कि संख्या में शिरकत करेंगे। इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव विकास बड़ाईक, जिला वरिय उपाध्यक्ष अनिल मेहर, बुद्धिजीवी मंच जिला अध्यक्ष अभिजीत रंजन, मुनेश साहु,शुभम कुमार, अविनाश बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

## सलंगापोस पारिस में धूमधाम से मना करमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के सलंगापोस पारिस में रविवार को करमा पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कन्डुलना एवं विशिष्ट अतिथि जिला सचिव मो सफीक खान एवं जिला समिति पदाधिकारी शामिल हुए । मौके पर अतिथियों का स्वागत किया गया जिलाध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने कहा करमा पूजा झारखंड का एक प्रमुख त्योहार है। झारखंडी परम्परा और संस्कृति के अनुसार इसकी शुरूआत 19 सितम्बर से हो चुकी है। ऐसे तो करम पर्व प्रकृति की पूजा है, लेकिन इसे भाई-बहनों के प्यार के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस कामना में बहन के शुध्द विचार व त्याग की भावना के साथ भाई-बहनों का अटूट प्यार दिखाई देता है। इस अवसर पर मुख्य रूपसे सालाँगापोश पल्ली पुरोहित फादर जेम्स लकड़ा, फादर जोसेफ समद, ताराबोगा संत अन्ना कान्वेंट की सुपीरियर सिस्टर सिल्बिया सुरीन,अल्फोंनसा कान्वेंट से सुपीरियर नॉवी कुल्लू,जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय रौतिया समाज की बैठक



**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज की बानो इकाई की बैठक बानो डाक बंग्ला परिसर में हुई।बैठक की अध्यक्षता महेश सिंह ने की ।जिसमें सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया गया एवं आगामी 20 अक्टुबर से बानो में रौतिया सामाजिक का फुटबाल खेल एंव 29 अक्टूबर को सिमडेगा में विशाल पदयात्रा को सफल बनाने की चर्चा की गयी। इस बैठक में हिरानाथ सिंह, उमाशंकर सिंह , घनश्याम सिंह , ललीता देवी, लीलावती देवी,कमला देवी , कुलपति सिंह, शंकर सिंह, गणेश सिंह , उदेश्वर सिंह, उग्ररत्न सिंह,अह्लया देवी, मधूसुदन सिंह,सुखदेव सिंह,लोदो सिंह, चन्द्रंभान सिंह , बहुरन सिंह , सिकन्दर सिंह, महेश सिंह, के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कोडरमा : बारिश से पुल ध्वस्त, आवागमन बंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड में कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है. बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. वहीं चंदवारा प्रखंड दूधी नदी पर बना पुल मूसलाधार बारिश के कारण पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है. कल तक तो लोग पैदल आ जा पा रहे थे लेकिन अब पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है. बच्चों को स्कूल जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा. तिलैया डैम, कांटी, बड़कीधमराय, छोटकीधमराय, मंझगावा, सिमरिया और अन्य गांवों के लोग जिला मुख्यालय जाने के लिये इसी पुल का इस्तेमाल करते हैं. पुल टूट जाने से सभी लोगों का आवागवन बंद हो चुका है. ग्रामीण अब जिला प्रशासन से आस लगाए हुए बैठे हैं कि पुल का निर्माण करा दे. वहीं चंदवारा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बड़कीधमराय पंचायत के मुखिया सरजू वर्मा ने कहा कि पुल पूरी तरह से टूट गया है. स्थानीय लोगों का आवागमन अब बंद हो गया है. हम विधायक एवं जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि पुल का निर्माण शीघ्र ही किया जाय. पुल का निर्माण अगर शीघ्र नही किया गया तो बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

### पेयजल समस्या के निदान को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत तिलोकरी पंचायत के पंचायत भवन में पेयजल समस्या के निदान को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक की. जिसकी अध्यक्षता स्थानीय पंचायत के मुखिया इंद्रदेव यादव ने किया. बताते चलें कि तिलोकरी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से प्रखंड के 16 गांव में निर्बाध रूप से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करवाई जाती थी. करोड़ों की लागत से इस योजना का क्रियान्वयन किया गया था. परंतु कुछ समस्याओं के कारण गांव में पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से नहीं हो पा रही है. जिसे लेकर ग्रामीणों ने बैठक की. बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी कंज्यूमर अपने-अपने बिल का भुगतान सही समय पर करेंगे, ताकि कर्मियों का पेमेंट सही समय पर हो पाए. सैलरी नहीं देने के कारण और कई आवश्यक वस्तुएं जो पानी को साफ करने में प्रयुक्त किया जाता है की कमी होने के कारण निर्बाध रूप से पानी की सप्लाई नहीं हो पाती है. बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर प्रसाद यादव, इंद्रदेव ठाकुर, राम लखन यादव, विकास पांडेय, महादेव यादव, देवा यादव, मितलाल यादव आदि उपस्थित थे.

## आंगनबाड़ी सेविका चयन नहीं होने पर सीडीपीओ पर लापरवाही का लगा आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रखंड के सेवई खूंटीटोली में ग्रामीणों ने बैठक कर आँगनबाडी सेविका चयन में हुए गडबडी के विषय मे चर्चा के लिए कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की को बुलाकर कई बातों को रखा। बैठक में इस्माईल केरकेट्टा, अमृत टिर्की उप मुखिया जेरेमिउस कुजूर, वार्ड सालमोन मिंज शामिल रहे। महिलाओं ने बताया कि 8 जून 2023 को यहाँ केंद्र में सेविका चयन के लिए बैठक हुआ। जिसमे सीडीपीओ ने चयन रिजल्ट यही देने के बजाय आवेदन पत्रों को लेकर जिला वापस चली गईं ।आजतक हमे सेविका का पता ही नही चला। बार बार चयनकताओं के द्वारा अब यह कहा जाता है शिक्षा की डिग्री कम या ज्यादा होने से कोई फर्क नही पड़ता। वार्ड सहित अन्य ने बताया कि सेविका नही होने से बच्चे में इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा। बहुत सारे काम नही हो रहे। दिलीप ने कहा सामूहिक चयन को दरकिनार किया गया है। जो कि नियम विरुद्ध है। ऐसे अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। इसकी जानकारी उपायुक्त महोदय को लिखित शिकायत किया जायगा। मौके पर रश्मि कुजूर, प्रज्ञा मिंज, लुईसा बाड़ा, तेरेसा बाड़ा, आलमा कुजूर, सोभेंन लकड़ा, जेम्स लकड़ा, डेविड लकड़ा, पेत्रुस कुजूर, अनिल कुजूर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्रिजली कॉलेज में एनएसएस के स्थापना दिवस पर पौधरोपण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के 55वें स्थापना दिवस पर महाविद्यालय कैंपस में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डोमचांच के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर ने पौधारोपण किया. जिसमें बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं एवं सभी सहायक प्राध्यापक व शिक्षेकेत्तर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर कॉलेज की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना सदैव अपनी तत्परता दिखाता है. हमें हमेशा एक कदम आगे बढ़कर समाज के विकास में अपना योगदान देना चाहिए. कोडरमा के कार्यक्रम सह नोडल पदाधिकरी सौरभ शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करती है. समाज में विभिन्न प्रकार के जागरुकता अभियानों के द्वारा समाज को जागरूक करती है. सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता को बताते हुए सभी प्रशिक्षुओं को एनएनएस की सदस्यता के लिए प्रेरित किया.

**आस्था**

### कोडरमा में पांच दिवसीय गणपति पूजा का समापन

# नम आंखों से गणपति बप्पा को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार को पांच दिवसीय गणपति पूजा का समापन हो गया. देर शाम गणपति बप्पा का विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ निकाला गया. इस दौरान दुर्गा मंदिर परिसर से जुलूस निकला और जयनगर का भ्रमण करते हुए पेठियाबागी नदी तट तक पहुंचा. नदी में गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया गया और अगले वर्ष आने का न्यौता दिया गया. विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता था. पुलिस प्रशासन सहित शांति विकास समिति जयनगर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तैनात रहे. मौके पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई अमित कुमार, एएसआई दिलीप कुमार, मंडल एएसआई विकेश कुमार,सहित कई पुलिस जवान तैनात थे. वहीं शांति सह विकास समिति के अध्यक्ष अरमान खान, सचिव कैलाश प्रसाद, मुखिया कोशर खान, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, सुरेंद्र भाई मोदी रामकुमार, शशिकांत प्रसाद गुप्ता, संतोष साव, जहांगीर आलम, जमाल खान, मनोज रजक, शमीम खान, रहमत खान, समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, सरोज सोनी सहित समिती के कई सदस्य मौजूद रहे.

### ठेठईटांगर ताराबोगा में हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन

## खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को मिल रही है एक नई पहचान : संदेश एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर ।** प्रखंड के ताराबोगा में बिंझिया समाज द्वारा आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। जहां पर फाइनल मैच जिलिंगा बनाम पाण्दन टोली के बीच आयोजित हुई जहां पर जिलिंगा की टीम ने 3-0 में से जीत दर्ज की। खेल की शुरूआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का बाबूराम लकड़ा आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, सुदीप लुगुन के द्वारा खेल की शुरूआत की। मौके पर जिलिंगा की टीम विजेता बनी जिसे मुख्य अतिथि के द्वारा शानदार खस्सी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संदेश एक्का ने कहा इस क्षेत्र में लगातार खेल का आयोजन हो रहा है और जहां पर स्थानीय स्तर पर छिपे हुए प्रतिभा को बाहर लाने का काम किया जा रहा है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है क्योंकि अनुशासन में रहकर आगे खेलते हुए आगे चलकर जिला एवं पूरे देश का नाम रोशन कर सकेंगे। आज खेल के क्षेत्र में कई रोजगार के साधन है सहित कई जगहों पर विशेष स्पॉट कोटा के तहत लोगों को रोजगार मिल रहा है जिसे विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिले के हुनरमंद खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से एक नई पहचान मिल रही है और इसमें झारखंड पार्टी लगातार सहयोग करने का काम करेगी। वही इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष बुधराम कैस, कोषाध्यक्ष नंद कैश ,सचिव गोविंद प्रधान आदि मौजूद थे।

# खरौंधी प्रखंड में 281 नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड के 9 पंचायतों में आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न हुई। इसमें कुल 306 नवसाक्षरों को शामिल कराने का लक्ष्य था। परीक्षा में 228 महिला एवं 53 पुरुष यानी कुल 281 नवसाक्षर शामिल हुए। पंचायत मुख्यालय स्थित सरकारी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था।



संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने केंद्राधीक्षक के रूप में परीक्षा संपन्न कराई। वहीं साक्षरता प्रेरक वीक्षक की भूमिका में कार्य किए। परीक्षा के दौरान संबंधित प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक रंजु गुप्ता ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। कई महिलाएं दुधमुंहे बच्चों के साथ परीक्षा देने आई थीं। प्रखंड में 281 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। इस दौरान केंद्राधीक्षक मनोज कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राजनंदन राम, मोतीचंद जायसवाल, गोविंद उरांव, नसीम अंसारी, राघवेंद्र बिहारी, सतेंद्र दास, जितेंद्र सिंह वीक्षक अखिलेश साह, पुनमलता कुमारी, रिंकू कुमारी, माया आजाद, सलोना कुमारी, संगीता देवी, स्वीटी देवी, नजरे आलम, इंदु देवी, लीलावती कुमारी, रविता कुमारी, संध्या कुमारी, अशोक ठाकुर, सुशील यादव, बिनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

## 295 नवसाक्षरों ने दी आकलन जांच परीक्षा

**भवनाथपुर।** प्रखंड की सभी 9 पंचायतों में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आकलन जांच परीक्षा आयोजित की गई। केंद्र पर प्रधानाध्यापक सह संयोजक केंद्र के केंद्रधीक्षक थे। प्रखंड में कुल 9 केंद्र बनाए गए थे जिसमें मध्य विद्यालय बुनियादी भवनाथपुर, मध्य विद्यालय मकरी, मध्य विद्यालय बनसानी, मध्य विद्यालय सिंधीताली, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेल पहाड़ी, पंडरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चेरवाड़ी अरसली दक्षिणी मध्य विद्यालय, अरसली उत्तरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घाघरा सिंदुरिया तथा मध्य विद्यालय कैलान उक्त सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह संयोजक केंद्राधीक्षक उपस्थित रहे। परीक्षा 10:00 से 4 बजे तक हुई। प्रखंड में कुल 295 नवसाक्षर ने भाग लिया। उक्त जानकारी प्रखंड साक्षरता समिति के प्रखंड समन्वयक अरविंद तिवारी ने दी।

# बीडीओ ने डीलर पर कारवाई के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी को लिखा पत्र

नवीन मेल इम्पैक्ट

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल में शुक्रवार के अंक में 'राशनकार्ड धारियों ने डीलर के विरुद्ध बीडीओ को सौंपा आवेदन' शीर्षक से प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए बीडीओ सजह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन को पत्र लिखकर मुकुंदपुर गांव के मां अंबे महिला समूह की जन वितरण प्रणाली की दुकान पर कारवाई करने का अनुरोध किया है।


राशनकार्ड धारियों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

डीएसओ को लिखे पत्र में बीडीओ ने कहा है कि ग्राम मुकुंदपुर के जन वितरण प्रणाली दुकान मां अंबे महिला समूह के नाम से निर्गत है, परंतु उक्त दुकान का संचालन वीरेंद्र पासवान करते आ रहे हैं जो उत्तर प्रदेश के रेणुकूट में अधिकांश रहते हैं। इससे समय पर राशन वितरण नहीं हो पाता है और राशन कार्डधारकों को काफी कठिनाई होती है। राशन कार्ड धारकों को चावल, गेहूं हमेशा कम देते हैं, जो अनियमितता का मामला बनता है। उक्त दुकान पर का संचालन वीरेंद्र पासवान अवैध रूप से कब्जा जमाकर कर रहे हैं। इसको देखते हुए मां अंबे महिला समूह के ऊपर नियमानुसार अविलंब कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि मुकुंदपुर गांव के दर्जनों लाभुकों ने विगत दिनों बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण करने में अनियमितता बरतने, अभद्र व्यवहार और राशन कटौती की शिकायत कर डीलर पर कारवाई करने की मांग की थी।

## झामुमो की बैठक में जिले में विकास योजनाओं व संगठन के कार्यों की हुई समीक्षा

# 'भाजपा नहीं चाहती है कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी सुख-चैन से रहें'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** कल्याणपुर में मंत्री के आवास पर रविवार को झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें गढ़वा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं तथा संगठन की मजबूती की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।



इस दौरान निर्देश दिया गया कि जिला की सभी 189 पंचायतों एवं 1170 बूथों का गठन, पुर्नगठन 15 दिनों में करते हुए एवं सभी वर्ग संगठन को जिला विस्तार एवं प्रखंड कमेटी का गठन कर एक माह के अंदर जिला को सूची सौंपी जाए। बताया गया कि केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है तथा राज्य को मिलने वाली राशि भी समय पर नहीं दी जाती है। भाजपा नहीं चाहती है कि झारखंड के आदिवासी, मूलवासी सुख-चैन से रहें। भाजपा सरकार ने चुनावी लाभ के लिए महिला आरक्षण विधेयक लाया है। यह परिसीमन के बाद लागू होगा। परिसीमन प्रत्येक 25 वर्ष में होता है लेकिन भाजपा के लोग जानते हैं कि केंद्र में अब उसकी सरकार नहीं बन पाएगी इसलिए महिला आरक्षण विधेयक पास किया है। राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए ईडी एवं सीबीआई से जानबूझकर परेशान कराया जा रहा है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। केंद्र सरकार द्वारा झारखंड सरकार को अस्थिर करने की नीयत से आवास एवं मनरेगा का पैसा रोक दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा केंद्रीय मंत्री से मिलकर राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया परंतु केंद्र सरकार द्वारा राशि विमुक्त नहीं की गई। मुख्यमंत्री द्वारा आवास विहीन लोगों के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ की गयी है। सरकार द्वारा सिद्धो कान्हू युवा क्लब का गठन प्रत्येक ग्राम में किया जाना है। इसमें पच्चीस सदस्य होंगे। इन्हीं सदस्यों में से बूथ कमेटी बनाई जायेगी और साल में युवा क्लब को 25 हजार रुपये अनुदान दिया जायेगा। भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा महिलाओं को लक्ष्य कर अमर्यादित एवं अशोभनीय बातें बोलकर सारी महिलाओं को गाली दी गई। यह सिर्फ गढ़वा ही नहीं पूरे देश भर की महिलाओं का अपमान है। भाजपा के शीर्ष नेतागण अगर सत्येद्रनाथ तिवारी को पार्टी से निष्कासित नहीं करते हैं तो जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल की पूरी विधायक निधि की राशि अपनी जेब में रख ली। आज मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जी द्वारा जो भी विकास कार्य हो रहा है, उसको देखकर तिलमिला रहे हैं। पूर्व के जितने भी विधायक रहे वो गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को बंजर बनाकर रखे थे। पूर्व विधायक को अब कभी विधायक नहीं बनने का डर सता रहा है जिससे इनका मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है और उलूल-जलूल बोलते चल रहे हैं। राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में जनहित की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

मौके पर जिला सचिव मनोज ठाकुर, 15-सूत्री सदस्य मदनी खान, केंद्रीय सदस्य शंभु चंद्रवंशी, केंद्रीय सदस्य राजकिशोर यादव, केंद्रीय सदस्य मो. शरीफ अंसारी, केंद्रीय सदस्य जेपी मिंज, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, पूर्व विधायक, भवनाथपुर अनंत प्रताप देव, पूर्व प्रत्याशी, भवनाथपुर ताहिर अंसारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अल्संख्यक जिला अध्यक्ष आलमगीर अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ छोटू, विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, गढ़वा प्रखंड सचिव रितेश चौबे, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, चिनियां प्रखड अध्यक्ष अरविंद यादव, महिला मोर्चा जिला सचिव चंदा देवी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मीना देवी, 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पाण्डेय, वरिष्ट नेता सुनिल किस्पोटा, विधायक प्रतिनिधि चन्दन पासवान, जिला कार्यकारणी सदस्य फखरे आलम खाँ, जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, बड़गड़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जूण मिंज, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, जिला उपाध्यक्ष विकाश सिंह कुशवाहा, रमकंडा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, रंका प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, जिला संगठन सचिव करीब अंसारी ओमप्रकाश गुप्ता, सदाब खां, सद्दाम अंसारी, तहजीब खां, निलेश पांडेय, लल्लू राम, हेफाजत अंसारी, अनुज कुमार चंद्रवंशी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुधमुंहे बच्चे के साथ बैठी महिला की अचानक मौत



**मेराल।** बस स्टैंड के डंडई रोड पर रविवार की शाम करीब 6:00 बजे दुधमुंहा बच्चे के साथ बैठी एक मुसहर महिला की अचानक मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार महिला बस स्टैंड के बगल में डंडई रोड के तोरण द्वार के सामने सड़क किनारे बैठी हुई थी तथा उसके साथ एक छोटा बच्चा था। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। बच्चा के रोने की आवाज सुन अगल-बगल के लोग वहां पहुंचे तो देखा कि महिला मर चुकी है तथा उसका बच्चा रो रहा है। दुधमुंहा बच्चा को रोते देख लोगों ने उसे खाने के लिए केला दिया लेकिन वह बच्चा केला खुद न खाकर मां को खिलाने का प्रयास करने लगा। बच्चे की भावना देख जमा हुए लोग भावुक हो गए तथा कई लोगों की आंखों में आंसू आ गए। घटना की सूचना मेराल पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची तथा मृत महिला एवं बच्चे को अपने साथ लेकर थाना ले गई। खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान बना गांव निवासी के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त

### बिजली चोरी करते 10 लोगों को पकड़ा गया

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के करिवाडीह, सूंडी, पिपरी में बिजली विभाग के एसडीओ दीपक कुमार, कनीय अभियंता गुणवंत कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी के किलाफ सघन छापामारी चलाकर कर 10 लोगों को अवैध रूप से बिजली जलाते हुए पकड़ा गया। बिजली विभाग के एसडीओ एवं कनीय अभियंता ने खरौंधी थाने में बिजली मिस्त्री इंदल राम से आवेदन दिला कर प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया। छापामारी दल में इंदल राम, अमल राय, रिंकू राम, अरविंद मेहता, इंदुभूषण विश्वकर्मा, योगेंद्र प्रजापति शामिल थे। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। कार्रवाई की जाएगी।

### पांच को अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा

**चिनिया।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाकर मौके से पांच लोगों को अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा है। विभाग ने पांचों के खिलाफ चिनिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों में चिनिया निवासी विनोद यादव, सूरज देव राम, राजमूणि कोरवा, रूपेश कोरबा, राजेश कोरवा शामिल हैं। छापेमारी में बिजली विभाग के सिकंदर कुमार, विद्युत कर्मी तमजीत मंसूरी, सीमंत चंद्रवंशी व रघुनंदन सिंह शामिल रहे।

### मेराल थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**मेराल।** ईद उल मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि त्योहार को लेकर पुलिस सभी तरह के असामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह बनाए हुए हैं। आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह से बचें। बैठक में प्रमुख दीपमाला व उप प्रमुख निजाम खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, मुखिया अजीज अंसारी, रामसागर महतो, संजय राम, मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र गोस्वामी, रविंद्र गुप्ता, बीडीसी प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, उप मुखिया नसीम अंसारी, नबीज अंसारी, समाज सेवी मिनहाज खान, जहुर रंगसाज, महेंद्र प्रसाद, शिवकुमार चौधरी, विजय प्रसाद गुप्ता, धर्मराज राम आदि उपस्थित थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**चिनिया।** थाना परिसर में ईद उल मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने की। इस मौके पर सर्वसम्मति से शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की बात कही गई। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। वहीं त्योहार के मौके पर शरारती तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। मौके पर समाजसेवी मोहम्मद फरीद, मोहम्मद यासीन, कपिल प्रसाद, उमेश यादव, नंदू सिंह, महमुद अंसारी, विद्या कुमार रवि, श्याम बिहारी राम, बंधु राम, इरफान अहमद आदि मौजूद थे।

### जहरीले जीव के काटने से महिला जख्मी

**गढ़वा।** नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के हनुमंता कला गांव निवासी धनंजय बैठा का पत्नी सुशीला देवी जहरीले जीव के काटने से जख्मी हो गई। उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। सुशीला देवी ने बताया कि रविवार को अपने खेत में घास काटने गई हुई थी। इसी दौरान उसके हाथ में विषैला जीव ने काट लिया।

### शौर्य जागरण यात्रा को लेकर विहिप ने की बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा कार्यक्रम को लेकर रविवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय ने की। बैठक में मुख्य रूप से विहिप के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए देव ने कहा कि कार्यक्रम के तहत आगामी 28 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे श्री बंशीधर मंदिर प्रांगण में विशाल धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अयोध्या से संत महात्माओं का आगमन होगा। वहीं 29 सितंबर को सुबह 8:00 बजे श्री बंशीधर मंदिर परिसर से शौर्य जागरण यात्रा शुरुआत की जाएगी। यात्रा बिशुनपुरा, रमना, चिनिया, रंका समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में घूमते हुए पलामू, लातेहार, लोहरदगा होते हुए रांची के श्री जगन्नाथ मैदान में पहुंचेगी, जहां 8 अक्टूबर को विशाल धर्म सभा होगी, जिसमें पूरे प्रांत से राम भक्त पहुंचेंगे। मौके पर विहिप संगठन मंत्री राहुल कुमार जयसवाल, गौ रक्षा मंत्री विकास पाल, प्रदीप कुमार, विद्यार्थी मंत्री अरविंद कुमार उर्फ बादल, उत्कर्ष जायसवाल, दीपू पासवान, ललित कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमेटी का गठन

**भवनाथपुर।** कैलान पंचायत भवन मे रविवार को दुगार्पूजा को लेकर जय मां भवानी क्लब की बैठक मुखिया सुकनी देवी अध्यक्षता में की गई। इसमें दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष नन्हक यादव, उपाध्यक्ष अनिल यादव, सचिव अयोध्या साह, सह सचिव शिव कुमार साह, कोषाध्यक्ष प्रसनजीत यादव, सूचना प्रभारी विशाल पटेल, सुरक्षा प्रभारी उमेश यादव, संरक्षक राम प्रताप यादव, श्याम बिहारी यादव, राजमोहन यादव, विमलेश यादव, नगीना यादव, चंद्रदेव साह, सुरेंद्र यादव, संजय यादव, स्वच्छता प्रभारीदुखी यादव, सह स्वच्छता प्रभारीराकेश पासवान, सदस्य विजय बैठा, रघुवंश यादव, बैजनाथ यादव, संजू यादव, अरविंद यादव, रोहित यादव, रामाधार यादव, परीखा कोरवा, चंदन यादव, गुलाबचंद कोरवा, आलोक यादव, विकास यादव, उदय यादव, विनोद साह को बनाया गया।

### चार सरकारी चापाकलों में लगाया सबमर्सिबल

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गाहिड़ी में चार स्थानों पर चार लोगों के द्वारा निजी उपयोग के लिए सरकारी चपाकल में सबमर्सिबल लगाया गया है, जिससे पानी को लेकर संकट पैदा हो गया है। सबमर्सिबल चालू करने के पश्चात चपाकाल का पानी सूख जाता है। दो से तीन घंटा तक चपाकल नहीं चलता है, जिससे आमजनों को पानी पीने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि पुनः चापाकल चालू भी होता है तो पीला कलर एवं गंदा पानी देता है। इसको पीने से लोगों को कई तरह की बीमारी होने का भय है। सरकारी चपाकल में सबमर्सिबल लगाने की कवायद बड़े पैमाने पर जारी है। यदि यही सिलसिला रहा तो ग्राम गाहिड़ी चापाकल विहीन हो जाएगा।

# रेलवे क्लब में हुआ तीनदिनी लूडो प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब सामूदायिक भवन में रविवार से भारतीय लूडो महासंघ लूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान तीन दिवसीय छठी नेशनल लूडो प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन जिला परिशद सदस्य संतोषी शेखर, कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मुखिया कालो देवी, रेलवे क्लब सचिव रणजीत सिंह राणा, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर ने किया। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 16, अंडर 19 बालक बालिका वर्ग के 50 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मौके पर लूडो महासंघ के राज्य स्तरीय रेफरी अशफाक अहमद मुन्ना ने खेल का सफल संचालन किया। प्रतियोगिता में नामांकन अब भी जारी है। बालक बालिका प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपना नामांकन 25 सितंबर तक करवा सकते हैं। मौके पर प्रेम कुमार अधूरा, सुनील कुमार सिंह, सुजीत गुप्ता, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।



## मालगाड़ी से कोयला चोरी करता युवक गिरफ्तार

**चंदवा।** रेसुब पोस्ट टोरी के अधिकारी और जवान ने रविवार को बिराटोली में कोयला लदी मालगाड़ी से कोयला चोरी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। रेसुब पोस्ट टोरी इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि अधिकारी एवं जवान टोरी शिवपुर सेक्शन पर गश्त कर रहा था। इसी दौरान बिराटोली में एक व्यक्ति को खड़ी कोयला लदी मालगाड़ी वैगन से कोयला चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक की पहचान संजय कुमार गंझू, पिता गंगवा गंझू नगर, थाना चंदवा जिला लातेहार के रूप में हुई है। युवक को रेलगाड़ी से गिराए हुए करीब 250 किग्रा कोयला के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# सास-बहू डबल मर्डर केस में पुलिस ने हत्यारा पति को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र में घटित सास-बहू डबल मर्डर केस में पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी पति कुलदीप दांगी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने बिहार के गया रेलवे स्टेशन से हत्यारे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार कुलदीप अपनी पत्नी व मां की किरोसिन छिड़कर निर्मम हत्या करने के बाद से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस निरंतर छापामारी अभियान चला रही थी। हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम के नेतृत्व में पुलिस टीम बिहार भेजा था। डीएसपी मुख्यालय ने जानकारी देते हुए बताया कि सनकी कुलदीप ने मामूली घरेलू विवाद में विगत 14 सितंबर की रात थाना क्षेत्र के पीतीज स्थित सुरही बागी गांव में किरोसिन छिड़ककर अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी थी। इसी दौरान हत्यारे की मां भी गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसकी मौत उपचार के दौरान अस्पताल में हो गई थी। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कुलदीप घर छोड़कर फरार हो गया था। इसके बाद कुलदीप के ससुर ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई, उसके बाद से थाना प्रभारी विनोद कुमार सशस्त्र बल के जवानों के साथ लगातार कुलदीप की गिरफ्तारी को लेकर सघन अभियान चला रहे थे।



## आयोजन | मुखिया संघ की जिलास्तरीय बैठक में सरकार पर आरोप

# पंचायत प्रतिनिधियों की हो रही अनदेखी

**नवीन मेल संवाददाता। रमना** गढ़वा जिला मुखिया संघ की बैठक पंचायत सचिवालय रमना के सभागार में रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार पांडेय ने की।



बैठक में जिला मुखिया संघ को सशक्त बनाने, गढ़वा जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए राहत कार्य चलाने, मुखिया की अनुशंसा पर प्रत्येक पंचायतों में 10-10 चापाकल लगाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। गढ़वा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष बसंत चौबे ने आरोप लगाते हुए कि सरकार पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी कर रही है। अन्य प्रदेशों की तरह यहां के पंचायत प्रतिनिधियों को भी सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। मेराल मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामसागर महतो ने सरकार से जनता की मांग के अनुरूप योजना बनाने की मांग की। रमकंडा मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवन प्रसाद कमलापुरी ने कहा कि मुखिया संघ के अध्यक्ष का उद्देश्य ग्रामीण जनता के उद्देश्यों को पूरा करना है। वहीं विशुनपुरा मुखिया संघ के अध्यक्ष ललित किशोर सिंह ने मुखिया संघ को सशक्त बनाने पर जोर दिया। मौके पर सदर मुखिया दुलारी देवी, मडवानिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, बहियार कला मुखिया सावित्री देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी, भगोडीह मुखिया मौजूद थे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता की उपविजेता टीम का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** खेलो झारखंड वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए स्नोतर उच्च विद्यालय छाताकुड़ की टीम ने उप विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। रविवार को वापसी पर खिलाड़ियों का प्रखंड के लोगों ने स्वागत किया। बीआरसी कार्यालय भवन पर प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी कमलेश कुमार, बीपीएम रवि बैद्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद मौजूद रहे। मुखिया प्रमोद ने टीम को मां भगवती की प्रतिमा और अंग वस्त्र भेंट किया। कोच प्रदीप सिंह ने कहा कि दसवीं कक्षा की छात्रा आरती, छोटी, कविता, रेखा, मानता, छोटी, मानसी, उजाला, रानी, चंपा, हेमा ने अच्छा प्रदर्शन किया। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष शुशिल पाठक, बीपीओ मनोज, राम भजन गुप्ता, शिक्षक देवेंद्र मेहता, राजीव कुमार, संतोष ठाकुर, दीनानाथ मेहता मौजूद थे।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
सोमवार, 25 सितम्बर, 2023

# विचार प्रवाह

ज्ञान की बात

**यदि हम अपनी नीयत अच्छी और मकसद सही रखेंगे मुसीबत के समय किसी न किसी रूप में ऊपर वाला हमारी मदद जरूर करेगा ।**

**- अज्ञात**



## सुप्रीम कोर्ट में 'सनातन'

***सुप्रीम*** कोर्ट ने सनातन धर्म पर उनकी टिप्पणी के खिलाफ दायर याचिका के जवाब में तमिलनाडु सरकार और उदयनिधि स्टालिन को नोटिस जारी किया है। यह देखा जा रहा है कि तमिलनाडू में द्रविड़ मुनेत्र कषगम पार्टी के तेवर कुछ दिनों से हिंदू सनातन धर्म के बारे में पेरियारवादी होते जा रहे हैं। चार दशकों तक उन्होंने बीच का रास्ता अपनाया था। शायद इसलिए द्रमुक की जगह पहले अन्ना डीएमके के फिल्मी नायक एमजी रामचंद्रन ने ले ली थी, फिर जयललिता ने। ये दोनों ही द्रमुक आंदोलन के ऊपरी तौर पर हिस्सेदार थे पर अंदर से ब्राह्मणवादी सनातन हिंदू धर्म को मानते थे। अब द्रमुक ने अन्ना डीएमके को लगभग समाप्त कर दिया है और जो बचीखुची पार्टी थी वह भारतीय जनता पार्टी के कारण बिखर गई क्योंकि भाजपा कभी एक धड़े के साथ होती तो कभी दूसरी के।

**सुप्रीम कोर्ट ने सनातन धर्म पर उनकी टिप्पणी के खिलाफ दायर याचिका के जवाब में तमिलनाडु सरकार और उदयनिधि स्टालिन को नोटिस जारी किया है। यह देखा जा रहा है कि तमिलनाडू में द्रविड़ मुनेत्र कषगम पार्टी के तेवर कुछ दिनों से हिंदू सनातन धर्म के बारे में पेरियारवादी होते जा रहे हैं।**

द्रमुक आंदोलन मंदिरों के प्रदेश तमिलनाडू में सब से ज्यादा मुखर हुआ और पेरियार ने हिंदू देवी देवताओं के बारे में बहुत कुछ कहे। हर धर्म की यह खासीयत रही है कि उस की मुख्य किताब या विचारधारा का प्रकाशन करने वाले, ग्रंथों को लिखने वाले बहुत से अतार्किक और आसानी से न पचाए जाने वाले तर्क जोड़ते रहे। अपने देवी देवता के गुणगान में वे उस समय की प्रचलित कहानियों को उनमें जोड़ते रहे ताकि ग्रंथ में भारतीयता बनी रहे। इन्हीं का सहारा लेकर धर्मगुरु अपने भक्तों के साथ मनमानी करते रहे हैं। हर धर्म में भक्तों को पूरा पैकेज एक साथ लेना पड़ता रहा है। जहां वे जीवन के कुछ गुरों, चमत्कारों से सुख की वर्षा, ईश्वर कृपा से दुखों को भूलना सीखते रहे हैं। वहीं इन कथाओं को ऊपर वाले के दिए समय को मान कर सहन और स्वीकार करते रहे हैं।

भारत में हिंदू धर्म ने जाति व्यवस्था इसी तरह थोपी और उस समय के कमजोर आज कितनी ही सदियां बीत जाने के बाद भी कमजोर, अछूत या अछूत जैसे, गैरबराबर, भेदभाव के जन्म से शिकार रहे हैं। शक्तिशाली, समर्थ, पैसे वाले, लिखने पढ? में योग्य अपनी चालबाजियों से धर्म में सफल रहे हैं। अमेरिका में अफ्रीका से ले जाए गए काले हबशी गुलाम चर्च के कहे अनुसार ईसाई बन गए लेकिन उन्हें यह समझा दिया गया कि उनकी गुलामी और मालिक के अत्याचार उन के हिस्से में ईश्वर ने दिए हैं और वह कयामत के दिन न्याय करेगा जब सब मरे लोगों की आत्माएं जाएंगी और ईश्वर उन्हें स्वर्ग तक भेजेगा। हिंदू धर्म की जन्म से ही भेदभाव वाली पद्धति के खिलाफ द्रमुक ने मोरचा खोल दिया है। दबाव इतना बढ़ गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत को मानना पड़ा है कि हिंदू धर्म ने 200 साल तक अन्याय किया है और इसे सुधारना जरूरी है। दरअसल, ऊंची जातियों की बराबरी शासकीय, शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक बराबरी पिछड़ी निचली जातियां कभी नहीं कर पाएंगी। ऊंची जातियों के पास अब नई टैक्नोलौजी के नए अस्त्र आ गए हैं जिनके माध्यम से वे पूरी कौम की सोच और उनसे मिलने वाली सूचनाओं को मनमाने ढंग से फिल्टर कर सकते हैं। उदयनिधि और ए राजा जैसे हमले बहुत बार हुए हैं पर ब्राह्मणवादी सनातन धर्म टस से मस नहीं हुआ जैसे कैथोलिक चर्च या सुन्नी इसलाम नहीं हुआ।

# सभ्यतागत त्रासदी का एकात्म मानव दर्शन

***एकात्म*** मानववाद जैसी विचारधारा और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आज (25 सितंबर) जयंती है। उनका एकात्म मानव दर्शन मनुष्य को केंद्र में रखकर के संपूर्ण विश्व व्यवस्था का और उससे आगे बढ़ते हुए ब्रह्मांड व्यवस्था का मूल्याधिष्ठित किंतु व्यावहारिक विश्लेषण एवं दार्शनिकीकरण है। हम जानते हैं कि दर्शन के रूप में इसका सैद्धांतीकरण 1965 में आयोजित भारतीय जनसंघ के कालीकट अधिवेशन में हुआ था, जिसमें भारतीय जनसंघ के नीति प्रारूप के रूप में इस पर चर्चा की गई। चर्चा के अनंतर इसे भारतीय जनसंघ के दिशा निर्देशक सिद्धांत और दार्शनिक अधिष्ठान के रूप में स्वीकार किया गया। इसके तत्काल बाद मुंबई में देशभर के भारतीय जन संघ के कार्यकर्ताओं के समक्ष पं.दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानव दर्शन को विस्तार से प्रस्तुत किया। एकात्म का तात्पर्य एक ही होना है। एक ही प्रकार की चेतना , बुद्धि और एक ही प्रकार की चिंतन प्रक्रिया का होना है। एकात्म मानव दर्शन का जो तत्वमीमांसीय अधिष्ठान है, वह अधिष्ठान, दीनदयाल जी ने शंकराचार्य पर जो पुस्तक लिखी थी उसमें ही बीज रूप में था। एकात्म यानि अद्वैत की दृष्टि अर्थात मैं और तुम ये दो नहीं हैं। पश्चिम में उपजी हुई समकालीन विचारधाराओं को यह पहला भारतीय प्रत्युत्तर है। उपाध्याय जी की दृष्टि से विचार करेंगे तो मनुष्य एक विशिष्ट रचना है। ये शरीर है,मन है, बुद्धि है और आत्मा है। इस प्रकार यह एक फोर डायमेंशनल निर्मिति है। जिसमें शरीर या मनुष्य की ज्ञानेंद्रियां, मन और बुद्धि यह ज्ञात हो सकने वाले तथ्य हैं और इनसे परे जो आत्मा है वह ज्ञाता है। अभी तक यूरोप की जो पूरी विचार सरणि है वह त्रिआयामी जगत से अधिक का विचार नहीं कर सकती है। एकात्म मानववाद दर्शन की वह प्रणाली है जो त्रिआयामी जगत को अतिक्रांत करती हुई, लंबाई, चौड़ाई, मोटाई के संसार से बाहर जाते हुए चौथे आयाम की बात करती है। साम्यवाद और पूंजीवाद के जो विविध पर्याय दुनिया भर में



विकसित हुए थे, उन विविध पयार्यों में मात्र उत्पादन और वितरण को केन्द्र में रखकर विचार किया गया था। दीनदयाल जी बड़ी स्पष्टता के साथ कहते हैं कि दोनों एकांगी हैं। दोनों ही मनुष्यों और समाज के एक ही हिस्से का विचार कर पाते हैं। एक जो मनुष्य जाति के लिए उत्पादन का विचार कर सकने वाला या उसकी अधिकारिता का विचार कर सकने वाला पूंजीवादी दृष्टिकोण है तो दूसरा मनुष्य के लिए वितरण की व्यवस्था और मनुष्य के सामाजिक उत्तरदायित्व इसका विचार कर सकने वाला समाजवाद, वैज्ञानिक समाजवाद, साम्यवाद या मार्क्सवाद के विविध पर्यायों से दुनियाभर में विकसित हुआ समाज केंद्रित विचार है। केवल उत्पादन या केवल वितरण मनुष्य का जीवन नहीं है। यदि केवल उत्पादन करना, उत्पादन का वितरण करना और उत्पादन का उपयोग करना यही मनुष्य का लक्ष्य है तो मनुष्य और पशु के बीच का भेद करना संभव नहीं है। यह वह प्रस्थान बिंदु है जहां दीनदयाल जी भारत की अनादि सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित एक दर्शन की प्रस्तुति करते हैं। एक समाज दर्शन की, एक व्यावहारिक दर्शन की प्रस्तुति करते हैं। ऐसे व्यवहारिक दर्शन की प्रस्तुति करते हैं, जो जीवन के प्रश्नों का समाधान करते हुए, राज्य के व्यवहार के प्रश्नों का समाधान

**हम जानते हैं कि दर्शन के रूप में इसका सैद्धांतीकरण 1965 में आयोजित भारतीय जनसंघ के कालीकट अधिवेशन में हुआ था, जिसमें भारतीय जनसंघ के नीति प्रारूप के रूप में इस पर चर्चा की गई।**

**इन दिनों**

करते हुए, राज्य के लिए दिशा-निर्देशक तत्व के रूप में प्रस्तुत होते हुए, इस जीवन से परे लोकोत्तर जीवन के भी समाधान का रास्ता निकलता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दीनदयाल उपाध्याय जी वह पहले दार्शनिक हैं जो मनुष्य को सही अर्थ में परिभाषित करने की कोशिश करते हैं। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के संबंध में अपने प्रथम व्याख्यान में एकात्म मानववाद को धार्मिक मनुष्य, धर्माधिष्ठित मनुष्य, धर्मनियामित मनुष्य के रूप में प्रतिस्थापित करते हैं। वह धर्म ही है जो मनुष्य को विशिष्ट बनाता है। उपाध्याय जी एक विशिष्ट प्रकार के दर्शन की प्रस्तुति करते हैं। यह विशिष्ट प्रकार का दर्शन समग्रता में सोचना है, सर्वमयता में देखना है। बांट-बांट कर देखना नहीं है। टुकड़े -टुकड़े में देखना नहीं है। एक बड़े लक्ष्य के साथ समाज की निर्मिति करनी है, राज्य की निर्मिति करनी है, राज्य के आगे जाकर विश्व व्यवस्था की निर्मित करनी है तो उसके लिए उपाध्याय जी विश्व के नक्शे के टुकड़ों को सामने रखकर कहते थे कि इसको जोड़ो। पूरी दुनिया से परिचय तो किसी का नहीं है, इसलिए अपरिचित मनुष्य को उसको जोड़ने में कठिनाई होती है। क्योंकि नक्शा प्रतीक मात्र है। उसे संपूर्णता में मनुष्य न देख सकता है ना अनुभव कर सकता है। इसलिए वह उसे नहीं जोड़ सकता। लेकिन यदि उसी टुकड़े को उल्टा किया जाए और एक मनुष्य का चित्र टुकड़े-टुकड़े में हो तो मनुष्य मनुष्य को जानता है, मनुष्य मनुष्य से परिचित है, उसके अंगों से परिचित है इसलिए वह मनुष्य को जोड़ लेता है। मनुष्य को जोड़ने से विश्व तक और ब्रह्मांड तक जोड़ा जा सकता है। यह सहज रास्ता है। एकात्म मानव दर्शन का लक्ष्य मनुष्य को जोड़ना है, मनुष्य को निर्मित करना है, मनुष्य को ठीक ढंग से खड़ा करना है। एक निर्मित मनुष्य, एक सुसंस्कृत मनुष्य, एक सुशिक्षित मनुष्य, एक जिम्मेदार मनुष्य जब निर्मित होता है तो विश्व व्यवस्था निर्मित होती है। एकात्म मानववाद वह दृष्टि है जिसके केन्द्र में मनुष्य है, इसलिए एकात्म मानववाद वस्तुतः धर्म आधारित दर्शन है। मनुष्य का विचार करना ही धर्म का विचार करना है। लेकिन उपाध्याय जी बार-बार धर्म आधारित दर्शन, धर्म आधारित समाज, धर्म आधारित व्यक्ति, धर्म आधारित राज्य व्यवस्था की चर्चा में करते हैं तो सावधानी भी बरतते हैं। जब वह धर्म और धर्म आधारित समाज की बात करते हैं तो वह रेलिजियस कम्युनिटी की बात नहीं करते हैं। एकात्म मानव दर्शन मनुष्य की मानसिक आवश्यकताओं की, मनुष्य की बौद्धिक आवश्यकता की और मनुष्य की आत्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति का जीवन और जगत के अंतसंबंधों के परिप्रेक्ष्य में सांगोपांग विचार है। एकात्म मानववाद वस्तुतः उस कालखंड में और आज भी जो दो मूल पाश्चत्य विचार हैं जिनको दक्षिण पंथ और वामपंथ के नाम से जाना जाता है, लेफ्ट- राइट के नाम से जाना जाता है, इन सबको शमित करते हुए, प्राचीन जीवन मूल्यों पर आधारित अधुनातन समाज और भविष्य के मानव जीवन के लिए, एक दार्शनिक अवधारणा की निर्मिति करते है, जो वस्तुतः मनुष्य, मनुष्य के समाज, मनुष्य के राष्ट्र इन सबका सम्यक विचार करते हुए सबके लिए सुख सृजित करने की व्यवस्था का प्रतिपादन करता है। यह त्याग पर आधारित है लेकिन उपभोग का निषेध करके नहीं। 'ईशावास्यं इदं सर्वं, यत्किंच जगत्यांजगत, तेन त्यक्तेन भुंजीथा, मा गृधः कस्यस्विद्धनम'। इस संसार में जो कुछ है सब कुछ ईश्वर की अभिव्यक्ति है। सब ईश्वर निर्मित है। इसलिए मनुष्य सब तुम्हारे लिए है। लेकिन तुम्हें बेलगाम उपभोग का अधिकार नहीं है। अपितु त्याग और नैतिकता से नियंत्रित होकर उपभोग करना है। यही धर्म है। इसी धर्म को व्यक्ति धर्म, समाज धर्म, राजधर्म, राष्ट्रधर्म, विश्वधर्म के रूप में समझा जा सकता है। एकात्म मानव दर्शन का तात्पर्य मनुष्य का एकात्म विचार करना है। वह बंटा हुआ नहीं है। वह टुकड़े-टुकड़े में नहीं है। अपितु सब रूप में वह एकरस है, एक प्रकार है, इस दृष्टि को प्रकाशित करना एकात्म मानव दर्शन है।

**■ रजनीश कुमार शुक्ल**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें कथा धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***आइये***, अब हम उन सबूतों का अध्ययन करें जो कहते हैं कि सतगुरु धर्मराज (यम) द्वारा किये गये खाते को रद्द कर देते हैं। सतगुरु धर्मराज (यम) द्वारा लिखे गये खाते को रद्द कर देते हैं। पूर्ण गुरु स्वयं परमात्मा के अवतार होते हैं जो साधकों को सतभक्ति प्रदान करके काल के जाल से मुक्ति प्रदान करते हैं। सतगुरु सभी शास्त्रों के पूर्ण ज्ञाता होते हैं। आदरणीय संत गरीबदास जी महाराज सतगुरु की शक्ति की महिमा करते हुए बताते हैं कि सतगुरु जो चाहे सो करहीं, चैदह कोटि दूत जम डरहीं अर्थात सतगुरु जो चाहें वो कर सकते हैं और यम के दूत भी सतगुरु से डरते हैं, और कहा है कि **धर्मराज (यम) तेरा लेख लेगा वहाँ क्या बात बनाएगा**
**लाल खंब से बंधा जागा बिन सतगुरु कौन छुटावेगा** अर्थात जब धर्मराज तुम्हारा हिसाब लेगा तब तुम कुछ नहीं कर पाओगे, जलते गर्म लाल डंडे से बंध दिए जाओगे और उस दुख से केवल सतगुरु ही छुटकारा दिला सकते हैं। भगवान कबीर जी कहते हैं
**गरीब, जम जौरा जासे डरे, मिटें करम के लेख अदली असल कबीर हैं, कुल के सतगुरु एक**
सर्वशक्तिमान कबीर परमात्मा स्वयं सतगुरु की भूमिका निभाते हैं जिन से यमराज भी डरते हैं। वे सतगुरु के रूप में धर्मराज (यम) द्वारा एकत्रित किए गए पाप कर्मों खाते को समाप्त कर देता है। **गरीब, जूनी संकट मेट हैं, औंधे मुख नहीं आय ऐसा सतगुरु सेइये, जम से लेत छुडाय गरीब, जम जौरा जासे डरे, धर्मराय के दूत चैदा कोटि ना चंप हीं, सुन सतगुरु की कूत**
संत गरीबदास जी महाराज ने सतगुरु की शक्ति का गुणगान करते हुए कहा है कि जिन्दा बाबा के रूप में मुझसे पूर्ण परमात्मा ही सतगुरु रूप मिले थे।

*(क्रमशः)*

# भारत-कनाडा विवाद पर दुनिया की नजर

***वैश्विक*** स्तरपर एक ओर भारत की दुनियां के विकसित देशों के साथ रणनीतिकसाझेदारी है, तो दूसरी ओर भारत ग्लोबल साउथ का नेता बनकर उभर रहा है वहीं तीसरी और वर्तमान परिपेक्ष में भारत अमेरिकी दोस्ती की प्रगाढ़यता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं रूस के साथ भी भारत की पारंपरिक यारी रही है। यानें कहा जाय तो भारत वैश्विक स्तरपर दोनों महाशक्तियों के साथ बैलेंस बनाकर कुछल कूटनीति, विदेशनीति रणनीति अपना रहा है ताकि उसे किसी भी विपरीत परिस्थिति में किसी भी प्रकार का नुकसान ना हो। इसी रणनीति का हमें आज भारत कनाडा विवाद में सकारात्मक पहलू नजर आ रहा है कि कनाडा नाटो जी-7 फाइव आइज का सदस्य होने केबावजूद भारत-कनाडा विवाद में कोई पश्चिमी देश सीधे रूप से कनाडा के साथ खड़ा नजर नहीं आ रहा है। बल्कि कनाडा का विपक्ष भी उनके विरोध में खड़ा हो गया है। बता दें 2025 में कनाडा में आम चुनाव हैं जिसके चलते एकविशेष वर्ग के वोटो पर पकड़ रखने का यह रणनीतिक दांव भी हो सकता है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता,परंतु यह निश्चित लग रहा है कि भारत कनाडा के बिगड़ते संबंधों को ठीक होने में काफी लगभग लग सकता है, जिसका दुष्परिणाम दोनों देशों केनागरिकों सहित अनेक क्षेत्रों में पढ़ सकता है। परंतु पेटांगन के एक पूर्व अधिकारी द्वारा विवाद बढ़ने पर अमेरिका का रुख भारत के साथ आने के बयान से हमारी बाशें खिल उठी है, इसमें हम अपनी प्रतिष्ठा और रुतबा देख रहे हैं। चूंकि भारत-कनाडा संबंध काफी बिगड़ से जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत अमेरिका को भारत-कनाडा में चुनना पड़ा तो भारत को चुनेगा, पेटांगन के पूर्व अधिकारी के बयान से भारत का रुतबा दिखा। साथियों बात अगर हम 23 सितंबर 2023 को पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी के बयान की करें तो, अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञ बोले, अमेरिका, भारत का साथ देगा, माइकल रुबिन ने बड़ाबयान देते हुए कहा कि अमेरिका उस स्थिति में नहीं आना चाहता कि उसे दो दोस्तों में से किसी एक को चुनना पड़े, लेकिन अगर ऐसा होता है तो हम भारत को चुनेंगे क्योंकि निज्जर एक आतंकवादी था और भारत, अमेरिका के लिए अहम भी है। हमारे संबंध महत्वपूर्ण हैं। जस्टिन ट्रूडो लंबे समय तक कनाडा के पीएम नहीं रहेंगे और ऐसे में उनके जाने के बाद हम फिर से संबंध मजबूत कर सकते हैं। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो ने भारत कनाडा विवाद पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि कनाडा के सहयोगी देश उनकी थ्योरी से सहमत हैं। जब जमाल खाशोगी की इस्तांबुल में हत्या हुई थी तो उस वक्त तुर्किए ने कई अहम सबूत दिये थे, जिसके चलते सऊदी अरब की दुनियाभर में आलोचना हुई थी। लेकिन यहां बिना सोचे समझे आरोप लगा रहे हैं और वह अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर सके हैं। जब वे कहते हैं कि उनपर विश्वास कीजिए तो लगता है कोई भी उन पर विश्वास नहीं करता। यह सबकुछ चुनाव प्रचार के लिए हो सकता है, जिसमें उनकी हारने की संभावना दिख रही है। यही वजह है कि अमेरिका समेत फाइव आइज देश इस मुद्दे पर कनाडा का साथ नहीं दे रहे हैं। अब बात इसकी कि यह मुद्दा कितना लंबा खिंच सकता है, इस पर भी जानकारों की राय बंटी हुई है। अमेरिका के पूर्व रक्षा अधिकारी उन्होंने कहा है,अगर कनाडा इस मुद्दे पर विवाद करना चाहता है, तो यह किसी चींटी के हाथी से लड़ाई करने जैसा है। भारत रणनीतिक रूप से कनाडा से कहीं ज्यादा अहम है। इसे पश्चिम से आया सबसे मुखर बयान कह सकते हैं, क्योंकि इससे पहले वाशिंगटन में विल्सन सेंटर थिंकटैंक में साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक ने कहा था, मेरा मानना है कि यह हम सबके लिए सबक है कि भारत के पश्चिमी साझेदारों के साथ घनिष्ठ संबंधों में कुछ भी अलंघनीय नहीं है।



किशन भावनानी गोंदिया

**अमेरिका के पूर्व रक्षा अधिकारी ने कहा है कि अगर कनाडा इस मुद्दे पर विवाद करना चाहता है, तो यह किसी चींटी के हाथी से लड़ाई करने जैसा है। भारत रणनीतिक रूप से कनाडा से कहीं ज्यादा अहम है।**

**देश-विदेश**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**सरल व्यक्ति के साथ किया गया छल आपकी बर्बादी के सभी द्वार खोल देता है ,चाहे आप कितने भी बड़े शतरंज के खिलाड़ी क्यो न हों**

# सनातन धर्म के विरोध का सिलसिला एक प्रयोग

***तमिलनाडु*** के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे एवं राज्य सरकार के मंत्री उदय निधि के बाद डीएमके के ए राजा और प्रियंक खड़गे के बाद बिहार राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगतानंद सिंह भी इस मैदान में कूद चुके हैं। कार्ति चिदंबरम, मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री जी. परमेश्वर टीका टिप्पणी से पीछे नहीं रहे। इन सब का उद्देश्य तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री पोनगुडी ने व्यक्त कर दिया की विपक्ष के गठबंधन बनाने का मकसद ही सनातन का विरोध करना है। यह निर्विवाद सच्चाई है कि हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसी कोई सूची नहीं है, जिसमें ऐसा कहा गया हो कि फला फला जातियां अछूत हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि वेदों में छुआछूत का कोई उल्लेख नहीं है। हिंदू धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था का जरूर उल्लेख है लेकिन वर्ण भेद का नहीं। हिंदू शास्त्रों में जो शूद्र शब्द का उल्लेख है इसका अर्थ शिल्पी या कुशल कलाकार होता है। इन्हीं परंपरागत व्यवसाय वालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में दिल्ली में मिले। उनकी समस्या जानी। इस अवसर पर 300000 रुपये तक का गारंटी का लोन देने का ऐलान किया। निश्चित रूप से इससे उनके और उनके परिवार के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा। सच्चे अर्थों में प्राचीन जाति व्यवस्था की तुलना आधुनिक आर्थिक गिल्डो से की जा सकती है। आज के दौर में सनातन का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व हिंदू परिषद 1969 के उडुपी सम्मेलन में यह घोषित कर चुकी है-हिंदवासोदराः सर्वेह्ययानी सभी हिंदू भाई-भाई हैं। निसंदेह उदय निधि जैसे लोग जब सनातन का विरोध करते हैं तो इसमें उसी धारा का प्रवाह होता है जो डीएमके का मुख्य उद्देश्य रहा है- सनातन और हिंदू धर्म को गाली देकर सत्ता में बने रहने की राजनीति? इसके पहले रामा स्वामी पेरियार के कारनामों से देशवासी परिचित होंगे, जिन्होंने आर्य बनाम द्रविड़ की थ्योरी विकसित करते हुए अलग द्रविड़स्तान की मांग की थी। बीते कई सालों से यह मुद्दा ठंडा पड़ा हुआ था। यद्यपि इस दौर में भी जाति और संप्रदाय की राजनीति करने वालों की कमी नहीं रही लेकिन बड़ा सवाल टाइमिंग का है। गौर करने की बात यह है कि आखिर इसी समय सनातन का मुद्दा क्यों उठाया गया। जबकि कभी विवेकानंद ने इसी सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराई थी। गांधी जी भी अपने को सनातनी और हिंदू कहने में गर्व महसूस करते थे। महान इतिहासकार अर्नाल्ड टायनबी ने लिखा है-हिंदू धर्म 'जियो और जीने दो' का धर्म है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हिंदू होने पर गौरव महसूस करते हैं और खुलकर जय श्री राम बोलते हैं। आज पूरी दुनिया में कहीं न कहीं हिंदू धर्म के प्रति उसकी सहिष्णुता और वैज्ञानिकता के चलते आकर्षण बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह बात समझ के परे है कि हमारे देश में ही सनातन का ऐसा विरोध क्यों? दिखता तो यह है कि जो लोग सनातन में भेदभाव और असमानता की शिकायत कर रहे हैं, वह कुल मिलाकर जातिवाद की शिकायत कर रहे हैं, पर वही लोग जातिवाद को बढ़ावा देने के लिए खास तौर पर पिछड़ी जातियों को अपने पक्ष में करने के लिए यह सभी उपक्रम कर रहे हैं। इनको लगता है कि ऐसा करके वह चुनाव में भाजपा को चुनौती दे सकते हैं। जाति जनगणना की मांग भी इसी का एक बड़ा पहलू है। पर इन्हें पता नहीं की गंगा और कावेरी में अब बहुत पानी बह चुका है और समय की धारा को पीछे नहीं किया जा सकता। सनातन तो चिर नूतन है, क्योंकि वह सतत परिवर्तनशील है।

**आज के दौर में सनातन का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व हिंदू परिषद 1969 के उडुपी सम्मेलन में यह घोषित कर चुकी है- हिंदवासोदराः सर्वेह्ययानी सभी हिंदू भाई-भाई हैं।**

**धर्म**

महात्मा गांधी का कहना था कि हिंदू धर्म ही दुनिया में मात्रा ऐसा धर्म है जिसमें सुधार के लिए सतत प्रक्रिया चलती रही। महात्मा बुद्ध, महावीर, आचार्य शंकर, रामानंद, कबीर, वल्लभाचार्य और स्वामी दयानंद सरस्वती सभी हिंदू धर्म को अंदर से मांजते रहे। विपक्षी गठबंधन के राजनीतिक एजेंडे को देखते हुए प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि जिस सनातन ने इस देश को हजारों वर्ष तक एक रखा, उसे तोड़ने और देश को गुलाम बनाने के लिए पुनःकुछ शक्तियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

**■ वीरेंद्र सिंह परिहार**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से दो की मौत

**पटना।** बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब पीने से मौत का मामला सामने आया है। मुजफ्फरपुर जिले में रविवार को जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से बीमार पड़ गए।
मृतकों की पहचान जिले के काजी मोहम्मद थाना अंतर्गत पोखरियापिर मोहल्ले के निवासी पप्पू साह और उमेश राम के रूप में की गई। उन्होंने 18 सितंबर को शराब पी थी और पिछले तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती थे।
रविवार सुबह करीब 7.30 बजे उनकी मौत हो गई। मृतकों ने देशी शराब का सेवन किया था। इनके अलावा चार अन्य लोगों को भी मिठनपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी आंखों की रोशनी चली गई। पीड़ितों की हालत गंभीर बताई जा रही है।
जिला प्रशासन पोखरियापिर इलाके में देसी शराब पीने वाले लोगों की पहचान करने में जुटा है। सूत्रों ने बताया है कि इलाके में शराब माफिया सक्रिय हैं और देशी शराब के बनाने में लगे हुए हैं।
मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी अभिषेक दीक्षित ने कहा, "हमें देशी शराब पीने से दो लोगों की मौत की जानकारी मिली है। इनमें से कुछ बीमार भी हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। फिलहाल जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने फरार चल रहे एक कथित आरोपी शिवचंद्र पासवान की पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर देशी शराब बेचने का आरोप है।

## मुठभेड़ में घायल पांच लाख की इनामी एक और महिला नक्सली की हुई मौत

**दंतेवाड़ा।** जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा के नहाड़ी क्षेत्र में 20 सितंबर को हुए मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल एक और महिला नक्सली हिर्रे-सपना की मौत हो गई है। महिला नक्सली हिर्रे-सपना पर पांच लाख का इनाम घोषित है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने पांच लाख की इनाम घायल महिला नक्सली हिर्रे-सपना के मारे जाने की पुष्टि की है।
गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित नहाड़ी के जंगलों में 20 सितंबर को हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों के शव मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान जवानों ने बरामद किये थे, जिसकी शिनाख्त पांच लाख की इनामी लखमे एवं दो लाख की इनामी मंगली के रूप में हुई थी। इसके अलावा जवानों ने मौके से एक इंसास राइफल, एक भरमार सहित भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद किया था। जवानों ने इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा भी किया था, जिसके बाद हिर्रे सपना केरलापाल एरिया कमेटी मेंबर की मौत की खबर सामने आई है। वहीं नहाड़ी मुठभेड़ के चार दिन बाद भी नक्सलियों द्वारा अब तक कोई प्रेस नोट जारी नहीं किया है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है, कि नहाड़ी मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ है।

## मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत चार तस्कर गिरफ्तार, एक घायल

**बदायूं।** जिले में रविवार की सुबह पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिला तस्कर हैं। मुठभेड़ में गोली लगने से एक गौ तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान फायरिंग करते हुए दो गौ तस्कर फरार हो गए।
पुलिस को सूचना मिली कि जुम्मी के निवास पर गौवंशीय पशुओं के मांस का अवैध व्यापार करने के लिए पशु काटे जा रहे हैं। इस सूचना पर कुंवरगांव थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ दबिश देने पहुंची तो जुम्मी पहुंचे वैसे ही पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली लगने से संभल का रहने वाला उवैस घायल हो गया और उसके तीन अन्य साथियों को पुलिस ने दबोच लिया। दो महिलाएं भी शामिल हैं। फायरिंग करते हुए तस्कर मौके से फरार हो गये, तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### मुख्यमंत्री बघेल फिजियोकॉन 2023 में हुए शामिल, कहा

# फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका अहम

**एजेंसी। रायपुर**

कोरोना महामारी के कठिन दौर के बाद लोगों के शरीर में जो प्रतिकूल प्रभाव हुए, उसे दूर करने में फिजियोथेरेपिस्ट ने बड़ी भूमिका निभाई। इस दौरान हम सबने इसके महत्व के बारे में जाना। शारीरिक दर्द, लकवा की बीमारी तथा न्यूरो सहित कई मामलों में आज फिजियोथैरेपी बड़ी मददगार साबित हो रही है। मुख्यमंत्री भूपेश आज रविवार को राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा सभागार में आयोजित पहले फिजियोकॉन 2023को सम्बोधित कर रहे थे। द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कर्यक्रम में प्रदेश भर से आए फिजियोथेरेपिस्ट और विषय विशेषज्ञों के मध्य सार्थक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ बढ़ती भौतिक सुख-सुविधाओं और परिवहन के साधनों के कारण मानव की शरीरिक गतिविधियां कम हुई हैं। जिससे शरीर में दिक्कतें बढ़ी है। हमें समझना होगा कि हमारा शरीर केवल आराम करने के लिए नहीं बल्कि मेहनत के लिए भी बना है। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में फिजियोथेरेपी का महत्व बढ़ गया है। खिलाड़ियों के खेल कौशल को बढ़ाने में भी यह बड़ी मदद करता है।
बघेल ने कहा कि आपने अस्पताल में देखा होगा यदि किसी को फ्रैक्चर हुआ है या दर्द की समस्या है तो उसे फिजियोथैरेपी की सलाह दी जाती है। एक बात जो ध्यान रखना है कि फिजियोथैरेपी भी प्रशिक्षित फिजियोथैरेपिस्ट के देखरेख में ही करना चाहिए। नियमित व्यायाम और योग से भी शरीर स्वस्थ रहता है, इसका मतलब ही है कि आपके शरीर में मूवमेंट होना चाहिये और फिजियोथैरेपी ऐसी ही विधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान जो जीवन शैली है उसमें शरीरिक गतिविधि कम और मानसिक ऊर्जा का अधिक उपयोग हो रहा है, जिसने फिजियोथेरेपिस्ट का महत्व बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 05 सालों में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तेजी से हुआ है राज्य शासन की योजनाओं और प्रतिबद्धता से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। मुख्यमंत्री ने कोरोना के कठिन दौर के बाद फिजियोथेरेपिस्ट की भूमिका की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के आग्रह पर फिजियोथेरेपी कौंसिल के कार्यकारिणी गठन को जल्द पूर्ण करने की बात कही।
उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में फिजियोथैरेपी का आम लोगों के जीवन के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी सर्वाधिक महत्व है। फिजियोथैरेपी खेल का अभिन्न हिस्सा बन गया है। आज स्पोर्ट्सपर्सन बेहतर परफॉर्मेंस देने के लिए फिजियो के बिना सफल नहीं हो पा रहे हैं और इससे परफॉर्मेंस को एन्हांस कर रहे हैं।

## बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर योगी सरकार करेगी सख्त कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों के खिलाफ 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाने और कानूनी कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, सरकार 10 अक्टूबर तक राज्य में एक व्यापक अभियान चलाएगी ताकि ऐसे स्कूलों की पहचान की जा सके जो बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं या उनकी मान्यता रद्द कर दी गई है।इसके बाद, इन स्कूलों को 1 लाख रुपये तक के जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, अगर उल्लंघन जारी रहता है, तो प्रतिदिन 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। सरकार 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूल, सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल, साथ ही मान्यता प्राप्त प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूल संचालित करती है।

# टीएमसी बागी विधायक के खिलाफ करेगी कार्रवाई

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला विधानसभा क्षेत्र से बागी विधायक इदरीस अली के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का फैसला किया है। विधायक इदरीस अली ने पार्टी नेतृत्व पर पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में पैसे के बदले उम्मीदवारों को टिकट सुनिश्चित करने का आरोप लगाया था। पश्चिम बंगाल कैबिनेट के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, "मामले की जानकारी सीएम ममता बनर्जी को दी जाएगी और उनके निर्देशों के आधार पर मामले को आंतरिक अनुशासन समिति को भेजा जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "इदरीस अली पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वह पहले लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। पहले भी एक आंतरिक अनुशासन समिति ने उनकी निंदा की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अपने तौर-तरीके सुधारने के मूड में नहीं हैं। पार्टी उनकी ताजा



टिप्पणियों को हल्के में नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री को सूचित किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।" पार्टी ने इस तथ्य पर भी विशेष ध्यान दिया है। विधायक अली ने मीडियाकर्मियों के सामने ये टिप्पणियां तब कीं थी जब वह राज्य विधानसभा परिसर में थे। अली ने कहा था कि कई जिलों में, विशेषकर मुर्शिदाबाद में पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों के चयन में पैसा फैक्टर रहा है। पार्टी के टिकट सुनिश्चित करने के लिए धन एकत्र करने के लिए जिलों में ब्लॉक अध्यक्ष मुख्य रूप से जिम्मेदार थे। यहां तक कि उम्मीदवारों के तय किए गए नाम भी आखिरी क्षणों में बदल दिए गए और जाहिर तौर पर इसमें पैसे की भूमिका रही।

# मध्य प्रदेश में कोटवारों का मानदेय किया जाएगा दोगुनाः सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भोपाल के लाल परेड मैदान पर कोटवारों के महासम्मेलन में अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कोटवारों की मानदेय राशि में दोगुना तक वृद्धि की घोषणा करते हुए कहा कि कोटवारों के वेतन में हर साल न्यूनतम 500 रुपये की वृद्धि की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे कोटवार जिनके पास सेवाभूमि नहीं है, उन्हें 4000 रुपये मासिक मिलते हैं। अब उन्हें 8000 रुपये मासिक मिलेंगे। जिन कोटवारों को 1000 रुपये मिलते हैं, उन्हें बढ़ाकर 2000 और जिन्हें 600 रुपये मिलते हैं, उन्हें 1200 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 10 एकड़ तक की सेवाभूमि



वाले कोटवारों को भी न्यूनतम 1000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने कोटवार महासम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मंच से उतरे और पुष्पवर्षा कर कोटवारों का स्वागत किया। उन्होंने मंच से कोटवारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ग्राम देवताओं जैसे होते हैं। जिस तरह ग्रामदेवता की पूजा के बिना कोई काम शुरू नहीं होता, उसी तरह कोटवारों की जानकारी के बिना गांवों में कोई काम आगे नहीं बढ़ता। उन्होंने कहा कि आप प्रशासन के लिए कर्णधार हैं। आपके पास गाँव की सभी जानकारी होती है, जिसके आधार पर कई कार्य सहजता से संपन्न हो जाते हैं। कोटवार गाँव के चलते-फिरते गूगल हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कोटवारों पर सौगातों की बरसात करते हुए कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं और इस परिवार का मुखिया होने के नाते हर वर्ग के सुख-दुख का ध्यान रखना मेरा धर्म है। उन्होंने कहा कि सभी कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा।

# लोकतंत्र के मंदिर को थिएटर कहना आईएनडीआईए की हताशा : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। बेगूसराय**

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक पारित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अद्भुत कार्य किया है। सभी दलों ने उसका समर्थन किया, लेकिन अब राजद ओबीसी आरक्षण के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है।
रविवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर राजद को ओबीसी आरक्षण दिलाना था तो महिला बिल का समर्थन क्यों किया। अब कह रहे हैं कि ईंट से ईंट बजा देंगे। अगर आरक्षण पर उन्हें आपत्ति थी तो इसका विरोध करने वाली



कांग्रेस का दामन क्यों थामे हुए हैं। जब तक संवैधानिक व्यवस्था नहीं होगी तो ओबीसी को आरक्षण दिलाना संभव नहीं है। राजद को तो प्रधानमंत्री का धन्यवाद कहना चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि अब राजनीतिक लाभ लेने के लिए ऊल-जुलूल बात कर रहा है। आज ओबीसी को आरक्षण नहीं मिल रहा है तो उसके मूल में कांग्रेस है। आखिर इतने दिन सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने क्यों नहीं ओबीसी को आरक्षण दिया। आज मोदी के नेतृत्व में सभी ने महिला आरक्षण बिल को समर्थन दिया है। यह नरेन्द्र मोदी के मजबूत इरादे को दिखाता है। इन लोगों को पता था कि मोदी है तो मुमकिन है और जब बिल आया है तो पास भी होगा।
गिरिराज सिंह ने कहा कि सबने इसी मजबूरी में बिल का समर्थन किया। नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को आरक्षण देकर एक नई शुरूआत की है। 27 वर्षों से लंबित यह आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री को जितना धन्यवाद दिया जाए वह कम है। 2024 में जब तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी तो देश में जनगणना होगा। जनगणना के बाद परिसीमन किया जाएगा, परिसीमन के आधार पर चुनाव आयोग तय करेगा कि कौन सीट महिलाओं को मिले। कनाडा के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते भारत में नहीं, लेकिन कनाडा में खालिस्तान जरूर बन जाएगा। वहां के प्रधानमंत्री का जो रवैया है, वह खतरनाक है। कनाडा में दो हजार किलोमीटर में खालिस्तान का वर्चस्व है और वह वहां खालिस्तान बनकर रहेगा। कनाडा के प्रधानमंत्री अपनी सोचें, भारत की चिंता नहीं करें। उन्होंने कहा कि जयराम रमेश द्वारा लोकतंत्र के मंदिर पार्लियामेंट को थिएटर कहना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह कांग्रेस की हताशा है।

# मध्य प्रदेश में कमीशन पाने के लिए कर्ज लेकर दिए जा रहे बड़े ठेके : कमल नाथ

**एजेंसी। भोपाल**

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य पर बढ़ते कर्ज और सरकार की कमीशनखोरी को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कमीशन पाने के लिए कर्ज लेकर बड़े-बड़े ठेके दिए जा रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसी तरह के आर्थिक संकट न होने की बात कहे जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने कहा, राज्य सरकार ने कितना कर्ज लिया है वह सबके सामने है। यह पता कर लीजिए कि एक साल में कितने बड़े-बड़े ठेके दिए हैं, जिसमें



कितना प्रतिशत एडवांस लिया, कितनी रिश्वत ली, यह कर्ज लेते हैं, बड़े-बड़े ठेके देते हैं, अपना कमीशन बढ़ाने के लिए। इसकी पूरी जानकारी है मेरे पास।
कमलनाथ ने विदिशा जिले के गंजबासौदा में हो रहे अवैध खनन को लेकर एक्स पर पोस्ट किया और कहा, प्रदेश में अवैध खनन खुद शिवराज सरकार करा रही है और लगता है कि मामा खुद सबसे बड़े माइनिंग माफिया बनते जा रहे हैं।साथ ही कमलनाथ ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि मुख्यमंत्री मैं आपसे जानना चाहता हूं कि पहाड़ों में यह अवैध खनन कराने के लिए आपने खुद कितना कमीशन लिया है? वह कौन सा दबाव है जिसके कारण वन विभाग, खनन विभाग और पुलिस सभी के हाथ बंधे हैं ? कमलनाथ ने कहा, आरोप है कि राजनीतिक नेतृत्व के दबाव में अवैध खनन चल रहा है। आप विदिशा से सांसद रहे हैं तो आप ही बताइए कि आपके अलावा और कौन-कौन राजनीतिक दबाव डाल रहा है? प्राचीन नीलकंठेश्वर मंदिर और अन्य ऐतिहासिक इमारतों के पास अवैध खनन को बढ़ावा देकर क्या आप मध्य प्रदेश का सांस्कृतिक इतिहास नष्ट करना चाहते हैं ? उन्होंने आगे कहा, शिवराज, मध्य प्रदेश की जनता तो आपको सजा देगी ही, लेकिन कार्यकाल के कम से कम आखिरी एक महीने में आप इन काले कारनामों से तौबा कर लीजिए और प्रायश्चित यात्रा निकालिए। आपके घोटालों, भ्रष्टाचार और कमीशनराज से पूरे मध्य प्रदेश में त्राहि त्राहि मच गई है। कांग्रेस के दावेदोरों को लेक पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने कहा, चार हजार लोगो ने दावेदारी की है। सब कहते है मैं हारने वाला नही हूँ, मैं जीतूंगा।

# जनता को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास : केशव मौर्य

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में अटूट विश्वास है। यूपी में लोकसभा की 80 सीटों पर जीत दर्ज कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता और जनता तैयार है।
उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले सरकार सिर्फ लूटने और भ्रष्टाचार में लिप्त रहती थी। लेकिन अब हर वर्ग के लोगों के लिए विकास के कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ों और दलितों के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं इसका लाभ जमीन पर भी दिखाई



दे रहा है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को समाज में उचित स्थान दिलाने का काम किया है। इसी मुहिम के तहत संसद से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का ऐतिहासिक बिल पास कराया गया है। महिलाओं के लिए कई योजनाएं आज देश में चल रही हैं। ताकि आधी आबादी आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध हो सके।
केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार स्वरोजगार सृजन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में अमृत सरोवर' योजना के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, सिचाई, कृषि कार्यों को गति दी जा रही है।
प्रदेश में 24461 साइटों को अमृत सरोवर बनाने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें से 16872 चिह्नित साइटों में निर्माण कार्य से शुरू किये गए हैं। वहीं 13898 सरोवरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

**राजनीति**

### विधानसभा चुनावों में उलझती दिख रही 'इंडिया' गठबंधन के दलों की एकता

# घोसी उपचुनाव के बाद उभरने लगे हैं मतभेद

**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मात देने के लिए बना इंडिया गठबंधन की एकजुटता के सामने परीक्षा की एक और घड़ी आ गई है। पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में घटक दलों के बीच सीट वितरण फॉमूर्ले मे पेंच फंस सकता है। इसकी वजह है कि सपा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए कई राज्यों में जमीन तालाश रही है। ऐसे में कांग्रेस से फिलहाल उसे सहयोग करने की कोई गुंजाइश न के बराबर दिख रही है। अगर ऐसा रहा तो इंडिया गठबंधन की एकता उलझती दिखेगी।
राजनीतिक जानकर बताते हैं कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय दर्जा पाने के लिए यूपी के बाहर होने वाले विधानसभा चुनाव में निश्चित तौर पर भाग लेगी। इसी कारण सपा उत्तर प्रदेश से बाहर मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में तेजी सी लगी है। ऐसे में अब देखना है क्या कांग्रेस सपा को इन




राज्यों में सीट वितरण में कोई महत्व देगी या नहीं। आम चुनाव के लिए बना ह्यइंडियाह्न गठबंधन क्या विधानसभा चुनाव के लिए भी काम करेगा, इस सवाल को लेकर ऊहापोह की स्थिति है। मध्यप्रदेश में सपा पूरी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है।
एमपी सपा के प्रदेश अध्यक्ष रामायण पटेल का कहना है कि हमारी पार्टी यहां होने वाले विधानसभा चुनावों में दमदारी से भाग लेगी। हमने सात सीटों पर उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं। हमारी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है। कांग्रेस के गठबंधन का निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लेंगे। हमारा हर जिले में संगठन हैं। सभी जिलों में विधानसभा प्रभारी हैं। उन्होंने बताया कि हमने सीधी, रीवा, दतिया, सिंगरौली, छतरपुर, भिंड जिले में हमने उम्मीदवार उतार दिए हैं। रीवा जिले में अखिलेश यादव 27 सितंबर को चुनावी प्रचार के लिए भी आ रहे हैं। सपा छत्तीसगढ़ में भी तकरीबन 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। यहां के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता का कहना है कि राज्य में हमारा संगठन मजबूत है। हमने 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रखी है। हमारे यहां से पार्षद और सभासद रह चुके हैं। हमारा संगठन जमीन पर है। कांग्रेस से गठबंधन का निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व लेगा। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष 15 अक्टूबर को प्रचार के लिए आने वाले हैं। सपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारी पार्टी की तरफ पूरा प्रयास है कि विपक्षी एकता का संदेश होने वाले विधानसभा से भी जाना चाहिए। इसलिए जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां कांग्रेस को सपा का सहयोग करना चाहिए। वैसे सपा 2003 के विधानसभा चुनाव में सात सीटें जीत चुकी है। सपा ने 230 में से 161 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे, जिनमें से 7 को जीत मिली थीं। उन्होंने बताया कि छतरपुर, चांदला, मैहर, गोपदबनास, सिंगरौली, पिपरिया और मुल्ताई सीट पर सफलता मिली थी। इसके बाद 2018 में भी हमें एक सीट पर सफलता मिल चुकी है। मध्यप्रदेश में हमारा संगठन पहले से है, इसलिए पार्टी ने यहां चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। अगर छत्तीसगढ़ की बात करें तो हम वहां 2003 से चुनाव लड़ रहे हैं, इसके बाद 2018 में भी चुनाव में हमारे उम्मीदवार मैदान में थे। इसलिए वहां भी हमारे संगठन की मौजूदगी है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में सपा अपने संगठन को विस्तार देने के लिए कुछ सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। अलवर व कुछ अन्य सीटों पर पिछड़ा वर्ग वोटर की संख्या ठीकठाक है। खास तौर पर, यादव वोटर भी अलवर में भारी तादाद में हैं। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन में घोसी विधानसभा उपचुनाव के बाद मतभेद उभरने लगे हैं। इस उपचुनाव के परिणाम के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एक बयान में कहा था कि घोसी में कांग्रेस ने सपा उम्मीदवार को जीताया, लेकिन उत्तराखंड के बागेश्वर में सपा ने उम्मीदवार उतार कर कांग्रेस उम्मीदवार को हराने का काम किया है। इस पर सपा ने भी पलटवार किया। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि अब उलाहना देने का कोई मतलब नहीं है।

## बिजली करंट की चपेट में आने से दो की मौत, एक घायल

**कटिहार।** कटिहार नगर थाना क्षेत्र के बैगना में विधुत करंट की चपेट में आने से उमा नाथ चौधरी (70वर्ष) एवं उमा नाथ के मकान में रह कर पढ़ाई कर रहे एक विद्यार्थी की मौत हो गई। इस संदर्भ में घायल मृतक के बहू रीना देवी ने बताया कि आंगन में कपड़ा सुखाने के लिए लोहे की टंगनी पर कपड़ा पसार रही थी, इसी क्रम में वे बिजली की चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद उनके ससुर उमा नाथ चौधरी उन्हें तार से अलग किए। परंतु उनके ससुर बिजली की चपेट में आ गए। रीना देवी ने बताया कि उनके ससुर को जब विद्यार्थी छुड़ाने गया तो ओ भी बिजली की चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। घर में बिजली की लूज वायरिंग होने की वजह से बिजली की करेंट टंगनी की तार में आ गई जिस कारण यह घटना घटीघटना की सूचना मिलते ही नगर थाना और एम्बुलेंस पहुंच कर घायल रीना देवी को इलाज के लिए अस्पताल ले गई है और आगे की कारवाई में जुट गई है।

NEWS इन ब्रीफ

### भारत के लिए एक और पदक पक्का, महिला क्रिकेट टीम फाइनल में

**हांगझू।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को भारत के लिए एक और पदक पक्का कर लिया है। भारतीय टीम ने आज सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बांग्लादेश की टीम इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में मात्र 51 रनों पर सिमट गई। जवाब में भारतीय टीम ने 8.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाकर मैच जीत लिया। 52 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और चौथे ओवर में 19 के कुल स्कोर पर मारूफा अख्तर ने स्मृति मंधाना (07) को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। 8वें ओवर की दूसरी गेंद पर 40 के कुल स्कोर पर फाहिमा खातून ने शैफाली वर्मा को बोल्ड कर अपनी टीम को दूसरी सफलता दिलाई। शैफाली ने 21 गेंदों पर 17 रन बनाए। इसके बाद जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 20) और कनिका आहूजा (नाबाद 1) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारत को 8 विकेट से जीत दिला दी।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स की टॉर्च रिले आज पहुंचेगी उज्जैन

**उज्जैन।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन के तहत रविवार की शाम 4:30 बजे टॉर्च रिले का आगमन उज्जैन में होगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओपी हरोड़ ने बताया कि टॉर्च रिले दशहरा मैदान उज्जैन से शुरू होकर स्वर्गीय राजमाता सिंधिया स्टेडियम नानाखेड़ा पहुंचेगी।

# एशियन गेम्स : भारत की झोली में 5 पदक, 3 रजत व 2 कांस्य




**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियन गेम्स में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। रविवार को भारत की झोली में एक के बाद एक पदक आए हैं। सुबह दो पदक जीतने के बाद तीन और पदक भारत की झोली में आए हैं। भारत के लिए तीसरा पदक पुरुषों के कॉक्सलेस पेयर इवेंट में आया। भारतीय जोड़ी लेख राम और बाबू लाल यादव ने कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने 6:50:41 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद पुरुष कॉक्स 8 इवेंट से भारत के लिए एक और पदक आया। नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष और धनंजय उत्तम पांडे की भारतीय टीम ने 05:43.01 के समय के साथ दूसरे नंबर पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया। भारत के लिए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में शूटर रमिता ने एक और पदक दिलाया। रमिता ने 10 मीटर एयर राइफल में भारत को कांस्य पदक दिलाया है। इससे पहले सुबह मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने एशियाई खेलों में देश के लिए पहला पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में महिला तिकड़ी ने कुल 1886.0 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। इसके बाद रोइंग में भारत के अर्जुन लाल और अरविंद सिंह की जोड़ी ने पुरुषों की लाइट वेट डबल स्कल्स में 6:28:18 समय के साथ रजत पदक जीता।

## भारतीय निशानेबाजों का शानदार आगाज, रमिता के नाम दो मेडल




**हांगझोऊ।** युवा भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल ने टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने के बाद 10 मीटर एयर राइफल में देश को एक और ब्रॉन्ज मेडल दिला दिया है। रमिता, जो दूसरे स्थान पर थीं एक शॉट से चूक गईं और एक स्थान नीचे खिसक गईं। हालांकि, इसके बाद 10.0, 10.5, 10.7, 10.8, 10,7 और 10.4 का स्कोर बनाया और 230.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। चीन की युटिंग हुआंग ने एशियाई खेलों के रिकॉर्ड 252.7 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन जियायु हान ने 251.3 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। भारत ने एशियाई खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में पदकों की तलाश शुरू की, जिसमें युवा महिला निशानेबाज रमिता ने दो पदक जीतने में मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में एक रजत और 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत वर्ग में एक कांस्य पदक जीता। रमिता अपने साथी मेहुली घोष और आशी चौकसे के साथ चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहीं, जिनका कुल स्कोर 1896.6 था, जबकि मंगोलिया ने 1880.0 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। चीन ने कुल 1896.6 के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। रमिता ने 631.9 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ, मेहुली ने 630.0 के स्कोर और आशी ने 623.3 अंक के साथ स्पर्धा में रजत पदक जीता। रमिता ने जीत के बाद कहा, यह खेल का हिस्सा है। आप एक खराब शॉट के बारे में ज्यादा नहीं सोच सकते और अपने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मैंने उस खराब शॉट के बाद बस यही किया और मैं सीनियर वर्ग में अपना पहला पदक जीतकर खुश हूं। रमिता, जिन्होंने 14 साल की उम्र में शूटिंग शुरू की थी जब उनके पिता के एक दोस्त ने उन्हें इस खेल से परिचित कराया था। उन्होंने कहा कि अब वह आगामी एशियाई चैंपियनशिप पर ध्यान केंद्रित करेंगी जहां उन्हें पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान जीतने का मौका मिलेगा।

एशियाई खेल वीजा विवाद पर केंद्रीय मंत्री ने कहा-

# पक्षपातपूर्ण रवैया ओलंपिक चार्टर के खिलाफ : अनुराग



**एजेंसी। कोयंबटूर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरूणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को चीन द्वारा वीजा नहीं दिया जाना पक्षपातपूर्ण और ओलंपिक चार्टर के खिलाफ है और भारत को यह स्वीकार्य नहीं है। सूचना और प्रसारण और खेल मंत्री ठाकुर ने कहा कि पूर्वोत्तर का यह राज्य भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के समर्थन में उन्होंने अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश की तीन महिला वुशु खिलाड़ियों न्येमान वांग्सू, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु को एशियाई खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' (मान्यता) देने से इनकार कर दिया गया है जो खिलाड़ियों के लिए वीजा के रूप में भी काम करता है।

ठाकुर ने पत्रकारों से कहा, आप देख सकते हो कि मैं चीन में नहीं हूं। मैं कोयंबटूर में हूं और अपने खिलाड़ियों के समर्थन में हूं । एक देश का ऐसा पक्षपातपूर्ण रवैया जो ओलंपिक चार्टर के खिलाफ है, स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, चीन का यह कदम भारत को स्वीकार्य नहीं है और इसी कारण से मैने अपना चीन दौरा रद्द किया है क्योंकि उन्होंने अरूणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में भाग लेने का मौका नहीं दिया।

# एशियाई खेल : श्रीलंका ने पाक को 6 विकेट से हराया

### भारत से होगा फाइनल मुकाबला



**एजेंसी। हांगझोउ**

एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट टी-20 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उसका मुकाबला सोमवार को पहले सेमीफाइनल की विजेता भारतीय टीम से होगा। रविवार की सुबह झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट मैदान में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से शवाल जुलफिका ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। मुनीबा अली ने 13 रन का योगदान दिया और ओमाइमा सोहैल को 10 रन के निजी पर रनावीरा ने परेरा के हाथों कैच आउट कराया। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा उसकी टीम का कोई भी बल्लेबाजी दहाई स्कोर नहीं बना सका। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ने 31 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिये। कविशा दिलहारी ने 15 रन देकर दो विकेट जबकि इनोशी प्रियदर्शिनी, अचिनी कुलासूर्या और इनोका रनावीरा को एक-एक विकेट मिला। श्रीलंका ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए केवल एक रन अतिरिक्त के रूप में दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की ओपनर चमारी अटापट्टू और अनुष्का संजीवनी ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 17 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट चमारी अटापट्टू (14) के रूप में गिरा। उसे सादिया इकबाल ने डायना बेग के हाथों कैच आउट कराया। दूसरा विकेट अनुष्का संजीवनी (15)रन के रूप में गिरा, उसे डायना बेग ने नश्रा संधू के हाथों कैच आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने टीम के सर्वाधिक (23) रन बनाए और उसे चौथे विकेट के रूप में सिदरा अमीन ने रन आउट किया। इससे पहले विश्मी गुणारत्ना को उम्मे हानी ने मुनीबा अली के हाथों स्टंम आउट करा दिया।

श्रीलंका को लगा बड़ा झटका

# हसरंगा क्रिकेट विश्व कप से बाहर



**एजेंसी। कोलंबो**

क्रिकेट विश्व कप 2023 को शुरू होने में कुछ दिन बचे हैं। वहीं इससे पहले श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है क्योंकि स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को क्रिकेट विश्व कप 2023 से बाहर कर दिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार हसरंगा भारत में होने वाले इस प्रमुख कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण उन्हें बाहर कर दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट के पास हसरंगा के प्रतिस्थापन की पुष्टि करने के लिए अभी भी चार दिन और हैं क्योंकि 28 सितंबर अंतिम विश्व कप टीम जमा करने का आखिरी दिन है। हसरंगा श्रीलंकाई टीम के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी हो सकते थे क्योंकि आईपीएल में अपने अनुभव की बदौलत वह भारतीय परिस्थितियों को अच्छी तरह से जानते हैं। विश्व कप में स्पिन को भी सहायता मिलने की संभावना है और इसलिए हसरंगा उनकी टीम के लिए गेम चेंजर हो सकते थे। श्रीलंकाई टीम को उनकी काफी कमी खलेगी। पूरी संभावना है कि दासुन शनाका टीम का नेतृत्व करेंगे। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में श्रीलंका छुपा रुस्तम हो सकता है। श्रीलंका टूर्नामेंट की शुरूआत 7 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से करेगा। श्रीलंकाई टीम 2 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान भारत से भिड़ेगी, जहां दोनों टीमें 12 साल पहले विश्व कप फाइनल में भिड़ी थीं।

**आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए श्रीलंका की संभावित टीम :** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, सदीरा समरविक्रमा, डुनिथ वेललागे, मथीशा पथिराना, कासुन राजिथा, प्रमोद मदुशन, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरू कुमारा।

# रांची में ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन

### खेल मंत्री हफीजुल हसन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का उद्घाटन किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

24 सितंबर से 1अक्तूबर तक रांची में आयोजित पहला हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष का विधिवत उद्घाटन रविवार को झारखंड सरकार के खेल मंत्री हफीजुल अंसारी के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। रविवार को खेल मंत्री सामने उद्घाटन मैच पुरुष वर्ग का हॉकी झारखंड और हॉकी मणिपुर के बीच खेला गया जिसमें हॉकी झारखंड 5-4 से विजई रहा। पुरुष वर्ग के दूसरे मैच में हॉकी बिहार ने हॉकी बंगाल को 5-0से पराजित किया।म- ाहिला वर्ग में हॉकी झारखंड ने हॉकी बिहार को 4-0से तथा हॉकी मणिपुर ने हॉकी बंगाल को 6-0 से पराजित किया।

प्रतियोगिता में महिला वर्ग से 06 टीम और पुरुष वर्ग से 06 टीम भाग ले रही है। आयोजन में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड महासचिव विजय शंकर सिंह, असरीता लकड़ा, रजनीस कुमार, मनोज कोणबेगी, धर्मेंद्र कुमार, शशिकांत प्रसाद, रणधीर कुमार, माइकल लाल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, सुमराय टेटे, पुष्पा टोपनो, विश्वासी पूर्ति, इत्यादि उपस्थित थे।

### रोइंग में अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने जीता सिल्वर मेडल

**हांगझोऊ।** भारत के अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने रविवार को लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स रोइंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। पहले ही दिन भारत ने हांगझोऊ में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। हांगझोऊ में भारतीय नाविकों ने नौ फाइनल में जगह बनाई है और अर्जुन और अरविंद की ओलंपियन नौकायन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19वें एशियाई खेलों में भारत को पहला पदक दिलाया। अरविंद और अर्जुन ने कोर्स को 6 मिनट 28.18 सेकेंड में पूरा किया और वे चीनी जोड़ी- जुन्जे फैन और मैन सन से पीछे रहे, जिन्होंने कोर्स को 6:23.16 में पूरा किया। उज्बेकिस्तान के शाखजोद नूर्मातोव और सोबिरजोन सफारूमोव ने 6:32.47 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं, भारतीय जोड़ी 500 मीटर के निशान पर दूसरे स्थान पर रही, इसे 1:33.80 में पूरा किया और खुद को अग्रणी चीनी जोड़ी से केवल 0.70 सेकंड पीछे बनाए रखा।

# शुबमन गिल ने रोहित शर्मा को पछाड़ा 2023 में लगाए सर्वाधिक छक्के




**एजेंसी। नई दिल्ली**

शुबमन गिल को उनके करियर की शुरूआत में ही एक पीढ़ीगत प्रतिभा के रूप में पहचाना जाने लगा था। 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद पंजाब के बल्लेबाज ने अब तक अपनी क्षमता दिखाई है कि वह क्या कर सकते हैं। गिल इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। शुबमन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के 43 छक्कों की संख्या को भी पीछे छोड़ दिया जो इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूर्ण सदस्य देश के किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में पहले वनडे में 63 गेंदों में 74 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को पांच विकेट से जीत दिलाने के बाद सभी की निगाहें 24 सितंबर रविवार को इंदौर में दूसरे गेम में 24 वर्षीय खिलाड़ी पर थीं। शुबमन ने सावधानीपूर्वक शुरूआत की। ऑस्ट्रेलिया द्वारा पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लेने के बाद उन्होंने पहली 19 गेंदों में नौ रन बनाए। हालांकि उन्होंने नौवें ओवर में सीन एबॉट को एक चौका और एक छक्का जड़कर गियर बदला। इसके बाद शुभमन ने कैमरून ग्रीन द्वारा फेंके गए अगले ओवर में एक और चौका और छक्का लगाया। बारिश के कारण खेल रुकने से पहले दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2023 में 44 अंतरराष्ट्रीय छक्के लगाए। पहले वनडे में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद रुतुराज गायकवाड़ इसे फॉलो नहीं कर सके और जोश हेजलवुड ने उन्हें सिर्फ 8 रन पर आउट कर दिया। पहले मैच में रन आउट होने वाले श्रेयस अय्यर को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने का एक और मौका मिला। मुंबई के बल्लेबाज ने साहस के साथ बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए कई चौके लगाए। श्रेयस को उम्मीद होगी कि वह अपनी तेज शुरूआत का भरपूर फायदा उठाए और बड़ा स्कोर बनाए। चोट से वापसी के बाद यह उनका सर्वोच्च स्कोर है।

दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया

# बृजभूषण सिंह ने यौन उत्पीड़न करने का कोई मौका नहीं छोड़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज कथित यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने उन्हें पेशी से एक दिन की छूट दे दी है, वहीं दिल्ली पुलिस ने कहा है कि आरोपी ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल के समक्ष दलील देते हुए कहा कि सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मामले में ताजिकिस्तान की कथित घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि ये घटनाएं उनके कार्यों को दशार्ती हैं। पुलिस के मुताबिक, ताजिकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने एक महिला पहलवान को जबरन गले लगाया, और बाद में अपने कृत्य को यह कहकर उचित ठहराया कि उसने ऐसा एक पिता की तरह किया। ताजिकिस्तान में एशियाई चैम्पियनशिप की एक अन्य शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सिंह ने बिना अनुमति के एक महिला पहलवान की शर्ट उठाई और उसके पेट को अनुचित तरीके से छुआ। दिल्ली पुलिस ने तर्क दिया कि ये घटनाएं भारत के बाहर हुईं लेकिन मामले के लिए उपयुक्त थीं। पुलिस ने इस बात पर जोर दिया कि बात यह नहीं है कि पीड़ितों ने घटनाओं पर प्रतिक्रिया दी या नहीं, बल्कि बात यह है कि उनके साथ गलत हुआ। उन्होंने दिल्ली में डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में एक कथित घटना का भी उल्लेख किया और कहा कि शिकायतों के लिए राष्ट्रीय राजधानी उपयुक्त क्षेत्राधिकार है।

आईसीसी वनडे | वर्ल्ड कप 2011 के आयोजन को रत्नाकर शेट्टी ने किया याद

# इस बार फिर मिली भारत को मेजबानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप इसी साल भारत की मेजबानी में खेला जाएगा। क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पूरा वर्ल्ड कप ही भारत में खेला जाएगा। इसलिए, इसकी सफल मेजबानी के लिए बीसीसीआई खूब पसीना बहा रही है। सभी टीमें 50 ओवर के क्रिकेट में सबसे बड़ा पुरस्कार जीतने की होड़ में व्यस्त होंगी। वहीं, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का भी एक प्रमुख आयोजन की मेजबानी करने के कौशल में परीक्षण किया जाएगा। माना कि भारत ने 1987, 1996 और 2011 में पुरुष वनडे विश्व कप के मैचों की मेजबानी की है, लेकिन यह अन्य पड़ोसी बोर्डों के सहयोग के साथ हुआ था। मगर, 2023 में भारत पूरे 48 मैच की मेजबानी अकेले करने वाला है। भारत ने 2011 में सिर्फ 29 मैचों की मेजबानी की थी- जहां श्रीलंका और बांग्लादेश को उस समय 12 और आठ मैच की मेजबानी मिली थी। टूर्नामेंट के आगाज से पहले प्रोफेसर रत्नाकर शेट्टी, जो 2011 विश्व कप में टूर्नामेंट निदेशक थे। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आने वाली चुनौतियों को याद किया।

प्रोफेसर रत्नाकर शेट्टी ने बताया की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि आठ में से तीन स्टेडियमों जैसे मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में बड़े नवीनीकरण का काम चल रहा था। टीमों और टिकट धारकों के लिए वीजा की व्यवस्था हो रही थी, मैचों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हो रही थी।

शेट्टी ने 2011 में आठ स्थानों- मुंबई, नागपुर, चेन्नई, बेंगलुरु, दिल्ली, मोहाली, अहमदाबाद और कोलकाता के बीच खेलों की मेजबानी के बारे में भी बात की, जो निर्माण कार्य पूरा होने में देरी के कारण भारत-इंग्लैंड मैच की मेजबानी ईडन गार्डन्स में करने से चूक गए थे।

उन्होंने कहा, फाइनल मुंबई में खेला जाना था। राज्य इकाइयों को या तो भारत का मैच या नॉक आउट मैच चुनने के लिए कहा गया था। मोहाली और अहमदाबाद ने नॉक आउट गेम का विकल्प चुना और अहमदाबाद ने क्वार्टर फाइनल और मोहाली ने सेमीफाइनल को चुना। कोलकाता को भारत-इंग्लैंड मुकाबले की मेजबानी करनी थी, लेकिन आईसीसी निरीक्षण दल ने घोषणा की कि स्टेडियम तैयार नहीं होगा। इसलिए, मैच को बेंगलुरु में स्थानांतरित कर दिया गया।

तब से, भारत ने इस वर्ष आईपीएल के विभिन्न संस्करणों और डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी के अलावा, 2013 महिला एकदिवसीय विश्व कप और 2016 पुरुष टी20 विश्व कप की सफलतापूर्वक मेजबानी की, लेकिन विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और टीमों को खेलते हुए देखने के लिए टिकटों की कभी न खत्म होने वाली मांग रहती है, जो इस बार भी देखी जा रही है। उन्होंने टिकट वितरण की पद्धति के बारे में 2011 की प्रणाली को भी याद किया और स्वीकार किया कि क्रिकेट विश्व कप मैचों के लिए बिक्री के लिए आने वाले टिकटों पर हमेशा एक बड़ी बाधा रहती है।

2023 विश्व कप से पहले, आम जनता और मास्टरकार्ड धारकों के लिए बिक्री के लिए कम संख्या में टिकट रखे जाने को लेकर सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने भारी नाराजगी जताई है।



## महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीजल

# क्रूड ऑयल को लेकर जेपी मॉर्गन ने दी बढ़ने की चेतावनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आने वाले दो-तीन सालों में आपको पेट्रोल और डीजल के लिए ज्यादा कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। तेल कीमत की एक लेटेस्ट स्टडी के मुताबिक, जेपी मॉर्गन के ईएमईए एनर्जी इक्विटी रिसर्च के प्रमुख क्रिस्टियन मालेक ने अलर्ट करते हुए कहा कि ब्रेंट की कीमत में कुछ दिनों में आई तेजी साल 2026 तक 150 डॉलर प्रति बैरल तक जारी रह सकती है। मौजूदा समय में क्रूड ऑयल की कीमत 94-96 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास है। एक खबर के मुताबिक, जेपी मॉर्गन की तरफ से जारी 150 डॉलर की कीमत की चेतावनी में कई उत्प्रेरक (कैटेलिस्ट) शामिल थे, जिनमें कैपिसिटी शॉक्स,




ऊर्जा सुपरसाइकिल और निश्चित रूप से, दुनिया को जीवाश्म ईंधन से दूर करने की कोशिशें शामिल थीं। कुछ दिनों पहले तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक+ के प्रोडक्शन में कटौती के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं, जिसमें भूमिका सऊदी अरब ने निभाई। इसने करीब अकेले ही बाजार से 1 मिलियन बीपीडी ले लिया, जिसके बाद रूस से ईंधन एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया गया। क्रूड ऑयल की कीमत की रिपोर्ट के मुताबिक, सप्लाई बैन के साथ कच्चे तेल की बढ़ती मांग, कच्चे तेल की कीमतों को बढ़ावा दे रही है और बढ़ती उपभोक्ता कीमतों में योगदान दे रही है। ब्रेंट की कीमतें शुक्रवार दोपहर को 93.55 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही थीं लेकिन मालेक को उम्मीद है कि अगले साल ब्रेंट की कीमतें $90 और $110 के बीच होंगी और साल 2025 में इससे भी लेवल पर यह जा पहुंचेगा। यह एक बहुत ही अस्थिर सुपरसाइकिल होने जा रहा है, चूंकि विश्लेषक ने ओपेक के प्रोडक्शन में कटौती और नए तेल उत्पादन में निवेश की कमी के बारे में चेतावनी दी थी। इससे पहले जेपी मॉर्गन ने इसी साल फरवरी में कहा था कि इस साल तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने की संभावना नहीं है।

## एफपीआई ने इस महीने अबतक शेयर बाजारों से 10,164 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** अमेरिका में ऊंची ब्याज दर, मंदी की आशंका और घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर के पहले तीन सप्ताह (22 सितंबर) में भारतीय शेयर बाजारों से 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा निकाले हैं। इससे पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक लगातार छह माह भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने 1.74 लाख करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, चूंकि मूल्यांकन अब भी ऊंचा है और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल (10 साल के लिए 4.49 प्रतिशत) आकर्षक बना हुआ है, ऐसे में एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं।'' डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक इस महीने अबतक 15 कारोबारी दिवस में से 11 में शुद्ध बिकवाल रहे हैं और उन्होंने शेयरों से शुद्ध रूप से 10,164 करोड़ रुपए निकाले हैं।

## न्यूजर्सी में बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मंदिर

# 8 अक्तूबर को होगा भव्य रूप से उद्घाटन

**एजेंसी। वाशिंगटन**

आधुनिक युग में भारत के बाहर निर्मित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन 8 अक्तूबर को न्यूजर्सी में होगा। न्यूयॉर्क स्थित टाइम्स स्क्वायर से लगभग 60 मील दक्षिण में और वाशिंगटन डीसी से लगभग 180 मील उत्तर में स्थित न्यूजर्सी के रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का निर्माण 2011 में शुरू हुआ था और इसके निर्माण में 12,500 से अधिक स्वयंसेवकों ने मदद की। मंदिर के औपचारिक उद्घाटन से पहले ही यहां दर्शन के लिए रोजाना हजारों लोग आते हैं। अधरधाम के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर 183 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। इस



मंदिर को प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार बनाया गया है और इसमें 10,000 मूर्तियों एवं प्रतिमाओं, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य रूपों की नक्काशी सहित प्राचीन भारतीय संस्कृति को दशार्या गया है। यह मंदिर कंबोडिया स्थित अंकोरवाट के बाद संभवतः दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है। 12वीं सदी में निर्मित अंकोरवाट मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है, जो 500 एकड़ में फैला है। यह यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन) का विश्व धरोहर स्थल है। नई दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर 100 एकड़ में बना है। इसे 2005 में आम लोगों के लिए खोला गया था। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के अक्षरवत्सलदास स्वामी ने एक साक्षात्कार में कहा, हमारे आध्यात्मिक नेता (प्रमुख स्वामी महाराज) की सोच थी कि पश्चिमी गोलार्ध में एक ऐसा स्थान होना चाहिए जो केवल हिंदुओं, केवल भारतीयों या केवल कुछ लोगों के समूहों का न होकर दुनिया के सभी लोगों के लिए हो।

## विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आर्थिक नीतियों में सुधार की दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने पाकिस्तान को चेतावनी है कि उसे अभिजात वर्ग के कब्जे और सैन्य, राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के मजबूत निहित स्वार्थों से प्रेरित नीतिगत निर्णयों के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 40 प्रतिशत आबादी के साथ पिछड़ा बने रहने या उज्ज्वल भविष्य के लिए रास्ता बदलने में से एक को चुनने का निर्णय लेना चाहिए। नए चुनाव चक्र से पहले विश्व बैंक की ओर से आगामी सरकार को शीघ्र विकल्प चुनने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है। लेकिन कठिन विकल्प और सुधार के निर्णय केवल देश के भीतर ही लिए जा सकते हैं। नई निर्वाचित सरकार के आने से पहले अंतिम रूप देने के लिए बहस और विचार-विमर्श के लिए पॉलिसी नोट्स का एक सेट जारी करते हुए एक न्यूज ब्रीफिंग में पाकिस्तान में विश्व बैंक के निदेशक नेजी बेन्हासिन ने कहा, ₹यह पाकिस्तान के लिए नीतिगत बदलाव करने का क्षण हो सकता है।

# कपड़ा क्षेत्र में चीन की छोड़ी जगह हासिल करने के लिए समग्र दृष्टिकोण जरूरी : एसआईएमए

**एजेंसी। कोयंबटूर**

वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए कपड़ा और परिधान उद्योग को दीर्घकालिक नजरिए के साथ एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। साउदर्न इंडिया मिल्स एसोसिएशन (एसआईएमए) के अधिकारियों ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि रोजगार देने के लिहाज से कपड़ा और परिधान उद्योग का कृषि के बाद दूसरा स्थान है। यह क्षेत्र जीएसटी के रूप में 30,000 करोड़ रुपए का राजस्व देता है और 44 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा अर्जित करता है। एसआईएमए के चेयरमैन एस के सुंदररमन ने कहा कि उद्योगों को हाल के दिनों में कच्चे माल के मोर्चे पर संरचनात्मक मुद्दों, उत्पादन की उच्च लागत, संचालन के पैमाने सहित अन्य चुनौतियों का सामना



करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन संरचनात्मक मुद्दों का समाधान करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने का प्रयास करेगा। एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार कपड़ा और परिधान उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर जोर दे रही है और उसने कई मुद्दों पर ध्यान दिया है। एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा, ''हालांकि, कुछ क्षेत्रों में नीति संबंधी खामियों और सरकारी बकाया वापस करने में देरी से उद्योग को लगातार उच्च वृद्धि दर हासिल करने में दिक्कत हो रही है।'' सुंदररमन ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल से अग्रिम प्राधिकरण योजना के तहत आयातित वीएसएफ (विस्कोस स्टेपल फाइबर) और सभी विशेष तथा मूल्य वर्धित फाइबर और फिलामेंट्स को छूट देने का आग्रह किया।

## पेज एक के शेष

### पीएम मोदी ने...

तरह पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस दोनों शहरों के बीच की यात्रा को 1 घंटा कम समय में पूरा करेगी। रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से 5.15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 12.20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। पटना-हावड़ा एक्सप्रेस पटना से सुबह 8 बजे निकलकर 2.35 बजे हावड़ा पहुंचेगी। राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस दोनों शहरों के बीच के सफर को 3 घंटे कम में पूरा करेगा तो वहीं कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस अपने रूट पर चलने वाली सबसे तेज ट्रेन से 3 घंटा कम टाइम लेगी। इसी तरह से हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट पहले पहुंचा देगी। तिरुनेलवेली-मदुरई-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा को 2 घंटे कम कर देगी। इसी तरह से जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस अपने रूट पर चलने वाली ट्रेनों के मुकाबले 1 घंटा कम समय लेगी। इसी तरह से आप उदयपुर-जयपुर वंदे भारत ट्रेन की मदद से 30 मिनट कम समय में पहुंच जाएंगे।

### संबलपुर-जम्मूतवी...

ताबड़तोड़ करीब दस से बारह राउंड न सिर्फ फायरिंग की बल्कि हथियार के बट से मारकर कई यात्रियों को घायल कर दिया। लूटपाट के बाद सभी अपराधी छीपादोहर स्टेशन के आसपास ट्रेन की गति धीमी होते उतरकर जंगल की ओर भाग गये। यह घटना शनिवार की देर रात करीब 11.30 बजे की है। इधर ट्रेन के डालटनगंज स्टेशन पर पहुंचते लूट के शिकार हुए यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया। आक्रोशित यात्री रेल पुलिस पर कई तरह के आरोप लगा रहे थे। हालांकि घटना की सूचना मिलते पलामू के डीडीसी रवि आनंद, सदर एसडीएम राजेश शाह, टीओपी टू के प्रभारी सुधीर सिंह समेत जीआरपी के पदाधिकारी तत्काल स्टेशन पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए मेडिकल टीम बुलाकर स्टेशन पर ही घायल यात्रियों का इलाज कराया। जीआरपी पुलिस द्वारा यात्रियों का बयान दर्ज किया गया। जबकि घटना की प्राथमिकी बरकाकाना रेल थाना में दर्ज की गई है। इस दौरान करीब ढाई घंटे तक ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पर खड़ी रही। रात के 12.37 बजे डालटनगंज पहुंची ट्रेन सुबह 3.40 बजे आगे रवाना हुई। इस सम्बन्ध में भुक्तभोगी यात्रियों ने मौके पर जो बताया उसके अनुसार ट्रेन की बोगी में घुसे अपराधियों की संख्या 10 से 12 थी। सभी नकाबपोश थे। इनमें एक नाबालिक और अन्य करीब 20 से 25 वर्ष उम्र वर्ग के थे। इनके पास बन्दुक, राइफल, कट्टा व चाकू आदि हथियार थे। यात्रियों ने बताया की लातेहार स्टेशन से ट्रेन के खुलने बाद बोगी में घुसे अपराधियों ने लूटपाट शुरू की। इस दौरान बोगी का लाइट ऑफ कर दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर गड़बड़ी करने वाले को गोली मार देने की धमकी दी। बताया जाता है कि अपराधियों ने करीब पौन घंटे तक लूटपाट की। इस दौरान करीब पचास यात्रियों से नकदी, मोबाइल व अन्य सामान लूट लिये। बोगी में यात्रा कर रही महिलाओं से जेवर व नकदी तथा उनके बैग लूट लिए। अपराधियों के जाने तक यात्री दहशत में रहे।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ...

में 5 विकेट के नुकसान पर 399 रन बनाए थे। शुभमन गिल (104) और श्रेयस अय्यर (105) ने शतक बनाए तो वहीं केएल राहुल ने 52 और सूर्यकुमार यादव ने 72 रन की तूफानी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कैमरन ग्रीन सबसे महंगे गेंदबाज रहे। आज के मैच में पैट कमिंस की जगह स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रहे हैं। इसके अलावा जोश हेजलवुड, स्पेंसर जॉनसन,एलेक्स कैरी को मौका मिला। टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में एक बदलाव हुआ। जसप्रीत बुमराह की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिला। टीम इंडिया ने मोहाली में पहला वनडे अपने नाम किया था। सीरीज में टीम 1-0 से आगे है।

### महिला से एक ...

ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि लोगों को लॉटरी निकालने और अन्य तरह के प्रलोभन का झांसा देकर साइबर ठगी करते हैं। अपराधियों ने बताया कि ठगी का पैसा अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए विभिन्न राज्यों में जाली कागजातों के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाते हैं इन्हीं अकाउंट में ठगी का पैसा ट्रांसफर करवा कर रांची के विभिन्न एटीएम से पैसे की निकासी करते हैं। इस गिरोह के कुछ सदस्य विभिन्न राज्यों में अकाउंट खुलवाकर प्रति बैंक अकाउंट 20 हजार अतिरिक्त पैसा लेते हैं। एक माह में इन अपराधियों की ओर से ठगी का करीब 70 से 75 लाख रुपए की निकासी इनके पास से बरामद बैंक खाता से किया गया है।

### पहचान की लड़ाई लड़ ...

लिखकर महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति, पिता या परिजनों को बैठक या सभा में शामिल होने पर रोक लगाने का निर्देश दे रखा है। पंचायती राज व्यवस्था के सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर पिछले दो दशक से काम कर रहे मंथन नामक संस्था के प्रमुख और वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाल कहते हैं, 2022 में पंचायत चुनाव जीतकर करीब 56 प्रतिशत पदों पर महिलाएं स्थानीय शासन व्यवस्था का हिस्सा बनी हैं। झारखंड के आदिवासी बहुल इलाकों की महिला जनप्रतिनिधि अपने अधिकारों के प्रति ज्यादा सजग हैं। पंचायतों के कामकाज में भी उनकी सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ी है। इसकी वजह यह है कि आदिवासी समाज में महिला-पुरुष का भेदभाव अपेक्षाकृत कम है। सामान्य ग्रामीण समाज की तुलना में आदिवासी समाज की महिलाएं सामाजिक तौर पर ज्यादा अग्रणी और सक्रिय रही हैं।

चुनाव जीतने के बावजूद पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों के लिए अपनी अलग पहचान और अलग रास्ता बना पाना बहुत आसान नहीं रहा है। पुरुष सत्तात्मक ग्रामीण समाज आसानी ने महिला को प्रमुख या प्रभावी भूमिका में नहीं देखना चाहता।

झारखंड के दुमका जिले की दुधानी पंचायत में कुछ महीने पहले आदिवासी महिला मुखिया जूली मरांडी के साथ उसी पंचायत के उप मुखिया राकेश यादव समेत छह लोगों ने पंचायत भवन में मारपीट की थी और बाल पकड़कर घसीटते हुए पंचायत भवन से बाहर कर दिया था। यही नहीं उन्होंने मुखिया को जाति सूचक गालियां भी दी। पुलिस ने बाद में इनमें से कुछ आरोपियों का गिरफ्तार किया था। बीते जुलाई महीने में पलामू जिले के लेस्लीगंज ब्लॉक अंतर्गत पुरनाडीह पंचायत की मुखिया गुड्डी देवी के साथ प्रखंड के बीडीओ द्वारा बदसलूकी की शिकायत सामने आई। गुड्डी देवी का कहना है कि वह ग्राम स्वराज अभियान के दौरान सभी में अपने पंचायत की स्थिति पर माइक पर बोल रही थीं, तब बीडीओ ने उनके हाथ जबरन माइक छीन ली और दुर्व्यवहार किया।

हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार प्रसन्न मिश्र कहते हैं, पंचायतों में भले 56 फीसदी से ज्यादा महिलाओं का प्रतिनिधित्व है, लेकिन सही मायने में वे अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पा रही हैं। आज भी ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी सहज नहीं हो पाई है। हालांकि विषम परिस्थितियों के बीच भी राज्य में पंचायतों की कई महिला जनप्रतिनिधियों ने अपनी सक्रियता और कामकाज से अलग पहचान बनाई और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी हुईं।बीते मार्च महीने में रांची के पिठोरिया की मुखिया मुन्नी देवी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी ग्राम पंचायत में जल संरक्षण, तरल कचरा प्रबंधन और ओडीएफ प्लस के लिए शानदार काम किया।

जिस पंचायत में पानी का गंभीर संकट था, वहां अब हर घर में नल पहुंच चुका है। सरकार की योजना को पंचायत के घर-घर तक पहुंचाने के लिए उन्होंने जबरदस्त काम किया। मुन्नी देवी कहती हैं, यह पंचायत के हर व्यक्ति का सम्मान है। सरकारी योजना को धरातल पर उतारने में सबने सहयोग किया। झारखंड की राजधानी रांची के समीप कमड़े पंचायत की मुखिया नीलम तिर्की कभी दिहाड़ी मजदूरी करती थीं। वर्ष 2010 में पहली बार पंचायत में वार्ड सदस्य चुनी गईं। उन्होंने बेहतर काम किया इसके बाद लगातार दो बार मुखिया पद के लिए चुनी गईं।

इसी तरह गिरिडीह के बिरनी प्रखंड अंतर्गत कपिलो पंचायत की मुखिया रहीं इंदु देवी ने पूरे पंचायत की तस्वीर बदल डाली। उन्होंने पंचायत के स्कूलों की व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ जल प्रबंधन, कचरा निकासी, शौचालय निर्माण, सड़क निर्माण के क्षेत्र में इतना शानदार काम किया कि उन्हें लगातार तीन वर्ष 2018, 2019 और 2020 में नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल हुआ। इस पंचायत को दीनदयाल उपाध्याय पंचायती राज पुरस्कार के लिए भी चुना गया था। पंचायतों से इतर राज्य की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 में जब झारखंड बना था, तब राज्य की विधानसभा में महिला विधायकों का अनुपात सिर्फ पांच फीसदी थी। वर्ष 2010 में यह 10 फीसदी हुआ और मौजूदा विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या प्रतिशत के लिहाज 14.81 फीसदी है। राज्य की 82 सदस्यीय विधानसभा में कुल 12 महिला विधायक है। यह राज्य में महिला विधायकों की अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

### मुख्यमंत्री के ...

मुख्यमंत्री के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर सकती है। ईडी के समन पर उपस्थिति नहीं होने और संबंधित मामले में साक्ष्य नहीं देने पर ईडी पीएमएलए 2002(2003 की धारा 15) के तहत भी कार्रवाई कर सकती है। हालांकि अबतक सीएम से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका लंबित होने पर एजेंसी ने समन किया था। अबतक सीएम 14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर व 23 सितंबर के समन पर उपस्थित नहीं हुए हैं। 18 सितंबर की तारीख पर भी ईडी ने सीएम को समन भेजा था, हालांकि यह समन वापस ले लिया गया था।

## विदेश

# मुश्किल में सुपरपावर्स, चीन के बाद अमेरिका की हालत खराब

**एजेंसी। मास्को**

दुनिया के सुपरपावर्स कहे जाने वाले चीन और अमेरिका दोनों ही इन दिनों मुश्किल में हैं। दोनों ही देश अर्थव्यवस्था को मोर्चे पर घिरे हुए हैं। दुनिया की फैक्ट्री कहलाने वाला चीन अपनी गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने में लगा है तो वहीं अमेरिका पर शटडाउन का खतना मंडराने लगा है। अमेरिका में मुश्किल बढ़ने लगी है। अमेरिका की इकॉनमी कर्ज के संकट में फंसती जा रही है। कर्ज का ये संकट इतना गहराने लगा है कि वहां शटडाउन की स्थिति पैदा होने लगी है। अगर अमेरिका संकट और बढ़ा तो वहां सरकारी कर्मचारियों की सैलरी तक अटक जाएगी। अमेरिका का कर्ज 33 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है, जो उसके लिए सबसे बड़ी




मुसीबत बना हुआ है। अमेरिका मुश्किलों का सामना कर रहा है। अमेरिकी इकॉनमी की मुश्किल बढ़ सकती है। देश में फ्यूल की कीमत हाई पर है, ऑटो इंडस्ट्री के कर्मचारी हड़ताल पर हैं और महंगाई चरम पर है। दुनिया के सामने अपनी ताकत का दिखावा करने वाले अमेरिका की इकॉनमी अभी मुश्किल दौर से गुजर रही है। अर्थव्यवस्था के जानकारों का कहना है कि देश में एक बार फिर मंदी की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। अगर यह मंदी में फंसती है तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। अब पहले अमेरिका की मुश्किल को समझ लेते हैं कि आखिर ये है क्या। अमेरिका में शटडाउन की चर्चा तेज हो गई है। 30 सितंबर की मध्यरात्रि तक अगर डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच अल्पकालिन खर्च बिल पर सहमति नहीं बनी तो अमेरिका नें शटडाउन की स्थिति लागू हो सकती है। शटडाउन वो स्थिति है, जब अमेरिका की सरकार, एजेंसियों और सरकारी काम के लिए पर्याप्त फंडिंग पास करने में असमर्थ हो जाएगी। हालांकि अमेरिका के लिए शटडाउन नई बात नहीं है। इसके पहले भी वहां कई बार शटडाउन हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल में तो 35 दिन का लंबा शटडाउन रहा था। अमेरिका पर मंडरा रहे इस शटडाउ की वजह से कई सेवाएं बाधित हो जाएगी। इस स्थिति में सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका के सरकारी कर्मचारियों को होगा।

## एलन मस्क की बायोग्राफी की जबरदस्त बिक्री

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी लेखक-पत्रकार वॉल्टर आईजैकसन लिखित एलन मस्क की बायोग्राफी के लॉन्च के एक सप्ताह के भीतर इसकी 92,560 प्रतियां बिक चुकी हैं। पुस्तक ट्रैकर सकार्ना बुकस्कैन द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, टेस्ला के संस्थापक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) की जीवनी की बिक्री के आंकड़ों में 16 सितंबर तक बेची गई प्रिंट प्रतियां शामिल हैं। पुस्तक का शीर्षक 'एलोन मस्क' रखा गया है। कूल, हालांकि मेरे चेहरे की इतनी सारी क्लोज-अप तस्वीरें देखना थोड़ा अजीब है। 'एलन मस्क' की जीवनी प्रकाशन के पहले सप्ताह में दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली बायोग्राफी बन गई है। आईजैकसन द्वारा 2011 में दिवंगत एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स की जीवनी की लगभग 383,000 प्रतियां पहले सप्ताह में बिकी थीं।

## कूटनीतिक विवाद | भारत से दुश्मनी ली तो नहीं गल पाएगी ट्रूडो की 'दाल'

# कनाडा को लगेगा 3 लाख करोड़ का फटका

**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारत और कनाडा के बीच बढ़ते कूटनीतिक विवाद के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को झटका लग रहा है। दोनों देशों के व्यापार को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान कनाडा को हो रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि कनाडा की इकॉनमी बहुत हद तक भारत और भारतीयों पर निर्भर करती है। न केवल भारत के साथ कनाडा का आयात-निर्यात प्रभावित होगा, बल्कि कनाडा में बसे भारतीय, जो वहां की इकॉनमी में बड़ा रोल निभाते हैं उनकी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। भारतीय जो कनाडा की इकॉनमी में हर साल 3 लाख करोड़ का योगदान देते हैं, उनकी नाराजगी वहां की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में बसे और कनाडा जाकर पढ़ने वाले भारतीय




हर साल वहां की इकॉनमी में 3 लाख करोड़ का योगदान देते हैं। अगर दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़े तो कनाडा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। कनाडा में बसे 20 लाख भारतीयों वहां की अर्थव्यवस्था में बड़ा रोल निभाते हैं। उनका हर सेक्टर में दबदबा है। सिर्फ कनाडा जाकर पढ़ने वाले करीब साढ़े तीन भारतीय छात्र वहां की इकोनॉमी में 4.9 अरब डॉलर का योगदान देते हैं। कनाडा में लगभग हर सेक्टर में भारतीयों का दबदबा है। चाहे खेती हो या आईटी, ट्रैवल हो या बिजनेस। प्रॉपर्टी, रिसर्च, स्मॉल बिजनेस में सबसे ज्यादा योगदान भारतीयों का और भारत ते निवेश का है। सीआईआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की बड़ी कंपनियों ने कनाडा में साल 2023 तक 41 हजार करोड़ का निवेश किया है। इन कंपनियों की वजह से बड़ी संख्या में रोजगार क्रिएट होते हैं। बड़ी संख्या में भारत से लोग कनाडा ट्रैवल करते हैं। साल 2022 में करीब 1.10 लाख भारतीयों ने कनाडा की यात्रा की। बड़े कारोबार के अलावा कनाडा के स्मॉल बिजनेस जैसे की ग्रॉसरी और होटल, रेस्टोरेंट में भारतीयों का 70 हजार करोड़ रुपये लगा हुआ है। कनाडा में पढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में सबसे बड़ी संख्या भारतीय छात्रों की है। वहां पढ़ने वाले विदेशी छात्रों में भारतीय छात्रों की संख्या 40 फीसदी है। कनाडा जाने वाले भारतीय छात्र अपने साथ बड़ा निवेश कनाडा लेकर जाते हैं। अगर भारत ने एक सख्त फैसला लिया तो कनाडा की सांसें रूक जाएगी। दरअसल कनाडा की इकॉनमी में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का बड़ा रोल है। ये छात्र वहां मोटी फीस भरकर पढ़ाई करते हैं और वहां की इकॉनमी को मजबूत करने में मदद करते है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# जी 20 से भारत ने मनवाया अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 105वें संस्करण में पूर्वाह्न 11 बजे अपने चिर-परिचित अंदाज में रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जी-20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलिब्रिटी की तरह हो गया है। लोग उसके साथ सेल्फी लेकर उसे गर्व से पोस्ट भी कर रहे हैं। भारत ने इस समिट में अफ्रीकन यूनियन को जी-20 में पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के संबंध में एक्स पर कहा कि प्रेरक जीवन यात्राओं को उजागर करने में हमेशा खुशी होती है। उन्होंने कहा कि जब भारत बहुत समृद्ध था तब हमारे देश में और दुनिया में सिल्क




रूट की बहुत चर्चा होती थी। यह सिल्क रूट व्यापार-कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम था। अब आधुनिक जमाने में भारत ने एक और इकोनॉमिक कॉरिडोर जी-20 में सुझाया है। यह है इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर। यह आने वाले सैकड़ों वर्षों तक विश्व व्यापार का आधार बनने जा रहा है और इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस कॉरिडोर का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में एक और रोमांचक कार्यक्रम 'जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम' होने जा रहा है। इस प्रोग्राम से देशभर के लाखों यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी एक-दूसरे से जुड़ेंगे। इसमें आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और मेडिकल कॉलेजों जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान भी भाग लेंगे। मैं चाहूंगा कि अगर आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो 26 सितंबर को होने वाले इस कार्यक्रम को जरूर देखिएगा। इससे जरूर जुड़िएगा। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस है। पर्यटन को कुछ लोग सिर्फ सैर-सपाटे के तौर पर देखते हैं, लेकिन पर्यटन का बहुत बड़ा पहलू रोजगार से जुड़ा है।

मेरा आप सबसे आग्रह है कि जब आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएं, तो ये प्रयास करें कि भारत की विविधता की दर्शन करें। बीते कुछ वर्षों में भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है और जी-20 के सफल आयोजन के बाद दुनिया के लोगों की रुचि भारत की ओर बढ़ गई है। उन्होंने कहा किभारत में अब वैश्विक धरोहर की संख्या 42 हो गई है। भारत का प्रयास है कि हमारी ज्यादा से ज्यादा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जगहों को विश्व धरोहर के तौर पर मान्यता मिले। भारत में एक से बढ़कर एक विश्व हेरिटेज साइट्स हैं।

### अदालत ने चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 5 अक्टूबर तक बढ़ाई

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी अदालत ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले में टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत रविवार को 5 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एन. चंद्रबाबू नायडू की हिरासत रविवार को समाप्त हो रही थी। जिसके बाद उन्हें राजमुंड्री सेंट्रल जेल से अदालत में वीडियो के जरिए पेश किया गया। जज हिमा बिंदू ने उनकी न्यायिक हिरासत 11 दिनों के लिए बढ़ा दी। नायडू की दो दिन की पुलिस हिरासत समाप्त होने के तुरंत बाद उन्हें न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। सीआईडी अधिकारियों ने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख से जेल में दो दिनों तक पूछताछ की थी। जज ने नायडू से पूछा कि क्या पूछताछ के दौरान उन पर किसी थर्ड डिग्री का प्रयोग किया गया। सीआईडी ने अदालत से आगे की पूछताछ के लिए नायडू की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया। जज ने इन्हें याचिका दायर करने को कहा। नायडू की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। सीआईडी ने नायडू को मुख्यमंत्री रहते हुए हुए कथित घोटाले में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

## पीएम ने 1 अक्टूबर को लोगों से स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का किया आह्वान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

9 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता के लिए एक स्पष्ट संदेश देकर आह्वान किया था। सभी क्षेत्रों से आने वाले नागरिकों ने इसका स्वागत किया और सक्रियता दिखाते हुए स्वच्छ भारत के लिए स्वामित्व लेने में अत्यधिक उत्साह दिखाया। परिणामस्वरूप स्वच्छता एक राष्ट्रीय स्वभाव परिवर्तन बन गया और हर किसी की जुबान पर स्वच्छ भारत मिशन एक घरेलू नाम की तरह बन गया। मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही बापू को 'स्वच्छांजलि' होगी। स्वच्छता ही सेवा अभियान पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा, 1 अक्टूबर यानी रविवार को सुबह 10 बजे स्वच्छता पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। आप भी समय निकालकर स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में सहयोग करें। आप भी अपनी गली,



आस-पड़ोस... किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं।

अपने आस-पड़ोस से लेकर रेलवे ट्रैक तक, धार्मिक स्थानों से लेकर राजमार्गों तक, सार्वजनिक स्थानों से लेकर घरों तक, अब कचरा मुक्त भारत का समय है। हर स्थानीय शहरी निकाय और ग्राम पंचायत सफाई अभियान के लिए जगह का चयन करेगी। ये सभी स्थल एक मानचित्र पर उपलब्ध होंगे जिन्हें सभी नागरिक स्वच्छता ही सेवा- सिटिजन पोर्टल स्वच्छता ही सेवा पर उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से देख और चुन पाएंगे। एनजीओ/ आरडब्लूए और निजी संगठन आदि जो सफाई कार्यक्रम आयोजित करने के इच्छुक हों, वे भी यूएलबी/जिला प्रशासन, जो भी हो, इसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। अनुमति मिलने के बाद वे सभी नये इवेंट क्रिएट कर पाएंगे। गतिविधि के समापन के बाद इवेंट क्रिएट करने वाले संगठनों को कार्यक्रम में हुई भागीदारी और उसके मुख्य अंश आदि का विवरण देना होगा। सफाई अभियान स्थल पर ही लोग अपने फोटो क्लिक कर इसी पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। इसके अलावा उन्हें आधिकारिक हैशटैगः # स्वच्छभारत #स्वच्छता ही सेवा और हैंडल्स @स्वच्छ भारत जीओवी, @ स्वच्छभारत इत्यादि के साथ सोशल मीडिया पर भी साझा कर सकेंगे। स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर नागरिकों और इन्फ्लूएंसर्स को पखवाड़े से जुड़ने और स्वच्छता दूत बनने का निमंत्रण देने का भी प्रावधान है। स्वच्छ भारत मिशन के 9 साल के उपलक्ष्य में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा 2023 का आयोजन किया जा रहा है।

### गुजरात : गणेश मूर्ति के विसर्जन के दौरान डूबने से दो की मौत

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन करते समय एक व्यक्ति और उसका भतीजा अजी डैम में डूब गए। गणेशोत्सव दस दिन तक चलता है। गणेशोत्सव के पांचवें दिन में प्रवेश करने पर भक्त भगवान गणेश की पूजा करने के लिए पारंपरिक अनुष्ठानों के लिए एकत्र हुए। मृतकों की पहचान 33 वर्षीय रामभाई और 19 वर्षीय हर्ष के रूप में की गई है। शवों को राजकोट के सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

## केंद्र खालिस्तानी आतंकियों के ओसीआई कार्ड करेगा रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनआईए द्वारा कनाडा स्थित 'नामित आतंकवादी' गुरपतवंत सिंह पन्नून की संपत्तियों को जब्त करने के एक दिन बाद, केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों से विदेश में बैठे भारत में वांछित अन्य आतंकवादियों की संपत्तियों की पहचान करने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने एजेंसियों से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में बसे खालिस्तानी आतंकवादियों की पहचान करने और उनकी विदेशी नागरिकता (ओसीआई) रद्द करने को कहा है ताकि वे भारत न आएं। सरकार की यह योजना राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा चंडीगढ़ और अमृतसर में पन्नून की संपत्तियों को जब्त करने के एक दिन बाद आई है। सूत्र ने कहा कि इस कदम से सरकार को भारत से इन आतंकवादियों के वित्त को रोकने में मदद मिलेगी और उन्हें यहां आने की अनुमति भी नहीं मिलेगी। सूत्र ने कहा कि सरकार ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, यूएई, पाकिस्तान और अन्य देशों में रह रहे 19 फरार खालिस्तानी आतंकवादियों की पहचान की है।

## मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट अमेरिका में करेगी 'युद्धाभ्यास'

### भारतीय और अमेरिकी सेनाओं के बीच हर साल बारी-बारी से होता है यह युद्धाभ्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट की 350 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी अलास्का में अमेरिकी सैनिकों के साथ 'युद्धाभ्यास' में भाग लेगी। यह अभ्यास 25 सितंबर से 8 अक्टूबर तक अमेरिका के फोर्ट वेनराइट में होगा। भारतीय और अमेरिकी सेना के बीच बारी-बारी से होने वाला यह संयुक्त वार्षिक अभ्यास है। इसका 18वां संस्करण पिछले साल नवंबर में उत्तराखंड के औली में हुआ। भारत की ओर से अभ्यास के इस संस्करण में 350



कर्मियों वाली भारतीय सेना की मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट की टुकड़ी हिस्सा लेगी। अमेरिका की ओर से प्रथम ब्रिगेड कॉम्बैट टीम की 1-24 इन्फेंट्री बटालियन भाग लेगी। दोनों पक्ष संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों के संचालन में अंतरसंचालनीयता बढ़ाने के लिए सामरिक अभ्यासों की एक शृंखला का अभ्यास करेंगे। दोनों सेनाओं के सैनिक अपने अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए विस्तृत चर्चा भी करेंगे। अभ्यास का विषय संयुक्त राष्ट्र शासनादेश के अध्याय श्क्क के तहत 'पर्वतीय/चरम जलवायु परिस्थितियों में एक एकीकृत युद्ध समूह का नियोजन' है। चयनित विषयों पर एक कमांड पोस्ट अभ्यास और विशेषज्ञ अकादमिक चर्चाएं भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगी। फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास के दायरे में ब्रिगेड स्तर पर दुश्मनों के खिलाफ एकीकृत युद्ध समूहों का सत्यापन, ब्रिगेड, बटालियन स्तर पर एकीकृत निगरानी ग्रिड, हेलीबोर्न, एयरबोर्न तत्वों और फोर्स मल्टीप्लायरों का रोजगार, संचालन के दौरान रसद और हताहत प्रबंधन का सत्यापन शामिल है। फोर्स मल्टीप्लायर ऑपरेशन के दौरान लॉजिस्टिक्स और हताहत प्रबंधन, निकासी, युद्ध चिकित्सा सहायता, उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों और अत्यधिक जलवायु परिस्थितियों पर लागू होने वाले अन्य पहलुओं का सत्यापन किया जाएगा। अभ्यास में लड़ाकू इंजीनियरिंग, बाधा निवारण, बारूदी सुरंग और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेस सहित युद्ध कौशल के व्यापक स्पेक्ट्रम पर अभ्यास में विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान भी शामिल होगा। 'युद्धाभ्यास' में दोनों सेनाओं को एक-दूसरे से पारस्परिक रूप से सीखने का मौका मिलेगा, जिससे दोनों सेनाओं के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

## राजस्थान में सड़क हादसा पांच की मौत, छह जख्मी

**एजेंसी। दौसा**

राजस्थान के दौसा जिले के महवा थाना क्षेत्र में ग्राम बरीतकी के पास रविवार को तेज रफ्तार एक रोडवेज बस ने टैंपो को टक्कर मारते हुए पैदल यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हादसा रविवार पूर्वाह्न 11.30 बजे के करीब करौली स्टेट हाई-वे पर हुआ। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। महवा थाना इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि बरीतकी गांव के नजदीक बस ने एक टेंपो को टक्कर मार दी। इसी दौरान पास से निकले रहे पदयात्रियों को भी बस ने चपेट में ले लिया। यात्रियों से भरा टेंपो हिंडौन (करौली) की तरफ से आ रहा था। बस महवा की तरफ से आ रही थी। महवा से हिंडौन के भैरूजी के लिए पदयात्रा निकाली जा रही थी। इस बीच पैदल यात्रियों को बचाने की कोशिश में यह हादसा हुआ। बस ने टैंपो को टक्कर मारते हुए तीन पैदल यात्रियों और एक राहगीर को चपेट में ले लिया।

## संसदीय समिति ने भूजल निकासी विनियमित करने में विफल रहने पर केंद्र की खिंचाई की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक उच्च स्तरीय संसदीय समिति ने इस तथ्य पर निराशा व्यक्त की है कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा ने 2004 और 2017 के बीच 100 प्रतिशत से अधिक भूजल दोहन किया है। हाल ही में संपन्न विशेष सत्र के दौरान संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) द्वारा प्रस्तुत भूजल प्रबंधन एवं विनियमन पर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। देश में भूजल निकासी 245 अरब क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है, जो वैश्विक निकासी का लगभग 25 प्रतिशत है। भूजल देश की सिंचाई जरूरतों का लगभग 64 प्रतिशत और पीने के पानी की जरूरतों का 80 प्रतिशत कराता है। समिति ने टिप्?पणी की है कि बोरवेल तकनीक के अनियंत्रित उपयोग से जल पुनर्भरण की दर से अधिक दर पर भूजल का दोहन होता है, जिससे भूजल में भारी कमी हो सकती है। इसलिए यह सुझाव दिया गया कि बोरवेल की स्थापना या उपयोग को विनियमित किया जाना चाहिए और राज्यों को सभी बोरवेल के साथ मीटरिंग सिस्टम अनिवार्य बनाने पर विचार करना चाहिए। समिति ने जल शक्ति मंत्रालय से राज्य सरकारों को भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने और भूजल संसाधनों की दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल और कड़े कदम उठाने के लिए मनाने का भी आग्रह किया। देश भर में स्थलाकृति की विषम प्रकृति, वर्षा और भूजल पर राज्य की विशिष्ट नीति को ध्यान में रखते हुए, पानी की उपलब्धता अलग-अलग राज्यों में भिन्न हो सकती है। एक तरफ जहां देश में बहुत कम वर्षा वाले सूखाग्रस्त क्षेत्र हैं, वहीं दूसरी तरफ ऐसे क्षेत्र भी हैं जहां अत्यधिक वर्षा होती है।




## प्रियंका चोपड़ा ने की महिला आरक्षण विधेयक को जल्द लागू करने की मांग



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा ने महिला आरक्षण विधेयक पारित होने की सराहना करते हुए कहा कि इसे तेजी के साथ लागू करना चहिए। प्रियंका का यह बयान विपक्षी कांग्रेस के विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग के बीच आया है। संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में पारित होने के एक दिन बाद गुरुवार को महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। अब निचले सदन और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण कानून बन जाएगा और इसे जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, "इस ऐतिहासिक मील के पत्थर से एक नए युग को प्रेरणा मिल रही है। महिला आरक्षण विधेयक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का पारित होना वास्तव में सही दिशा में एक कदम है, लेकिन महत्वपूर्ण अगला चरण इसे तेजी से लागू करना है। यह एक ऐसा भारत है जो वास्तव में महिलाओं का समर्थन करता है और उन्हें सशक्त बनाता है।"

### बॉलीवुड मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है : विभव रॉय



**'पद्मावत'**, 'लष्टम पश्तम' और 'रेड्रम- ए टेल ऑफ मर्डर' जैसी बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग के लिए पहचान बनाने वाले एक्टर विभव रॉय खुद को बॉलीवुड प्रेमी कहते हैं। एक्टर ने कहा, बॉलीवुड मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैं बॉलीवुड का बहुत बड़ा फैन हूं। यह कोई नया प्यार नहीं है लेकिन तब से मैंने जीवन में चीजों को समझना शुरू कर दिया है। वैभव ने कहा, "उदाहरण के लिए, जब भी मेरे जीवन में कोई घटना घटती है, तो मेरे दिमाग में एक बॉलीवुड संदर्भ होता है और इसे किसी न किसी बॉलीवुड सीन से जोड़ दिया जाता है।

**राजनीति** 2024 लोकसभा उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वेक्षण कराएगी अन्नाद्रमुक

# जिताऊ उम्मीदवारों पर लगाएगी दांव

**एजेंसी। चेन्नई**

अन्नाद्रमुक 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी द्वारा उतारे जा सकने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदान एजेंसी का गठन करेगी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के.अन्नामलाई और अन्नाद्रमुक नेतृत्व के बीच मुकाबला चरम पर होने के कारण पार्टी अगले आम चुनाव में गरीब उम्मीदवारों को मैदान में नहीं उतारना चाहती। पार्टी राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करना और सीटों के बंटवारे को लेकर सौदेबाजी भी करना चाहती है। बीजेपी ने 2019 के आम चुनाव में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में 5 सीटों पर चुनाव



लड़ा, लेकिन वह कोई भी सीट नहीं जीत सकी। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने अन्नाद्रमुक गठबंधन में 20 सीटों पर चुनाव लड़ा और 4 सीटों पर जीत हासिल की। गौरतलब है कि तमिलनाडु में विधानसभा की 239 सीटें हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की राय है कि तमिलनाडु में एक मजबूत सत्ता विरोधी लहर है और 2024 के आम चुनावों में डीएमके के नेतृत्व वाले मोर्चे को सीटें गंवानी पड़ेंगी। हालांकि डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन बार-बार अपने कार्यकताओं से 2019 के आम चुनावों में क्लीन स्वीप को दोहराने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए संवाद कर रहे हैं। अन्नाद्रमुक के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, सर्वेक्षण का विचार न केवल प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करना है, बल्कि तमिलनाडु में एनडीए गठबंधन की ताकत का आकलन करना भी है। अन्नाद्रमुक नेताओं के खुले तौर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के खिलाफ सामने आने से, पार्टी इस विवाद पर जनता की प्रतिक्रिया प्राप्त करना चाहती है। राज्य में भाजपा के साथ राजनीतिक गठबंधन होने के बावजूद अन्नाद्रमुक भी अपनी जमीन बरकरार रखना चाहती है। पार्टी यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि वह दक्षिण तमिलनाडु के जिलों के गढ़ों में अपनी ताकत न खोए, जहां थेवर समुदाय, जो कि अन्नाद्रमुक का पारंपरिक वोट बैंक है, मजबूत है। पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी समन्वयक ओ. पन्नीरसेल्वम, पूर्व अंतरिम महासचिव वी.के. शशिकला और उनके भतीजे और पार्टी के पूर्व विधायक टीटीवी दिनाकरण को अन्नाद्रमुक से निष्कासित किए जाने के बाद लगातार यह प्रचार चल रहा है कि एआईएडीएमके ने थेवरों के बीच अपना समर्थन आधार खो दिया है। गौरतलब है कि ये तीनों नेता थेवर समुदाय से हैं। अन्नाद्रमुक के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि सर्वेक्षण अक्टूबर में शुरू होगा और तीन से चार सप्ताह तक जारी रहेगा। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तृत सूक्ष्म-स्तरीय अध्ययन किया जाएगा और साथ ही विचाराधीन अन्नाद्रमुक के स्थानीय नेताओं के बारे में भी अध्ययन किया जाएगा।

## स्क्रीन पर दिखेगा कंगना रनौत का हॉरर अवतार 'चंद्रमुखी-2' का हिंदी ट्रेलर रिलीज

**बॉलीवुड** क्वीन कंगना रनौत जल्द ही एक नया धमाका लेकर दर्शकों के सामने आएंगी। अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को हैरान कर देते हैं। फैंस उनके हर लुक पर फिदा हैं। अब एक बार फिर एक्ट्रेस फिल्म चंद्रमुखी-2 के जरिए धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे उनके फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अब इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो गया है। चंद्रमुखी-2 के हिंदी ट्रेलर



में एक शख्स एक परिवार को 17 साल पहले की चंद्रमुखी की कहानी सुनाता नजर आ रहा है। इस ट्रेलर में कंगना रनौत की सिर्फ एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद नाटक की शुरूआत राघव लॉरेंस की एंट्री से होती है। राघव इस परिवार को चंद्रमुखी के चंगुल से बचाएगा। इस ट्रेलर में कंगना राजा वेत्तायन के दरबार में नर्तकी के रूप में नजर आ रही हैं। चंद्रमुखी-2 में अपने किरदार के लिए कंगना रनौत ने काफी मेहनत की है। इसके लिए कंगना ने इंडियन क्लासिकल डांस की ट्रेनिंग भी ली है। ट्रेलर देखने के बाद अब फैंस फिल्म के लिए उत्सुक हैं।